रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,897.34 -27.43

डॉलर 83.528 +0.018

रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,450
01 किलो 99,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 160, पृष्ठ-10 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-08 गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश...


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत

# नव-नियुक्त 1500 PGT शिक्षकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह



मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**डॉ. रामेश्वर उरांव**
मा0 मंत्री, वित्त, योजना एवं विकास,
वाणिज्य-कर एवं संसदीय कार्य विभाग,
झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
मा0 मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास, उद्योग विभाग,
झारखण्ड सरकार

**श्री बैद्यनाथ राम**
मा0 मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता,
उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,
झारखण्ड सरकार

दिनांक : 12 जुलाई 2024 (शुक्रवार), अपराह्न 12:30 बजे
स्थान : प्रभात तारा मैदान, धुर्वा, रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 329360 (School Education and Literacy) 2024-25

## एक नजर

### कल अभिनंदन समारोह में शामिल होंगे केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ



**सिल्ली।** 13 जुलाई दिन शनिवार को पतराहातु स्थित बैंक्वेट हॉल में भारतीय जनता पार्टी सिल्ली विधान सभा का बूथ स्तरीय कार्यकताओं का अभिनंदन समारोह रखा गया है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में तीसरी बार सरकार बनने पर प्रदेश नेतृत्व ने बूथ के कार्यकर्ताओं का अभिनंदन एवं सम्मानित करने निर्णय लिया है।ज्ञात हो कि कार्यकर्ता कड़ी मेहनत करके प्रत्याशी को चुनाव में जीत दिलाने का कार्य करते हैं ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत प्रदेश भाजपा के बड़े नेता शामिल होंगे। जिसकी जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दी।

### दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल का हुआ वितरण

**मांडर।** मांडर प्रखण्ड सभागार में गुरुवार को सामजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन कर दिव्यांग व्यक्तियों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। इसमें 25 लोगों के बीच ट्राई साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने ट्राई साईकिल का वितरण करते हुए कहा कि झारखण्ड सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर ला रही है। इससे पहले कभी इतनी योजना का लाभ जरुरतमंदों को नहीं मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि सही आदमी तक योजना ला लाभ पहुंचे इसके लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, प्रमुख फि लिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, शमीम अख्तर, आबिद अंसारी, तबारक खान, मगा उरांव, जमील मालिक, होसे उरांव, बंधु टोप्पो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### नेशनल लोक अदालत के तहत कल होगा समझौता शिविर का आयोजन

**रांची/ बरही।** व्यवहार न्यायालय हजारीबाग में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है. अदालत सुबह साढ़े दस बजे से संध्या तीन बजे तक संचालित होगा. जिसमे बैंक ऑफ इंडिया के एनपीए ऋणधारक अपने ऋण संबंधित केश या वाद का बहुत कम पैसे जमा कर निपटान कर सकते है. उक्त जानकारी बरही बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक आकाश कुमार सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि वैसे ऋणधरक जो किसी कारण वश अपना ऋण नही चुका पाए हैं और किसी भी कोर्ट या न्यायालय में वाद या केश लंबित हो. वह इस अदालत में उपस्थित होकर मामले का निःशुल्क निपटारा कर सकते हैं. उन्होंने बताया कि कई एनपीए खाताधारकों के खिलाफ बैंक ऑफ इंडिया ने वाद दायर कर दिया है।

## रंग लाया केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का प्रयास

# खलारी में केंद्रीय विद्यालय खुलने का रास्ता हुआ साफ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के कोयला उत्पादन क्षेत्र खलारी में एक बार फिर से केंद्रीय विद्यालय के खुलने का रास्ता साफ हो रहा है। इस निमित्त कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद ने केंद्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त निधि पांडे को पत्र लिखकर कार्रवाई का आग्रह किया है। इसकी जानकारी कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष ने आज कोलकाता में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ से मुलाकात कर दी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री मंत्रालय के दौरे पर कोलकाता में हैं। इस दौरान आज उनसे कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री को बताया कि खलारी में एक बार पुनः केंद्रीय विद्यालय आरंभ हो, इसे लेकर उन्होंने केंद्रीय विद्यालय संगठन को पत्राचार किया है। जिसमें यह बताया गया है कि उस क्षेत्र में कोल इंडिया के 2.25 लाख स्थाई कर्मचारी व एक लाख से अधिक कांट्रेक्चुअल कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। वहां कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक अच्छे विद्यालय की आवश्यकता है। 1980 से लेकर 2007 तक यहां केंद्रीय विद्यालय का संचालन हुआ है। वर्तमान समय में एक बार फिर से यहां केंद्रीय विद्यालय आरंभ किए जाने की आवश्यकता है। इस बाबत केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि खलारी में केंद्रीय विद्यालय खुले, यह उनका प्रयास है। इस निमित्त लंबे समय से पत्राचार चल रहा है। अब सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। श्री सेठ ने कहा कि बहुत जल्द इसके सार्थक और सकारात्मक परिणाम खलारीवासियों को देखने को मिलेंगे। वहां के बच्चों के लिए केंद्रीय विद्यालय आरंभ होगा।

## एसकेएमयू प्रशासन ने लाइब्रेरी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ दुमका**
सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने गुरुवार को एकेडमिक ब्लॉक पहुंचकर शिक्षकों के साथ गुरुवार को अनौपचारिक बैठक की। बैठक कर कुलपति डॉ सिंह ने शिक्षकों से विश्वविद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बातचीत की। मालूम हो कि विश्वविद्यालय के कई विभागों में पीजी सेमेस्टर-4 एवं 2 के छात्र-छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन एवं शोध प्रबंध का कार्य चल रहा है। कुलपति ने उपस्थित विभागाध्यक्षों से इसकी जानकारी ली। बातचीत के दौरान कुलपति डॉ सिंह ने कहा कि पुस्तक क्रय के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रत्येक विभाग को 50 हजार रुपये आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने विभागाध्यक्षों को सलाह दी कि छात्र-छात्राओं की जरूरत को ध्यान में रखते हुए विभागीय स्तर पर ही पुस्तकें क्रय करें। उन्होंने यह भी कहा कि एकेडमिक भवन में शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरा एवं अग्निशमन यंत्र लगाया जायेगा। इस दिशा में विश्वविद्यालय स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग में हुई, जिसमें विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### डॉ परमेश्वर भगत ने युवाओं के बीच वॉलीबॉल व नेट किया वितरित



**मांडर।** मांडर प्रखंड के ग्राम सकरा में क्षेत्र भ्रमण के दौरान डॉ भगत ने युवाओं के बीच वॉलीबॉल एवं नेट का वितरण कर खिलाड़ियों के मनोबल को और बढ़ाने के लिए कहा की पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है खेल से शरीर स्वस्थ रहता है साथ ही करियर भी बनाया जा सकता है। इसी दौरान मांडर प्रखंड के ग्राम सकरा के युवाओं, बुद्धिजीवी एवं अगवागनो से डॉ परमेश्वर भगत ने सम्मिलित रूप से बैठक की। बैठक में आम जनों के द्वारा अनेक तरह के समस्याओं से डॉ भगत को अवगत कराया गया जिसमें सबसे मुख्य समस्या क्षेत्र में बेरोजगारी, जर्जर पड़ी सड़कें, बिजली कटौती, प्रखंड/अंचल में बिचौलियो का बोल बाला, स्कूलों में शिक्षक की कमी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ना मिलना एवं अन्य विभिन्न समस्याएं हैं। डॉ भगत ने सभी समस्याओं से अवगत होने के पश्चात लोगों को भरोसा दिलाया कि इन सभी समस्याओं का निराकरण के लिए जल्द ही वरीय पदाधिकारी से मिलकर ठोस कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या से किसान हलकान

### शीघ्र बारिश नहीं हुई तो धान का बिचड़ा सूखकर हो जाएगा बर्बाद



**मांडर/चान्हो।** भारत में तो मानसून जुन के शुरूआत में ही प्रवेश कर जाती है। झारखंड में भी 15 जुन के आसपास प्रवेश कर जाती है। बारिश का इंतजार बहुत शिद्दत से करते हैं। इस बार मौसम विभाग का पूर्वानुमान था कि अच्छी बारिश होगी। लेकिन क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण एक बार फिर से क्षेत्र के किसानों में सूखे का भय व्याप्त होने लगा है। आसमान में बादलों को उमड़ता देख किसानों को लगता है कि शायद आज पानी से खेत भर जाएगी। पर कुछ ही घंटे बाद चिलचिलाती धूप देख लोगों की उम्मीद टूट जाती है। बारिश की शुरूआत में एक-दो दिन की हुई बारिश को देख लोगों ने धान का बिचड़ा तो छींट दिया पर अब वह बिचड़े खराब होने के कगार पर हैं। खास कर उन किसानों के जिनके पास बिचड़े को पटाने के लिए पानी की सुविधा नहीं है। अगर 5 - 7 दिन यही हालात रहे तो 25 से 30 पर्सेंट किसानों के बिचड़े खराब होने तय हैं। खेतों की मिट्टी सूख गई है। अगर बिचड़ा तैयार नहीं हो पाया और बाद में अच्छी बारिश होगी भी तो किसान रोपा रोपने से वंचित हो जायेंगे। यहां की मुख्य खाद्यान चावल ही है। ऐसे में धान की फसल अच्छी नहीं हुई तो किसानों के साथ दूसरे व्यवसाय भी प्रभावित होता है।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन




**मांडर।** राजकीय मध्य विद्यालय कंदरी में गुरुवार को स्कूल प्रबन्धन समिति का पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। इसमें अनिता देवी को अध्यक्ष और अफरोज अंसारी को उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बी पी ओ, उप प्रमुख अमानत अंसारी, मुस्लिम अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मांडर में खुलेगा ग्राम न्यायालय, झारखंड के मुख्य न्यायधीश करेंगे उद्घाटन

**मांडर।** मांडर में ग्राम न्यायालय बनकर तैयार है। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ. विद्युत रंजन सारंगी इसका उद्घाटन कर सकते हैं। मांडर का ग्राम न्यायालय कई मायनों में अहम होगा। ग्रामीणों को न्याय के लिए शहर का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। ग्राम न्यायालय खुलने से मांडर के साथ ही चान्हो, मांडर, बुड़मू, खलारी, बेडो, लापुंग, इटकी, रातू और ठाकुरगांव के लोगों की अदालतों पर भी भार कम होगा। इससे पहले 27 फरवरी 2016 को कोडरमा के तिलैया में राज्य का पहला ग्राम न्यायालय शुरू हुआ था। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि यह इस क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। लोगों को अपने क्षेत्र में ही न्याय मिलेगा। साथ ही न्यायिक प्रक्रिया में भी तेजी आएगी। लोगों को थोड़ा ज्यादा इंतजार करना पड़ा। लेकिन अब काफी सुविधा होगी। ग्राम न्यायालय की बिल्डिंग करीब दो साल से तैयार है। उद्घाटन के लिए परिसर की साफ-सफाई और रंग-रोगन किया जा रहा है। बता दें कि पहले जिस बिल्डिंग में मांडर प्रखंड और अंचल कार्यालय चलता था, उसे ही जीणर्णोद्धार कर ग्राम न्यायालय बनाया गया है। प्रखंड और अंचल कार्यालय नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो चुके हैं। ग्राम न्यायालय के उद्घाटन को देखते हुए रांची के डिस्ट्रिक्ट जज दिवाकर पांडेय और डालसा सेक्रेटरी कमलेश बेहरा ने कुछ पहले भवन का निरीक्षण किया था। बुधवार को वरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया और समय पर काम पूरा करने को कहा।

### सहारा इंडिया के मंडल प्रमुख शादी समारोह में हुए शामिल



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत मंगलवार के दिन बड़ा मुरी निवासी मनोज कुम्हार के पैतृक आवास पर उनकी पुत्री की शादी समारोह में सहारा इंडिया के रांची मंडल प्रमुख संजीव कुमार शामिल हुए। शादी समारोह में शामिल होकर उन्होंने वर वधु को आशीर्वाद दिया तथा उनके दांपत्य जीवन सुखमय हो की कामना की। इस मौके पर सहारा इंडिया मुरी एफसी के प्रबंधक गौरांग कोईरी, पतराहातू एफसी प्रबंधक राजेश कोईरी, गोंन्दलीपोखर एफसी के प्रबंधक मंगल खलको, वरिष्ठ कार्यकर्ता हिरण्य कुईरी, सदानंद सोनार, मोहम्मद अजीम, अमित कुमार, कमलेश दुबे, रथु महतो, संजय महतो, दिनेश महतो, वासुदेव महतो समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों की सहमति के बिना नहीं होने दिया जाएगा रोहिणी परियोजना का विस्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सीसीएल के रोहिणी परियोजना खदान के विस्तारीकरण से पहले ही स्थानीय रैयत विस्थापितों का विरोध शुरू हो गया है। इसे लेकर गुरूवार को ढुब देवी मंडप मैदान में तुमांग के रैयत विस्थापित एकत्र हुए। रैयतो ने कहा कि रोहिणी परियोजना के खदान का विस्तारीकरण में अभी भी कुछ रैयत विस्थापित को जमीन के बदले नौकरी मुआवजा मिलना बाकी है। इसके अलावा रैयत विस्थापित के रोजगार, विस्थापन व पुनर्वास पर भी प्रबंधन की कार्यशैली विश्वास के लायक नहीं है। इस मुद्दे पर प्रबंधन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने रोश जताते हुए कहा कि रोहिणी प्रबंधन परियोजना विस्तारीकरण को लेकर किसी भी ग्रामीण के साथ न तो वार्ता कर रही है न ही कोई ठोस जानकारी दिया गया है। बिना ग्रामीणों के सहमति के प्रबंधन वर्कशाप के बगल में मशीन चलाने का प्रयास भी करने लगा है जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि परियोजना विस्तारीकरण में 15 हेक्टेयर जमीन के अंतर्गत में प्रबंधन बिना ग्रामीणों के सहमति के कोई भी कार्य करता है तो रैयत विस्थापित प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध करेगा। नौकरी, मुआवजा, रोजगार पुनर्वास तथा देवी मंडप सहित कई धार्मिक व सांस्कृतिक स्थान है जिसका विस्थापन होना है। विरोध करने वालों में शिवनाथ भोगता, उमेश लोहरा, लालमणि भोगता, शिवनाथ भोगता, श्रावण भोगता, सूरज लोहरा, श्रवण भोगता, छोटन भोगता, कृष्णा गंझु, रवि भोगता, सोनू लोहरा, रवि गंझु, राजू भोगता, छोटू गंझु, जगन्नाथ लोहरा, रघुनाथ लोहरा, संजय भोगता, राहुल भोगता, राजेंद्र भोगता, बिनोद गंझु, पिंकी देवी, सुकरमणी देवी, रूबी देवी, मंजु देवी, फूलमनी देवी, उषा देवी, कौशिला देवी, सावित्री देवी, उगनी देवी, चरकी देवी, शान्ति देवी, सविता देवी सहित ढुब पेटपेट के रैयत विस्थापित मौजूद थे।

### जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

## देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बेहद जरूरी : अर्चना महतो



**रांची/ रामगढ़।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को जिला समाहरणालय के समक्ष धरना दिया गया। धरना के उपरांत प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्री मांग पत्र डीसी को सौंपा गया। धरना को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव अर्चना महतो ने कहा कि अंधाधुंध संतानोत्पत्ति करने की प्रवृत्ति पर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अंकुश लगाने में एक-एक पल की देरी भारत और भारतीय संस्कृति के लिए पूर्व की भांति ही विघटनकारी साबित हो सकती है। एक वर्ग विशेष द्वारा रणनीति के तहत जानबूझकर बढ़ाई जा रही जनसंख्या और सनातन समाज की युवा पीढ़ी में एक बच्चे तक सीमित रहने की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में 6 वर्ष से कम वायु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकना दिखने लगा है। भारत जनसंख्या में धार्मिक असंतुलन के कारण हुए विघटन के दंश का प्रत्यक्ष भुक्त भोगी है। परंतु पूर्व की सरकार की विभाजन के तुरंत बाद से जारी तुष्टिकरण की नीति के चलते अब फिर से वैसी ही स्थिति निर्मित होती दिखाई दे रही है। जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के प्रदेश महासचिव अर्चना महतो के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया।

# स्वास्तिक पेट्रोल पंप में तोड़ फोड़ व चोरी, मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी थाना क्षेत्र के डकरा स्थित स्वास्तिक पेट्रोल पंप में अज्ञात अपराधियों ने तोड़ फोड़ व चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना बुधवार रात की है। बताया गया कि रात करीब 2.30 बजे छह अपराधी डंडा, चाकू, गुलेल व बैग में कुछ उपकरण लेकर चेहरा ढके पेट्रोल पंप पहुंचे। जहां उन्होने पंप में खड़े बस संख्या जेएच01एफक्यू/6559 से डीजल चोरी किया। उसके बाद पंप में तेल डालने के लिए खड़े टैंकर जेएच03टी/2563 से भी टैंकर के उपर का ढ़क्कन खोलकर तेल चोरी किया। तेल चोरी होता देख पंप के गार्ड ने जब चोरी का विरोध किया गया तो अपराधियों ने गार्ड पर गुलेल व पत्थर से हमला कर दिया। गार्ड किसी तरह आफिस के कमरा में जाकर अपनी जान बचाया। वहीं अपराधियों ने पेट्रोल पंप को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से उपभोक्ता क्रय कमरा का सीसा, यार्ड लाइट व सीसीटीवी कैमरा को तोड़ दिया। अपराधियों ने नोजल मशीन से भी तेल निकालने का प्रयास किया और नोजल मशीन को क्षति पहुंचाया। गुरूवार को सूचना पाकर खलारी थाना पुलिस पट्रोल पंप पहुंची और घटना की जानकारी ली। घटना को लेकर गजेन्द्र तिवारी द्वारा खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

## होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# नशे के प्रयोग से युवाओं पर पड़ रहा खराब असर



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**
गुरुवार को हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर जागरूकता सह संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अयोजन कर्ता केंद्रीय मनोचिकत्सा संस्थान कांके के डॉ तुषा ने बतलाई की नशीले पदार्थ (तंबाकू और शराब) के सेवन से आज कई तरह की बीमारियां होते जा रही है। उन्होंने बतलाया कि तंबाकू या शराब जानलेवा होता है। इनका सेवन से कैंसर होता है। किडनी और लिवर खराब हो जाती है। आज कल युवा वर्ग के लोग नशे का ज्यादा प्रयोग करते हैं जो आये दिन मृत्यु के शिकार होते जा रहे हैं। अपने समाज परिवार में कई तरह की बदनामी आती है क्योंकि नशे में लोग क्या करते हैं कुछ भी पता नहीं रहता है। इसलिए हम लोगों को नशा नहीं करना चाहिए बल्कि अपने समाज में नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों के इसके बारे में जागरूक करना चाहिए।

**लोगों को नशा नहीं करना चाहिए बल्कि अपने समाज में नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों के इसके बारे में जागरूक करना चाहिए**

डॉक्टर आलोक मरांडी ने बतलाया कि अत्यधिक स्मार्टफोन और इंटरनेट के उपयोग से क्या क्या नुकसान हो सकते हैं। फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट से आंख तो कमजोर होती ही है, साथ में एंग्जायटी और एग्रेशन जैसी कई गंभीर बीमारियां भी हो सकती है। इस बीच डॉ शान बाग, सोनिका दीपा गाड़ी, कामेद्र कुमार, आनंद प्रसाद, धनंजय हेंब्रम, एलेक्स सोलोमन कच्छप, स्कूल के निदेशक आलोक बिपीन टोप्पो,महावीर उरांव लक्ष्मी देवी परिनिति तिर्की पुनित खलखो शालिनी तिर्की नूतन टोप्पो अभिभावक महादेव उरांव नॉवेल टोप्पो और सैकड़ों के संख्या में बच्चे उपस्थिति थे।

## पहल


## तेरह दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

# महिलाओं को योजनाओं की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनाएं : धीरज कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 32 दिवसीय कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन एंटरप्राइज प्रमोशन एवं 13 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। मुख्य अतिथि वीना देवी जिला उपाध्यक्ष रांची, धीरज पांडे बीएसपी नोडल ऑफिसर रांची, प्रमोद कुमार जिला प्रबंधक उद्यमिता विकास रांची, प्रेम कुमार ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर सिल्ली के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 52 जीआरपी महिलाओं ने भाग लिया। अथिति श्रीमती बीना देवी ने यह संदेश दिया की आप सभी लोग प्रशिक्षण के बाद अपने क्षेत्र में मेहनत और इमानदारी से अपना कार्य करे और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को व्यवसाय से जोड़ने और आगे बढ़ाने में सहायता करें। धीरज कुमार पांडे ने यह कहा कि आज के समय में सरकार की बहुत सारी योजनाएं चल रही है जिसके बारे में गांव की महिलाएं को मालूम नहीं है आप सभी को यह प्रशिक्षण इसलिए दिया जा रहा है कि प्रशिक्षण के बाद गांव में जितने सखी मंडल दीदी हैं उनको बताना है और सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक कर आगे बढ़ाना है। वर्तमान समय में योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना बहुत ही जरूरी है। केनरा बैक सिल्ली के शाखा प्रबंधक राजू उरांव ने बैंक के विभिन्न योजना के बारे में और खाता खोलने से संबंधित जानकारी दिए। रूडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह कहा कि संस्थान में 64 प्रकार के प्रशिक्षण निशुल्क दिए जाते हैं आगमी चलने वाला प्रशिक्षण फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी 10 दिवसीय और और सिलाई प्रशिक्षण 30 दिवसीय जल्द शुरू होने जा रहा है यह संदेश देते हुए अथिति का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पाठ का हुआ शुभारंभ



**रांची/ दारु।** प्रखंड क्षेत्र के छोटका इरगा मे श्रीमदभागवत पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस पाठ के प्रथम दिन गुरुवार को प्रभु के जयकारे के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। इस यात्रा मे भैया राहुल सिन्हा उनकी पत्नी नूतन सिन्हा और माता रीता सिन्हा के साथ बड़ी संख्या मे महिलाओं श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर छोटका इरगा से बक्शीडीह छठ तालाब तक गयी जहां आचार्य श्रीनिवास शर्मा ने विधिवत पूर्वक मंत्रोचरण के साथ पूजा करा कर कलश मे जल भरवाया। कलश लेकर महिलाओ वापस पूजा स्थल आयी जहाँ पर अनुष्ठान को प्रारम्भ किया गया। इस बारे मे आचार्य ने बताया की सात दिनों तक चलने वाला इस पाठ मे भगवान बिष्णु के दस अवतार का चित्रण और प्रभु श्रीकृष्ण के द्वारा सृष्टि के हित मे बताई गयी बातो को पाठ के माध्यम से श्रद्धालुओ को बताया जायेगा। इस पाठ का समापन 18 जुलाई को भंडारे के आयोजन के साथ किया जायेगा। कलश लेने वालो मे रत्ना सिन्हा, अनुराधा कुमारी, रंजीता सिन्हा, पूजा चौरसिया सहित दर्जनों अन्य महिलाएं शामिल थी।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 79,897.34 −27.43
डॉलर 83.528 +0.018
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,450 | 01 किलो 99,000

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 160, पृष्ठ-10 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश...

## न्यूज ब्रिफ

### रांची विवि का 65वां स्थापना दिवस आज

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का 65वां स्थापना दिवस 12 जुलाई को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रहेंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना शामिल होंगे। रांची विश्वविद्यालय झारखंड का सबसे पुराना और पहला विश्वविद्यालय है।

### जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल

**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 13 जुलाई को सहजानंद चौक स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने गुरुवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण है। बैठक में पार्टी के जिला, नगर अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, पूर्व विधायक और पार्टी से पूर्व में चुनाव लड़े उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे।

### रांची में तैनात किए गए 200 अतिरिक्त जवान

**रांची।** पुलिस मुख्यालय ने रांची में अपराध पर अंकुश लगाने और विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए दो सौ अतिरिक्त जवानों को तैनात किया है। इन अतिरिक्त जवानों को एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में लगाया जाएगा। इसके अलावा, पेट्रोलिंग में भी जवानों को लगाया जाएगा।

### हेमंत सोरेन ने सुनी आमलोगों की शिकायतें और समस्याएं

# जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : सीएम

**कहा, राज्य हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा**

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं का यथोचित एवं त्वरित समाधान कराने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर लोगों से मुलाकात की।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं एक-एक लोगों से उनके आवेदनों को लिया और उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हर क्षेत्र में तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। लोगों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है।



### कई महत्वपूर्ण नीतियां बनीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोगों से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्ष में उनकी सरकार गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचकर जन समस्याओं को सुलझाने के प्रयास कर रही है। उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण नीतियां बनाई हैं। सरकार की संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। इन सभी प्रभावी नीतियों तथा योजनाओं का सीधा लाभ आम जनमानस को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार मूलभूत तथा बुनियादी सुविधाओं को लोगों के घर-आंगन तक पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी के सहयोग, सहभागिता और आशीर्वाद से ही विकसित एवं समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को पूरा किया जा सकेगा।

### स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों (पीजीडी) के अनुशंसित सात विषयों यथा, हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित एवं इतिहास विषय के सफल अभ्यर्थियों के बीच 12 जुलाई को अपराह्न 12:30 बजे से प्रभात तारा मैदान, धुर्वा में नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री वैद्यनाथ राम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# विधायक सरयू राय ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**मैनहर्ट घोटाला**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मैनहर्ट घोटाला को लेकर विधायक सरयू राय ने गुरुवार को रांची के डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में विस्तारपूर्वक तथ्यों को देते हुए सरयू राय ने डोरंडा थाना प्रभारी से आग्रह किया कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार इसकी जांच शीघ्र की जाए। मैनहर्ट घोटाला के दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि विधायक की ओर से आवेदन दिया गया है। एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मेनहर्ट घोटाला के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के जांचोपरांत सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं करने के संबंध में विधायक सरयू राय के जरिये झारखंड हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की गयी थी। इस रिट याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। साथ ही, सरयू राय को निर्देश दिया था कि वह किसी पुलिस थाना में प्राथमिकी दायर करें, अथवा किसी सक्षम न्यायालय में मुकदमा दायर करें। इसके बाद विधायक सरयू राय ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज 14 जुलाई व हिमंता 16 को आएंगे झारखंड

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा सक्रिय हो गई है। इसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान 14 जुलाई और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह-प्रभारी हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची पहुंचेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों नेता तैयारियों की समीक्षा करेंगे। शिवराज 14 जुलाई को रांची में पार्टी की ओर से खिजरी विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह और विजय संकल्प सभा में हिस्सा लेंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से छह जुलाई से विधानसभावार कार्यकर्ता अभिनंदन व विजय संकल्प सभा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा। हिंमता विश्व सरमा 16 जुलाई को रांची में विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 20 जुलाई को गृहमंत्री अमित शाह विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। इस बैठक में मंडल स्तर के कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। अमित शाह की बैठक को लेकर दोनों ही प्रभारी तैयारी की समीक्षा करेंगे।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

### आज | कल




### लैंड जिहाद के नाम पर घटाई जा रही आदिवासी आबादी

# संथाल परगना में आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/पाकुड़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को पाकुड़ में राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि ठगबंधन सरकार की तुष्टीकरण नीति में घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। आदिवासी आबादी खतरे में है। ऐसा लगता है कुछ दिनों में अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने 1951 से लेकर 2011 तक हुई जनगणना रिपोर्ट को रखते हुए कहा कि यह भारत सरकार की सेंसस रिपोर्ट है, जो नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से पहले की है। उन्होंने कहा कि आज जनसंख्या दिवस है और आंकड़े बताते हैं कि कैसे संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही और मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित ढंग से बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि 1951 में संथाल परगना में आदिवासी आबादी 44.67 प्रतिशत, मुस्लिम आबादी 9.44 प्रतिशत और सामान्य आबादी 45.91 प्रतिशत थी। आज 2011 की जनगणना रिपोर्ट को देखें, तो मुस्लिम आबादी ढाई गुना वृद्धि के साथ 22.73 प्रतिशत हो गई, जबकि आदिवासियों की आबादी 44.67 प्रतिशत से घटकर 28.11 प्रतिशत



हो गई। यहीं पर सामान्य आबादी 45.9 प्रतिशत से 49.2 प्रतिशत तक ही बढ़ी।

उन्होंने कहा कि स्पष्ट है कि संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी को लव जिहाद, लैंड जिहाद के नाम पर सुनियोजित तरीके से घटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ की स्थिति तो भयावह है। एक विधानसभा क्षेत्र में 50 हजार मतदाता बढ़ गए। लगभग 123 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आखिर यह अप्रत्याशित वृद्धि कैसे हुई। भाजपा वोट बैंक की राजनीति नहीं करती।

**1951** से लेकर 2011 तक हुई जनगणना रिपोर्ट को रखते हुए कहा कि यह भारत सरकार की सेंसस रिपोर्ट है, जो नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से पहले की है

**50** हजार मतदाता बढ़ गए है एक विधानसभा क्षेत्र में, लगभग 123 प्रतिशत की हुई वृद्धि

भाजपा देश के लिए राजनीति करती है। राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ हम काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि जब जनसंघ का गठन हुआ था, उसी समय से हम अनुच्छेद 370 का विरोध करते थे, भले हमारी राजनीतिक ताकत कम थी। हमने देश के मुद्दों पर कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए भी देश के विरोधी हैं। अनेक देशों ने घुसपैठियों को बाहर किया है। पाकिस्तान ने भी अफगानिस्तानियों को बाहर किया है, भले वे मुस्लिम ही क्यों न हों।

उन्होंने कहा कि राज्य में घुसपैठ की समस्या को उच्च न्यायालय ने भी गंभीर माना है। सभी जिला उपायुक्तों को इस दिशा में कारवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तुष्टीकरण छोड़ घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कारवाई करे। उनका संरक्षण बंद करे।

**निर्णय**

### झारखंड में पांच चरणों में नहीं होगा चुनाव : के रवि कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/रामगढ़।** द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में केंद्रीय



चुनाव आयोग के उपचुनाव आयुक्त ने एक बड़ा निर्णय लिया है। गुरुवार को बैठक के दौरान यह बात स्पष्ट हो गई है कि झारखंड में पांच चरणों में चुनाव नहीं होंगे। यहां कितने चरणों में चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी, इसकी घोषणा जल्द ही होगी। बैठक से बाहर निकल राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने इस बात की जानकारी दी। ीडिया से बात करते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाना है। ऐसे सभी वोटरों को इसमें शामिल करना है, जो 18 वर्ष से ऊपर हो चुके हैं। बीएलओ घर-घर जाकर लोगों से बात कर रहे हैं। झारखंड में हर व्यक्ति को वोटर लिस्ट में जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा।

### चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में फटा बॉयलर

# बड़ा हादसा : 4 मजदूर झुलसे 2 लोगों की हालत काफी गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड में रामगढ़-हजारीबाग की सीमा पर स्थापित चिंतपूर्णी स्टील प्लांट का बॉयलर फटने से चार मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा बुधवार देर रात लगभग 2:30 बजे हुआ है। आनन-फानन में चारों को इलाज के लिए रामगढ़ लाया गया। दो मजदूरों को रामगढ़ के होप हॉस्पिटल और दो को रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्लांट प्रबंधन ने बताया कि बॉयलर में जाम होने के कारण अचानक स्पार्क हुआ और बहुत तेज आवाज के साथ फट गया। बॉयलर से निकले गैस से वहां काम कर रहे मजदूर झुलस गए हैं। फैक्ट्री के भट्टी में लोहा गलने का काम चलता रहता था। बुधवार की देर रात लगभग 2:30 बजे भट्टी में विस्फोट हो गया, जिससे वहां काम कर रहे मुन्ना प्रसाद यादव और जितेंद्र यादव गंभीर रूप से झुलस गए। वह दोनों बिहार राज्य के गया जिले के रहने वाले हैं। प्लांट में जब विस्फोट हुआ था, तो उसकी आवाज मांडू बाजार तक पहुंची थी। मांडू थाने में तैनात पुलिस पदाधिकारियों ने भी वह आवाज सुनी। पहले तो लगा कि जैसे पास में कोई बम फट गया। लेकिन, बाद में पता चला कि प्लांट में विस्फोट हुआ है। घटनास्थल पर प्रबंधन की ओर से कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसकी वजह से मजदूरों को काफी परेशानी हुई। घायल मजदूर दर्द से चीखते रहे, लेकिन राहत बचाव कार्य शुरू नहीं हो पाया। मजदूरों को अस्पताल पहुंचने में भी काफी समय लगा। प्लांट प्रबंधन के लापरवाही पर मजदूरों का गुस्सा फूटा। मजदूर प्लांट का गेट जामकर आंदोलन पर उतर गए थे। वे लोग उचित मुआवजा और इलाज की मांग कर रहे थे। घायल मजदूर मुन्ना प्रसाद यादव के भाई मनीष यादव ने बताया कि हादसे के बाद वह सहायता के लिए भटकते रहे। उनका भाई भट्टी में काम कर रहा था जब हादसे के बाद फैक्ट्री कमेटी से कोई मदद नहीं मिली। प्रबंधन उपेक्षा कर रहा है। वहीं, घटना के बारे में फैक्ट्री संचालक संतु भाई मानिक ने बताया कि मामूली दुर्घटना हुई है। दो



### उपायुक्त ने दिया जांच का आदेश

चिंतपूर्णी स्टील प्लांट में बॉयलर फटने की घटना पर जिला प्रशासन भी गंभीर है। डीसी नैंसी सहाय ने तत्काल अधिकारियों की टीम प्लांट में भेजी। वहां अधिकारियों ने बताया कि चार मजदूर घायल हुए थे, जिसमें दो लोग की हालत गंभीर है। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। क्या तकनीकी खामी प्लांट में थी और किस तरह की लापरवाही बरती गई है, इस पर अधिकारियों की टीम जांच कर रही है।

**इंडिया**


# मेट्रो युग आए या फ्लाईओवर में अटके झारखंड?

हमारे मूल राज्य बिहार की राजधानी पटना में डेढ़ दर्जन से अधिक फ्लाई ओवर के बाद मेट्रो रेल परियोजना अंतिम



सुनील बादल

दौर में है और हम 24 सालों में 13 सरकारों के बाद आधा दर्जन फ्लाई ओवर बनते देख खुश हैं कि चलो अब कुछ हो रहा है जिससे राजधानी की सभी 6 सड़कों पर ट्रैफिक के साथ युद्ध नहीं लड़ना पड़ेगा ! स्राजधानी में रातू से अंदर आने वाले हजारों ऑटो रेल के डिब्बे की तरह जुड़े दिखते हैं और इस सबसे भारी ट्रैफिक वाले रूट में दशकों से जाम लगता रहा है ।अब तो लोगों ने इसे अपने दुर्भाग्य की तरह स्वीकार कर लिया है ।कहने को ट्रैफिक पुलिस के जवान बढ़ते जा रहे हैं पर वे तत्पर होने के बजाय आसपास के होटलों में बैठकर रांची से बाहर की गाड़ियों को पकड़ने की ही जुगत में लगे रहते हैं और



उनके सामने से बिना परमिट ऑटो,नो एंट्री में ट्रैक्टर,कथित ग्रामीण सिटी बस, दबंगों की कोच या एसी बसें गुजरती रहती हैं । अब ट्रैफिक / पुलिस के कोई भी वरीय अधिकारी गश्ती में नहीं देखे नहीं जाते जिनका डर हो । जब राजधानी में ऐसा नजारा है तो अन्य शहरों की बात ही क्या ? हजारीबाग़ में दो पहिया वाहन चालक और सवारी बिना हेल्मेट घूमते हैं । रांची में सभी बड़े अधिकारियों और नेताओं के रहने से आशा थी कि इस सबसे धनी राज्य की राजधानी श्रेष्ठतम ना सही अच्छी होगी पर इसकी हालत एक बड़े गांव जैसी हो गई है जहां सड़क किनारे सब्जी और मनमानी पार्किंग से बाहर के निवेशक क्या यहां की युवा पीढ़ी भी यहां आना नहीं चाहती । यहां के बड़े अधिकारी और नेता मानते हैं कि समस्या है पर स्थायी समाधान के लिए मेट्रो उनकी प्राथमिकता में नहीं है । मेट्रो ने जिस प्रकार वीरान गुरुग्राम को बहुराष्ट्रीय कंपनियों का हब बना दिया, नोएडा को दूसरी दिल्ली तो दिल्ली एनसीआर को विश्वस्तरीय नगर उस दौड़ में हम बहुत पीछे हैं । कुछ विद्वानों ने रांची में ऊपर की लटकी पटरी पर चलने वाली भारत के असफल मोनो रेल और अत्याधुनिक लूप रेल पर समय बर्बाद किया और पब्लिक का पैसा भी जबकि मेट्रो की जमीन के अंदर और बाहर चलने की अनूठी सुविधा यहां के लिए वरदान साबित हो सकती थी ।एक अधिकारी ने हास्यास्पद जवाब दिया कि यहां जमीन के अंदर पत्थर हैं इसलिए मेट्रो संभव नहीं ,दूसरे ने बताया कि यहां पैसेंजर कहां हैं ? छोटा शहर है न ! मेट्रो संभावनाओं के द्वार खोलता है और यदि क्रमवार इसे रामगढ़ हजारीबाग़ से कोडरमा तक तो दूसरी ओर गुमला, जमशेदपुर डाल्टनगंज जैसे शहरों को जोड़ दिया जाए तो यह स्वर्ग बन जाए और आइटी से लेकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों तथा बड़े निवेशकों की पहली पसंद भी पर संभवतः कुछ लोग इसे पूर्व के उपनिवेश की तरह दोहन स्थल बनाकर रखना चाहते हैं और नीति निर्धारकों को भ्रमित करते हैं । पटना मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर (कंकड़बाग के मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक) को मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 2 लाइनों और 24 स्टेशनों वाला पटना मेट्रो बिहार की राजधानी और सबसे बड़े शहर पटना में निर्माणाधीन एक शहरी मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) है।पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएमआरसीएल)। 30.91 किमी पटना मेट्रो के चरण 1 परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) राइट्स द्वारा तैयार की गई थी और 9 फरवरी, 2016 को बिहार राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित की गई थी।

इस परियोजना को 6 फरवरी, 2019 को केंद्र सरकार की मंजूरी मिली और पीएम मोदी ने 17 फरवरी, 2019 को इसकी आधारशिला रखी।इस परियोजना को आंशिक रूप से जापान अंतरराष्ट्रीय सहयोग एजेंसी (जेआईसीए) से आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) ऋण के माध्यम से वित्तपोषित करने की योजना है।अनुमानित लागतः 13,365.77 करोड़ रुपये
अनुमानित सवारियाँ : 2.10 लाख/दिन (2026) । पटना विकास का नया इतिहास लिखने की ओर अग्रसर है और हम प्रयोगों में उलझे हैं ।

### हाई कोर्ट में याचिका पर हुई सुनवाई

# रांची विवि के गेस्ट फैकेल्टी को नौकरी से हटाने पर रोक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के गेस्ट फैकेल्टी की ओर से दायर याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत देते हुए रांची यूनिवर्सिटी को निर्देश दिया है कि इन गेस्ट फैकल्टी को अभी नहीं निकला जाए। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि रांची यूनिवर्सिटी में नीड बेस असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में आगे की प्रक्रिया जारी रखी जा सकती है। इस मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को होगी।




- कोर्ट ने मामले में रांची यूनिवर्सिटी को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने मामले में रांची यूनिवर्सिटी को शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। रांची विश्वविद्यालय के गेस्ट फैकेल्टी अरविंद कुमार एवं अन्य की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है।

शेष पेज 11 पर

## विश्व जनसंख्या दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जनसंख्या वृद्धि रोकने को गांव-गांव में चलाना पड़ेगा जागरूकता अभियान : सीपी सिंह

*विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान*

*सुखी जीवन जीने के लिए परिवार नियोजन आवश्यक*





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर गुरुवार को सदर अस्पताल रांची के सभागार में 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपति की शान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक सीपी सिंह ने कहा कि 'हम दो, हमारे दो' का नारा अपने पठन-पाठन के दौरान सुनता था। तब से देखता आ रहा हूं कि शिक्षित लोग इस पर ध्यान देते हैं। मगर जो कम पढ़े-लिखे लोग हैं, उनका ध्यान परिवार नियोजन पर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि बंटवारा होते-होते जमीन सीमित होते जा रही है। आज भारत खाद्यान्न पर आत्म निर्भर है, दूसरे देशों को भारत खाद्यान्न निर्यात कर रहा है। मगर जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, कहीं ऐसा न हो कि हमें खाद्यान्न आयात करना पड़े। भोजन, वस्त्र, आवास, कॉलेज, हॉस्पीटल और तमाम तरह की जरूरतें जनसंख्या बढ़ने पर सबके लिए उपलब्ध हो पाना कठिन हो जाएगा। अभी के समय में हर व्यक्ति को परिवार नियोजन अपनाना चाहिए। इसके लिए लोगों को जागरूक करना पड़ेगा। मगर यह जागरूकता इस तरह के सेमिनार, संगोष्ठी करने से नहीं आएगी, बल्कि हाट-बाजार में, मेलों में, दूर कस्बों में जाकर जागरूकता लाने के लिए अभियान सतत रूप से चलाना होगा। गांव-गांव तक जागरूकता कार्यक्रम चलाना पड़ेगा।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि पूरे देश के संसाधन का चालीस प्रतिशत सिर्फ झारखंड में उपलब्ध है, मगर ये संसाधन और तीस से चालीस साल ही चलेंगे। तब क्या होगा, भावी पीढ़ी को संसाधन की कमी का रोना पड़ेगा। और इन सबके जड़ में होगी जनसंख्या की बेतहाशा वृद्धि। जल, जंगल, जमीन, हवा सभी प्रदूषित होते जा रहे हैं। समुद्र में प्लास्टिक की मात्रा बढ़ गई है। माइक्रो प्लास्टिक की मात्रा हमलोगों के लीवर में बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या में जिस रफ्तार से वृद्धि हो रही है, इससे अनुमान लगाया गया है कि 2060 के आते-आते भारत की आबादी एक सौ सत्तर करोड़ हो जाएगी। जनसंख्या का नियंत्रण उन आदिम जनजाति के लिए नहीं है, जिनकी आबादी कम है। किसी भी समुदाय की आबदी उतनी होनी चाहिए, जिससे कि उसकी सभ्यता, संस्कृति, पहचान, अस्मिता में कोई बाधा न हो। अब जनसंख्या का डाटा बेस तैयार किया जा रहा है। परिवार नियोजन करने से महिला सुरक्षा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। सही समय पर विवाह करना चाहिए, पहला बच्चा देर से होनी चाहिए तथा पहले बच्चे से दूसरे बच्चे में पांच से सात वर्ष का अंतराल होना चाहिए। पुरुषों की नसबंदी में किसी भी प्रकार का टांका, चीरा नहीं लगता है। वे दूसरे दिन से ही काम पर जा सकते हैं। मगर, महिलाओं को कुछ दिन आराम की आवश्यकता होती है। फिर भी महिलाओं की तुलना में पुरुष परिवार नियोजन कम ही अपनाते हैं। रांची जिले में एनएसबी 27 प्रतिशत तक पहंचा है। आज एक किमी स्पेयर एरिया में 382 लोग रहते हैं, जो औसतन वृद्धि से बहुत ज्यादा है। राज्य परिवार नियोजन नोडल अफसर पुष्पा ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण में सबकी भागीदारी आवश्यक है। राज्य परिवार नियोजन कंसल्टेंट गुंजन खलखो ने कहा कि किसी भी देश के विकास के लिए हेल्दी पॉपुलेशन का होना अनिवार्य है। हम सबको एक साथ मिलकर हेल्दी पॉपुलेशन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने अपने अभियान में महाविद्यालयों का भी चयन किया है, वहां जाकर हमलोग प्रजनन स्वास्थ्य और यौन स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी दे रहे हैं। कार्यक्रम में विवाहित नए जोड़ों को 'नई पहल' किट दी गई, ताकि उचित जानकारी के साथ परिवार को परिवार नियोजन के तरीके से आगे बढ़ाएं। कार्यक्रम के अंत में हरी झंडी दिखाकर परिवार नियोजन प्रचार रथ को रवाना किया गया। मौके पर रांची के विधायक सीपी सिंह, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, डीआईसी डॉ सीके शाही, जीवीआई सुप्रीटेंडेंट डॉ उमा सिन्हा, रिजनल डिप्टी डायरेक्टर साउथ छोटानागपुर डॉ विनोद कुमार, डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ डॉ रंजीत प्रसाद, एडमिनीस्ट्रेशन अफसर लक्ष्मी नारायण किशोर, उपनिदेशक डॉ लाल मांझी, आरएन शर्मा डिप्टी डायरेक्टा हेल्थ, डॉ विमलेश कुमार, डीएस सदर हॉस्पीटल रांची, राज्य समन्वय परिवार कल्याण गुंजन खलखो, राज्य परिवार नियोजन नोडल अफसर डॉ पुष्पा, राज्य प्रशिक्षण परामर्शी सुचंद्रा पांडा, डीपीएमयू रांची, टेक्नीकिल पार्टनर के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## एनएसएस ने विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के जरिये विश्व जनसंख्या दिवस पर संकल्प सभा सह जागरूकता रैली का आयोजन रांची यूनिवर्सिटी के बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने की।

मौके पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से भारत दुनिया में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश है, जो एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की आबादी लगभग आठ अरब से ज्यादा होने के कारण इसका नकारात्मक प्रभाव दुनिया भर में पर्यावरण पर तेजी से पड़ रहा है एवं पर्यावरण में हो रहे इस बदलाव को रोकने, लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के लिए जनसंख्या नियंत्रण बहुत ही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का प्रारंभ 11 जुलाई 1989 से किया गया था। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं से अपील करते हुए कहा कि बढ़ती जनसंख्या के विरुद्ध प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाकर जनसंख्या विस्फोट के कारण हो रही परेशानी से आमजनों को अवगत कराएं। जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता रैली का नेतृत्व प्रियांशी कुमारी और श्रेया कुमारी ने किया। रैली बेसिक बिल्डिंग परिसर से प्रारंभ होकर डीएसपीएमयू, पीजी आर्ट्स ब्लॉक, हातमा बस्ती, सरना टोली होते हुए पुनः बेसिक विज्ञान भवन परिसर में समाप्त हो गया।

# राइजिंग ऑटो व्हील्स ने मनाया 20 लाख एसयूवी का जश्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। टाटा मोटर्स, भारत की अग्रणी एसयूवी निमार्ता कंपनी, गर्व से भारतीय सड़कों पर 20 लाख एसयूवी का मील का पत्थर मनाती है। सफारी, हैरियर, नेक्सॉन, पंच और प्रतिष्ठित सिएरा और सफारी सहित विविध एसयूवी लाइनअप, टाटा मोटर्स की सुरक्षा, डिजाइन और प्रौद्योगिकी के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो उन्हें एसयूवी का राजा' बनाता है।

1991 में भारत की पहली एसयूवी - टाटा सिएरा से लेकर 2014 ऑटो एक्सपो में कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सॉन और सब-कॉम्पैक्ट पंच तक, टाटा मोटर्स ने लगातार एसयूवी सेगमेंट को परिभाषित किया है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, टाटा मोटर्स के नई अधिकृत डीलर राइजिंग ऑटो व्हील्स ने किंग ऑफ एसयूवी महोत्सव पेश किया है जिसमें हैरियर (14.99 लाख) और सफारी (15.49 लाख) की संशोधित कीमतें और लोकप्रिय वेरिएंट पर 1.4 लाख तक के लाभ शामिल हैं। नेक्सॉन.ईवी पर 1.3 लाख तक के लाभ इसे और सुलभ बनाते हैं, और पंच.ईवी 30,000 रुपये तक के लाभ के साथ उपलब्ध है। 7 लाख नेक्सॉन्स का उत्सव भी जारी है, जिसमें ग्राहकों को 1 लाख तक का लाभ दिया जा रहा है।

## श्वेता, सुधांशु व आकाश, साक्षी बने स्टूडेंट ऑफ दी सेमेस्टर

**रांची।** राची विश्वविद्यालय के सूरज सिंह मेमोरियल कॉलेज के बीबीए विभाग में स्टूडेंट ऑफ दी सेमेस्टर अवार्ड सीजन 2 का आयोजन किया गया। इसके सेमेस्टर 5 से श्वेता कुमारी व सुधांशु रंजन बने स्टूडेंट ऑफ दी सेमेस्टर, वहीं सेमेस्टर 3 से आकाश कुमार व साक्षी चौधरी को इस अवार्ड के लिए चुना गया। मौके पर रांची विश्वविद्यालय की सीवीसी डिप्टी डायरेक्टर डॉ स्मृति सिंह इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। डॉ स्मृति सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बीबीए विभाग द्वारा स्टूडेंट ऑफ दी सेमेस्टर अवार्ड कार्यक्रम को जल्द ही विश्वविद्यालय स्तर पर शुरू किया जाएगा। डॉ स्मृति सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होगी। छात्र स्टार्टअप प्रोजेक्ट की तैयारी करें।

## सेना भर्ती रैली 26 जुलाई से

**रांची।** खेलगांव फुटबॉल मैदान, होटवार, रांची में आगामी 26 जुलाई से 10 अगस्त तक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया गया है। भर्ती रैली में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के भाग लेने की संभावना के मद्देनजर विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची का संयुक्तादेश जारी किया गया है। प्रथम पाली में 12:00 रात्रि से 8:00 प्रातः तक एवं दूसरी पाली में 8:00 बजे प्रातः से 4:00 अपराह्न तक प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारी एवं बलों को विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। सभी प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों को निर्धारित समय अवधि में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर विधि-व्यवस्था के संधारण में निदेशक भर्ती बोर्ड से समन्वय स्थापित करते हुए अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है।

## सीसीएल में क्षमता निर्माण पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**रांची।** सीसीएल के मानव संसाधन विभाग ने कम मूल्य निविदाओं के युक्तिकरण और ई-एमबी कार्यान्वियन पर स्वच्छता के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर एक कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला को 4 विस्तृत सत्रों में आयोजित किया गया था। प्रत्येक सत्र प्रतिभागियों को कम मूल्य वाली निविदाओं संबंधित अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था । अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ पंकज कुमार, जीएम (सिविल), एसी मोहराना, जीएम (ईएंडएम) मनोज कुमार उपस्थित थे। अंतिम सत्र जीएम (खनन) द्वारा लिया गया। इस अवसर पर गण्यमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यान्वयन के लिए सिविल कार्यों के लिए नवीनतम एसओआर जारी किया गया। प्रतिभागियों का स्वागत जीएम (एचआरडी) द्वारा किया गया और जीएम, सिविल, सीवीओ और डीएफ सर द्वारा संबोधित किया गया।

# रिम्स परिसर में मुख्य सड़क की स्थिति दयनीय



**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के परिसर में मुख्य सड़क की स्थिति दयनीय है। यह सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे वाहन व एंबुलेंस से आने वाले मरीजों को काफी परेशानी होती है। लेकिन, प्रशासन बेपरवाह है। वहीं, ओपीडी ब्लॉक जाने वाली सड़क पर एक जगह स्लैब टूट गया है, जिसे बैरिकेडिंग कर घेर दिया गया है। इससे सड़क संकरी हो गई है। सिर्फ एक वाहन के ही निकलने का रास्ता बचा है। ऐसे में यहां से एंबुलेंस को भी गुजरने में दिक्कत होती है। यह स्लैब करीब 15 दिनों से टूटा हुआ है, लेकिन इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। जबकि, इसी रास्ते से रिम्स के पदाधिकारी भी प्रतिदिन गुजरते हैं।

इधर, कोकर से रिम्स और मेडिकल चौक से सेंट्रल इमरजेंसी पहुंचने वाला रास्ता भी कई माह से जर्जर है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। सबसे ज्यादा गड्ढा कोकर से रिम्स जाने के दौरान पड़ने वाले तालाब (ट्रॉमा बिल्डिंग से पहले) के पास है। यहां गड्ढे में हमेशा पानी जमा रहता है। इससे गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाता है और वाहन व एंबुलेंस हिचकोले खाते चलते हैं। इससे मरीजों को परेशानी होती है। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल के पास सड़क यह स्थिति है, लेकिन इसका असर रांची नगर निगम पर नहीं पड़ रहा है। सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है।

**(अंकित कुमार गुप्ता, पत्रकारिता विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय)**

## बाइक सवार उचक्कों ने महिला के गले से छीनी सोने की चेन



**रांची।** कांके थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार उचक्कों ने महिला के गले से सोने की चेन छीन कर फरार हो गए। इस संबंध में जगतपुरम स्थित ग्रीन हेरिटेज में रहने वाली महिला उषा तिवारी के पति रंगी लाल तिवारी ने गुरुवार को थाने में मामला दर्ज कराया है। उषा तिवारी ने बताया कि उनके घर में शादी समारोह है, जिसके लिए वह कुछ सामान खरीदने बाजार गई थीं। इसी बीच वह किसी काम से अपने अपार्टमेंट लौटने लगीं, तभी बाइक सवार दो उचक्कों ने उनका पीछा किया और उनमें से एक ने बाइक से उतरकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। कांके थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा ने बताया कि घटना को अंजाम देने का सीसीटीवी फुटेज पुलिस को मिला है, पुलिस उचक्कों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## स्वामी सीताराम शरण ने कहा, बच्चे दो ही अच्छे

**रांची।** विश्व जनसंख्या दिवस पर रांची उपायुक्त कार्यालय में राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। इसमें चित्रकूट से पधारे राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुविख्यात राष्ट्रीय प्रखर प्रवक्ता युवा महंत श्री श्री 108 स्वामी सीताराम शरण जी महाराज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, प्रदेश मार्गदर्शक रणधीर कुमार, प्रदेश महिला अध्यक्ष सोनी सिंह, रांची जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, महिला अध्यक्ष सुजाता भगत, काकोलीदास अरविंद तिवारी, दिवाकर श्रीवास्तव के साथ अन्य उपस्थित थे। स्वामी सीताराम जी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि देश में बेरोजगारी, गरीबी, भुखमरी और कुपोषण का मुख्य कारण बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या है। वर्तमान में जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है। कुछ राज्य आगे आये है। स्वामी जी ने सुझाया कि जनसंख्या असंतुलन की इस समस्या के समाधान के लिए देश के सभी नागरिकों के लिए जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषा से ऊपर उठकर समान रूप से जनसंख्या नियन्त्रण कानून लागू होना अति आवश्यक है।

# मुर्गू के पास एनएच 75 पर 4 साल से बन रहा है पुल





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग एनएच 75 पर मुर्गू के पास एक पुल बन रहा है। यह पुल पिछले 4 साल से बन रहा है, लेकिन इसका काम आज तक पूरा नहीं हुआ है। पुल निर्माण स्थल के पास कई हादसे भी हो चुके हैं। यहां तक की निर्माणाधीन पुल से एक मोटरसाइकिल गिर गई थी। इस पर सवार दो लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद एक कार भी पुल से नीचे गिर गई थी, जिसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस पुल की बात जब राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने उठाई और केंद्रीय परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी को ट्वीट (अब एक्स) किया, तो उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लिया। तब आनन-फानन में रांची एनएचआई के अधिकारियों ने डायवर्सन बनाया, लेकिन पिछली बारिस में डायवर्सन बह गया। अब फिर बारिश का मौसम आ गया है।

**दो बार टेंडर हो चुका है : जीएम**

: एनएचएआई के जीएम (रांची) ने कहा कि इस काम को लेकर 2 बार टेंडर निकाला जा चुका है। किसी ने भी टेंडर नहीं डाला। हम काम में लगे है, कार्य हो रहा है।

## नगर निगम एव रिलेशंस ने ज्ञानोदय उच्च विद्यालय गांधीनगर में किया पौधरोपण

**रांची।** रांची नगर निगम के नगर आयुक्त अमित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत कांके रोड स्थित ज्ञानोदय उच्च विद्यालय में रिलेशंस के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के बीच 100 पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच उसकी देख भाल और उसकी सेवा का संकल्प भी दिलाया गया। मौके पर मौके पर मुख्य रूप से रांची नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ केशरी, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ पंकज सोनी, जय श्रीवास्तव, रांची नगर निगम के सुपर वाइजर राजकुमार, सुधाकर यादव आदि उपस्थित थे। यह जानकारी अमन ने दी।

## झमाझम बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

# आज और कल भारी बारिश की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं सूखे खेतों और जमीन में नमी आई है। कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी से लोगों के साथ साथ जीव-जंतु भी बेहाल थे। रांची सहित चतरा, गुमला, देवघर, लातेहार, रामगढ़, साहिबगंज, गोड्डा में बारिश हुई। इस दौरान कई इलाकों में गर्जन के साथ वज्रपात भी हुआ।

पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि राज्य में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा भी हुई। हालांकि, राज्य में मानसून गतिविधि कमजोर है। सबसे अधिक बारिश 70.8 एमएम डुमरी (गुमला) में दर्ज की गई। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 39.1 डिग्री सरायकेला में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री रांची में दर्ज किया गया। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को बताया कि 12 जुलाई को राज्य के उत्तर-पूर्वी भागों देवघर, दुमका, जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान राज्य में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। रांची में शुक्रवार को बादल छाये रहेंगे, दो या अधिक बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। 13 जुलाई को राज्य के मध्य एवं निकटवर्ती उत्तरी भागों में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा की संभावना है। शनिवार को रांची समेत रामगढ़, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह और धनबाद में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

## ईडी की टीम दूसरे दिन भी जांच करने पहुंची कांके ब्लॉक

**रांची।** राजधानी रांची में जमीन घोटाले की जांच के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम दूसरे दिन भी गुरुवार को कांके अंचल ऑफिस पहुंची। ईडी की टीम कांके ब्लॉक में म्युटेशन से संबंधित कागजात की जांच की। इससे पहले बुधवार दिन में लगभग 11 बजे कांके अंचल ब्लॉक में छापा मारा था। एजेंसी की यह कार्रवाई जमीन कारोबारी कमलेश कुमार सिंह के जमीन कब्जा मामले से जुड़ी है। कमलेश कुमार सिंह के खिलाफ कांके के चामा गांव के करीब 50 लोगों ने शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि जबरन कमलेश सिंह ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है।

## अपहरण कर हत्या करने के मामले में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**रांची ।** बुढ़मू थाने की पुलिस ने 12 घंटे में अपहरण कर हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में जगदीश मुंडा और कृष्णा महतो शामिल हैं। इनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 10 जुलाई की रात करीब 01.15 बजे बेडवारी गांव निवासी सोमनाथ महतो थाना पर आए और बताया कि मेरा भगीना अजय महतो का अपहरण कर लिया गया है।

# फेस्टिव सीजन के पहले ट्रेनों में लग रहे अतिरिक्त कोच

*जनरल के दो कोच बढ़ने से 200 सीटें बढ़ जाएंगी।*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सावन शुरू होने के साथ ही त्योहार का सीजन भी शुरू हो जाएगा। राज्य से चलने वाली कुछ ट्रेनों में यात्रियों की बुकिंग अभी से लंबी वेटिंग लिस्ट दिखा रही है। ऐसे में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार मालदा टाउन-सूरत, अलेप्पी-धनबाद, गंगा दामोदर और गंगा सतलज में जनरल डिब्बे बढ़ेंगे। इन सभी ट्रेनों में जुलाई के अंत से लेकर अक्टूबर तक जनरल कोच बढ़ाए जाएंगे। इसमें अलेप्पी-धनबाद में जुलाई के अंत से कोच बढ़ाये जाएंगे। जबकि, गंगा दामोदर और गंगा सतलज में अगस्त, तो मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस में अक्टूबर से बदलाव होगा। अलेप्पी-धनबाद और गंगा दामोदर और गंगा सतलज में नए कोच संयोजन के तहत टिकटों की अग्रिम बुकिंग शुरू हो चुकी है। मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस में 26 अक्टूबर से अतिरिक्त कोच लगेंगे। गंगा दामोदर एक्सप्रेस में स्लीपर की दो सीटें कम होने से 160 सीटें कम हो जाएंगी। जनरल के दो कोच बढ़ने से इस श्रेणी की 200 सीटें बढ़ जाएंगी। मालदा टाउन सूरत एक्सप्रेस में थर्ड एसी की दो सीटें कम होने से इस श्रेणी की 144 सीटें घंटेंगी। जनरल के दो कोच बढ़ने से 200 सीटें बढ़ जाएंगी। अलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस में स्लीपर का एक कोच बढ़ने से 80 और जनरल के दो कोच बढ़ने से 200 सीटें बढ़ जाएंगी। सेकेंड एसी के दो कोच कम होने से इस श्रेणी की 104 सीटें कम हो जाएंगी। गंगा सतलज एक्सप्रेस में स्लीपर एक कोच बढ़ने से 80 और जनरल का एक कोच बढ़ने से 100 सीटें बढ़ जाएंगी। सेकेंड एसी के दो कोच कम होने से इस श्रेणी की 104 सीटें कम हो जाएंगी।

## चुनाव आयोग की टीम ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# 24 जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों ने प्रस्तुत किए प्रतिवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/रामगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा एवं नितेश व्यास ने मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समीक्षा की। इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार तथा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आयोग के वरीय पदाधिकारियों ने झारखंड में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने पर देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त की ओर से झारखंड के सीईओ एवं पूरे राज्य की निर्वाचन टीम को बधाई दी। बैठक में सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिले में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति का पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया।




### राजनीतिक दलों के साथ नियमित हो बैठक

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित अंतराल पर बैठकें करते रहें तथा उनके द्वारा बताए गए बिंदुओं पर समुचित कार्रवाई करने के साथ-साथ उन्हें नियमित रूप से संबंधित अद्यतन जानकारी प्रदान करना सुनिश्चित करें।

### वोटर लिस्ट और डिजिटाइजेशन पर रहा जोर

भारत निर्वाचन आयोग से आए पदाधिकारियों द्वारा राज्य में चल रहे द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची के अद्यतनीकरण, घर-घर सत्यापन, डिजिटाइजेशन, पुराने लैमिनेटेड मतदाता पहचान पत्र के नवीनीकरण, पहचान पत्रों के वितरण, मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं, जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति एवं लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से समीक्षा की एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित करवाने के लिए निदेशित किया गया।

### हाउसिंग सोसायटी में 500 होंगे मेंबर, तो वहीं बनेगा बूथ

सीनियर डीईसी नितेश व्यास ने कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों के वैसी हॉउसिंग सोसाईटी जहां 500 से अधिक मतदाता हैं, वहां भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सोसाइटी के अंदर ही नया मतदान केंद्र बनाएं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जितना दक्षतापूर्वक और त्रुटि रहित होगा, मतदान प्रतिशत उतना ही बेहतर होगा। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद, झारखंड के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

### वोटर आईडी वितरण की हो मॉनीटरिंग

समीक्षा के क्रम में भारत निर्वाचन आयोग के वरीय पदाधिकारियों ने राज्य स्तरीय टीम के साथ-साथ जिलों को जरूरी निर्देश दिए कि मतदाता पहचान पत्रों के वितरण कार्य की नियमित मॉनीटरिंग करें। मतदाता पंजीकरण के बाद यदि मतदाता पहचान पत्र वितरण में निर्धारित समय से अधिक विलंब होता है तो पोस्ट ऑफिस के साथ समन्वय कर इस कार्य में तेजी लाएं। निदेश दिया गया कि मतदाता पंजीकरण या मतदाता पहचान पत्र से जुड़ी सभी जनशिकायतों का भी ससमय निराकरण करते रहें, भले ही ये शिकायतें किसी भी माध्यम से प्राप्त हुई हों।

### युवा, दिव्यांग और महिलाओं को वोटर लिस्ट में जोड़ें

बैठक में निदेशित किया गया कि सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी युवाओं, दिव्यांगजनों, महिलाओं, पीवीटीजी आदि वर्गों को मतदाता सूची में पंजीकृत करवाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाकर समावेशी मतदाता सूची बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करें। साथ ही, विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के शत-प्रतिशत छात्रों का मतदाता सूची में पंजीकरण करवाने को लेकर सभी जिले प्रभावी पहल करें। आयोग के वरीय पदाधिकारियों कि ओर से बीएलओ एवं मतदाताओं के बीच समन्वय बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने जेएसएफ गोदाम का किया निरीक्षण

# अनाज के पास गंदगी देख लगाई फटकार

*अनाज की बोरियों का वजन कराया, कई में मात्रा कम मिली*

*कहा, जिम्मेदार व दोषी लोगों को बख्शा नहीं जाएगा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री बन्ना गुप्ता ने गरीबों के अनाज के भंडार घर कहे जाने वाले एफसीआई गोदाम कडरू का गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। इससे अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को जब मंत्री के आने के सूचना मिली तो भागते हुए एफसीआई गोदाम पहुंचे। जहां विभाग के मंत्री को सामने देख उनके हाथ-पांव फूलने लगे। अनाज के आसपास में गंदगी देख मंत्री बन्ना गुप्ता भड़क गए। वहीं संबंधित लोगों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अनाज की बोरियों का वजन कराया गया, जहां कई बोरियों में अनाज की मात्रा कम मिली। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी जिम्मेदार व दोषी है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने फोन पर वरीय अधिकारीयों को चेतावनी देते हुए कार्य प्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया, उन्होंने चेताया कि गरीबों का अनाज चोरी करने वाले और लापरवाही बरतने वाले लोगों को बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेंगे चाहे वो कोई भी हो। मौके पर मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस ने फूड सिक्योरिटी बिल लागू कराया था ताकि देश में कोई भूखा न रहे, सरकार का अनाज गरीब के थाली तक पहुंचे यही हमारे नेता राहुल गांधी की सोच है, उन्होंने मुझे ये जिम्मेदारी देते हुए निर्देश दिया कि गरीबों को कभी भूखा न सोना पड़े, निरीक्षण में कई गड़बड़ी मिली हैं जिसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा और इसको लेकर जो भी दोषी होंगे उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



गुरुवार को जेएसएफ एंड सीएससीएल यानी झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिडेट के कडरु, रांची स्थित स्टेट गोदाम में पहुंच गये। लेकिन उस वक्त कोई पदाधिकारी नहीं पहुंचा था। कुछ देर इंतजार करने के बाद आपूर्ति निगम लिमिटेड के पदाधिकारियों को फोन किया गया। फोन के बाद कुछ अधिकारी गोदाम पहुंचे। खामियों से नाराज मंत्री ने स्टॉक का मिलान करना शुरू किया। उसमें भी एक माह का डाटा इंट्री अपडेट नहीं मिला। इस पर विभागीय मंत्री ने पदाधिकारियों को फटकार लगाई।

# झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही डर गया झामुमो : रमाकांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि झामुमो आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भयभीत है। यही कारण है कि सत्ता मद में चूर झामुमो देश की संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को फरमान सुना रहा है। साथ ही, फरमान का पालन नहीं होने पर आंदोलन के जरिए परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है। रमाकांत महतो ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा कि झामुमो के डीएनए में देश के संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना एवं उसे आदेशात्मक तरीके से धमकी देना प्रवृत्ति रहा है। भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य की स्मरण शक्ति शायद कमजोर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत पर जेल से बाहर आते ही दंभ भर रहे थे कि राज्य में जब चुनाव हो जाए हम डरने वाले नही हैं, फिर आज झामुमो को चुनाव की घोषणा के पूर्व ही डर सताने लगा।

*महतो ने आरोप लगाया है कि साढ़े चार वर्षों तक राज्य लूटने में मशगूल रही हेमंत सरकार। जनता अब अपदस्थ करेगी।*

महतो ने आरोप लगाया है कि साढ़े चार वर्षों तक राज्य लूटने में मशगूल हेमंत सरकार को जनता अब अपदस्थ करेगी। भय से संवैधानिक संस्थाओं पर उंगली उठाना शुरू कर दिया है, जिस चुनावी वायदे के साथ हेमंत सोरेन सरकार सत्ता में आई थी, उसमें एक भी अब तक पूरे नहीं हुए। बेरोजगार युवकों को रोजगार देने के बजाय इस सरकार ने पेपर लीक कराकर प्रतिभागियों का दमन और नौकरी बेचने का काम किया। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय के छह महीनों के भीतर चुनाव कराना चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है। अब झामुमो उसे भी साजिश समझता है और राज्य को अंतिम दिन तक लूटना चाहता है।

## न्यूज बॉक्स



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास पर विधायक सरयू राय ने औपचारिक मुलाकात की।

### पश्चिमी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी की प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक




**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिला कांग्रेस कमिटी के वरीय नेताओं और जिला से आने वाले प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस भवन रांची में हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन की भूमिका पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। इस दौरान सभी कमजोरियों को आंकने का प्रयास किया गया। बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि जिले के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र में बैठक कर क्षेत्रवार विश्लेषण किया जाएगा और विगत चुनाव में जो कमियां रह गई हैं, उसमें सुधार के लिए सुदृढ़ प्रणाली बनाई जाएगी। इस संदर्भ में जिले के लोगों के साथ प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ विस्तृत चर्चा आयोजित की जाएगी। मौके पर बंधु तिर्की ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पहले से अच्छा प्रदर्शन कांग्रेस का हुआ है और हमें जरूरत है कि विधानसभा चुनाव में और बेहतर करें। भाजपा महागठबंधन की सरकार को घेरने के लिए जनता के बीच नकारात्मक प्रचार करने की कोशिश कर रही है, लेकिन हमें लोगों के बीच रहकर उन्हें सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताना है। साथ ही, भाजपा के चेहरे को उजागर करना है कि झारखंडी जनता के विरुद्ध किस तरह भाजपा ने केंद्र सरकार के माध्यम से कुचक्र रचा है। इसका भी पदार्फाश करना जरूरी है।

### युवा आजसू ने रांची विश्वविद्यालय में जड़ा ताला

**रांची।** युवा आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय में गुरुवार को तालाबंदी कर दी। तालाबंदी दिन में 10:30 से की गई, जो लगभग छह घंटे तक रही। युवा आजसू की मांग है कि रांची विश्वविद्यालय इंटरमीडिएट में नामांकन शुरू करे। कहा है कि रांची विवि ने इंटरमीडिएट में नामांकन बंद कर दिया है, जबकि झारखंड हाई कोर्ट ने भी इंटर में नामांकन करने का निर्देश दिया था। तालाबंदी से पहले युवा आजसू ने पूरा प्रशासनिक भवन को खाली करवाया, उसके बाद तालाबंद कर दिया। दिन में 3:30 बजे विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने वार्ता के लिए बुलाया। इसके बाद ताला खोल दिया गया। मौके पर मौजूद अधकारियों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा से फोन पर बात की और प्रतिनिधिमंडल को कहा कि कुलपति साहब ने कहा है कि इस मामले पर 13 जुलाई को विचार विमर्श कर के छात्र छात्राओं के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा। वार्ता के बाद युवा आजसू के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ मुकुंद मेहता और डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू को मांग पत्र सौंपा और ताला खोल दिया। तालाबंदी में अभिषेक शुक्ला, विशाल यादव, राहुल तिवारी, दीपक दुबे, सुमित कुमार और अन्य छात्र-छात्राए शामिल रहे।

# रक्षा राज्य मंत्री ने किया कोलकाता का दौरा




रांची। रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को कोलकाता स्थिति एनसीसी, निदेशालय पश्चिम बंगाल और सिक्किम का दौरा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सेवा के प्रति इनका समर्पण सराहनीय है। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने पश्चिम बंगाल और सिक्किम में उनके व्यापक प्रशिक्षण, सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यों को भी देखा। इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को भी देखा।

# हत्या के तीन आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने गुरुवार को हत्या के आरोप में ट्रायल फेस कर रहा तीन आरोपितों रोपणा उरांव, रवि साहू एवं देवनारायण उरांव को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। रोपणा उरांव हत्याकांड के बाद से ही जेल में है। वह करीब छह साल तक जेल में रहा। दो आरोपित जमानत पर बाहर थे। हत्या की घटना का अंजाम जुलाई 2018 में दिया गया था। तीनों पर चान्हो निवासी मुन्ना उरांव की हत्या करने का आरोप था। घटना को लेकर मृतक की पत्नी ने चान्हो थाना में प्राथमिकी (कांड संख्या 8/2018) दर्ज कराई थी। लेकिन, गवाही के दौरान कई कोशिशों के बावजूद वह गवाही देने अदालत नहीं पहुंची। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी घटना के कुछ दिनों बाद दूसरी शादी कर कहीं और जाकर रह रही है, जिसे पुलिस खोज नहीं सकी। सूचक की गवाही नहीं हो पाने के कारण आरोपितों को लाभ मिला।

# मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने लाह कारखाने का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने गुरुवार को नामकुम के सिदरौल स्थित राज्य सहकारी लाह क्रय-विक्रय एवं आहरण संघ सीमित के लाह कारखाना का निरीक्षण किया। झास्कोलैम्पफ की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों, प्राथमिक लाह परिष्करण ईकाई, लैक सीलिंग स्टिक उत्पादन की जानकारी ली । निरीक्षण के दौरान मंत्री को प्रबंध निदेशक, झास्कोलैम्पफ की ओर से बताया गया कि गत दो वर्षों में लगभग 2000 लाह कृषकों को वैज्ञानिक पद्धति से लाह की खेती एवं लाह मूल्य संवर्द्धन (प्राथमिक परिष्करण) का प्रशिक्षण प्रदान कराया गया है। साथ ही, लाह कृषकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर लाह बीहन एवं लाह खेती में प्रयुक्त होनेवाले टूल-कीट्स उपलब्ध कराया जाता है। राज्य में निर्वाचन प्रयोजनार्थ लैक सीलिंग स्टिक की आपूर्ति 12 जिलों में की गई। उनके जरिये यह भी बताया गया कि 312 लैम्पस, पैक्स, व्यापार मंडल एवं प्राथमिक लाह उत्पादक सहयोग समितियों, झास्कोलैम्पफ से संबद्ध है। समीक्षा के क्रम में यह भी बताया गया कि राज्य में मुख्यतः नौ जिले रांची , खूंटी, सिमडेगा, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसांवा, लातेहार, पलामू एवं गढ़वा में कुसुम, बैर, पलास एवं सेमियालता वृक्षों पर लाह की खेती की जाती है। वर्तमान में बाजार दर न्यूनतम समर्थन मूल्य (कुसुमी लाह 275 रुपए प्रति किलोग्राम, रंगीनी लाह 200 रुपए प्रति किलोग्राम) से काफी ज्यादा होने के कारण लाह कृषकों से लाह का आहरण संभव नहीं हो पा रहा है। इस क्रम में मंत्री ने निर्देश दिया कि राज्य और राज्य से बाहर लैक सीलिंग स्टिक की आपूर्ति के लिए कैबिनेट संलेख तैयार करें, ताकि राज्य के लाह उत्पादक किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जा सके। झास्कोलैम्पफ के जरिये संचालित लाह कारखाना और प्रशिक्षण गतिविधियों में भी सुधार लाने एवं लाह आधारित उत्पादों के विपणन के लिए क्रेता-विक्रेता सम्मेलन, संस्थागत विपणन के लिए कम्पनी के साथ एकरारनामा करने का भी मंत्री ने निर्देश दिया। साथ ही, लाह कारखाना, सिदरौल में स्कूल एवं कॉलेज के छात्रों को भ्रमण कराकर उन्हें लाह उत्पाद एवं उसके परिसंस्करण की जानकारी दी जाए। मंत्री ने लाह कारखाना परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया और जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।



# मंत्री हफीजुल हसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने भाजपा पहुंची अरगोड़ा थाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने अरगोड़ा थाना पहुंच कर झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि यह मामला आठ जुलाई 2024 का है, जब हेमंत सरकार के मंत्री शपथ ले रहे थे और शपथ के बाद राष्ट्र गान चल रहा था। उस वक्त मंत्री हफीजुल हसन अपना गमछा ठीक कर रहे थे। वीडियो में स्पष्ट है कि उन्होंने जान बूझकर पहले अपना कुर्ता और बनियान को नीचे खींच कर गमछा को हल्का गिराया और तब गमछा को फिर से कंधे पर रखा। उन्होंने बताया कि राष्ट्र गान के समय हर व्यक्ति को सावधान की मुद्रा में खड़ा रहना है और किसी प्रकार का हलचल शरीर में नहीं होनी चाहिए । ये 52 सेकेंड का समय स्टैचू टाइम होता है। अगर कोई व्यक्ति राष्ट्र गान के समय बनाए नियम का पालन नहीं करता है, तो उसे प्रिवेंसन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट 1971 की धारा 3 के अनुसार दंडित किया जाएगा और उसे तीन वर्ष तक सजा हो सकती है। संविधान के अनुच्छेद 51-ए के अनुसार देश के सभी नागरिकों का संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, और संस्थाओं राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्र गान के प्रति प्रतिबद्ध होना कर्तव्य बनता है। एक मंत्री होकर राष्ट्र गान के समय ऐसा व्यवहार करने से न सिर्फ झारखंड का, बल्कि पूरे देश का सिर शर्म से झुक गया है। राष्ट्र गान के समय किए गए अमर्यादित व्यवहार का वीडियो भी थाना प्रभारी को दिया गया है। राहुल कुमार दुबे, जो भाजपा के युवा मोर्चा के सदस्य हैं, उनके आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया है।



### रांची हिंसा मामले में तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** रांची में 10 जून 2022 को हुई हिंसा मामले में आरोपित अयुब राजा खान, शहीद अख्तर उर्फ टकलू और मो. शाहजाद की अग्रिम जमानत याचिका एजेसी-18 पीके शर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। आरोपितों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 26 जून को याचिका दाखिल की थी। रांची हिंसा से जुड़े मामले में डेली मार्केट कांड संख्या 16/2022 के तहत प्राथमिकी दर्ज है। इसी मामले में पुलिस ने जुलाई 2023 में ही करीब 40 आरोपितों के खिलाफ अदालत से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त किया था। इसी के बाद आरोपित गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम राहत के लिए न्यायालय का चक्कर लगा रहा है।

# अग्निवीर के बारे में देश के युवाओं को दिगभ्रमित कर रहे हैं राहुल : कर्नल सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय सिंह ने कहा कि भारतीय सेना में अग्निवीर जैसी महत्वाकांक्षी योजना के बारे में केंद्र में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का झूठा बयान सेना में फूट डालने तथा अग्निवीर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को दिगभ्रमित करने वाला है।

कर्नल संजय सिंह ने गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि हाल ही में संसद में राहुल गांधी ने गैरजिम्मेदाराना और झूठा बयान देकर पूरे देश की सेना तथा सरकार को विश्व के अन्य देशों की नजर में शर्मसार करने का काम किया है, जो देशद्रोह है। उन्होंने कहा कि देश में राजनीति का प्रतिफल देश के विरुद्ध सहा नहीं जा सकता है। सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीर को प्रथम वर्ष चार लाख 76 हजार प्रतिवर्ष से चौथे वर्ष छह लाख बानबे हजार रुपये तक दिया जाता है तथा चार वर्ष बाद सेना में ही पच्चीस प्रतिशत को रख लिया जाता है। शेष को राज्य सरकार, पीएसयू तथा अन्य जगहों पर नौकरी सुनिश्चित करने के लिए एमओयू किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए ग्यारह लाख इकहत्तर हजार रुपये भी दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जनवरी में वीरगति प्राप्त अग्निविर अजय सिंह के परिवार से मिलकर संसद में कहा कि ना ही शहीद को कोई सम्मान मिला, न ही शहीद परिवार को सरकार ने कोई सहायता दी। यह गलत बयान है। हालांकि, सरकार ने वीरगति प्राप्त अग्निवीर का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया और उनके बारिश को एक करोड़ पैंसठ लाख रुपये नियमानुसार दिए हैं।



## एक नजर

### युवक को पत्थर से मारकर किया गंभीर रूप से घायल, बेहोशी हालत में रहा जंगल में



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के ग्राम बेलकप्पी निवासी रिंकू पांडेय के साथ मारपीट व छिनतई करने का मामला सामने आया है। इस बाबत ग्राम बेलकप्पी निवासी रिंकू पांडेय पिता तारकेश्वर पांडेय ने गोरहर थाना में लिखित शिकायत दिया है। जिसमें बताया है कि 8 जुलाई की रात को वह बरकट्ठा बाजार से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच बंडासिंघा मोड़ के समीप गांव के ही भोला राम पिता सोहन राम एवं आकाश पासवान पिता ढेलचंद पासवान धोखा देकर अपने साथ जंगल ले गये। वहां लेजाकर दोनों ने मेरे माथे पर पत्थर से वार व मारपीट कर मुझे बेहोश कर दिया। कहा कि दोनों ने मेरे पैकेट से 50 हजार रुपये निकाल कर वहां से फरार हो गये। दूसरे दिन मंगलवार 9 जुलाई की सुबह मुझे होश आया तो घर आकर परिजनों को सारी बात बताई।

### सूक्ष्म से मध्यम उद्योगों का विकास हीं देश के विकास का उन्नत मार्ग : प्रकाश चंद

**रामगढ़।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की उन्नति से हीं राष्ट्र के समग्र विकास और चहुँओर खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होगा । यह बात गुरुवार का लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में होटल शिवम इन में आयोजित उद्यमी सम्मेलन में प्रदेश के उद्यमियों को संबोधित करते हुए लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद ने कही। उन्होंने कहा कि हमारा देश उत्कृष्ट उत्पाद से लेकर शिक्षा तक विश्व गुरु रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नालंदा विश्वविद्यालय अनुकरणीय उदाहरण है। उत्पाद की दृष्टि से लंदन में हमारे कपड़े की खरीद लाइन लगा कर करते थे तो मसालें दुनियाँ भर में लोकप्रिय थे। इसके पीछे हम सब वसुधैव कुटुंबकम् की धारणा का अनुशरण करते थे। राष्ट्रीय सचिव और झारखंड प्रभारी इन्द्र अग्रवाल ने कहा झारखंड में सफलता से उद्योग चलाने वाला उद्यमी दुनियाँ की हर चुनौती को झेलने में सक्षम हो जाता है।

### पिंटू करमाली हत्या के दो नामजद आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के पिंटू करमाली हत्याकांड मामले में नामजद किए गए दोनों आरोपियों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी है। कुजू अलंकार सिनेमा परिसर के पीछे रहने वाले 36 वर्षीय पिंटू करमाली का अधजला शव कुजू ओपी पुलिस ने मंगलवार को कुंदरियाबांध के एक स्कूल परिसर के पास से बरामद किया था। इसके बाद पिंटू करमाली की पत्नी सजनी देवी ने कुजू ओपी में आवेदन देकर कुजू बस्ती में दारू बनाने वाले भट्ठी के संचालक राजकुमार साव व उसके साथी कुजू बस्ती निवासी राजकुमार मेहता को नामजद किया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस से दोनों लोगों को शीघ्र पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेजने का आग्रह किया था।

### पत्नी ने पति की हत्या कर शव को कमरे में किया कैद

# ग्रामीणों ने आरोपी को किया पुलिस के हवाले



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** गोरहर थाना क्षेत्र के बेलकपी पंचायत अंतर्गत सिमराटांड भुइयां टोली में एक पत्नी ने अपने पति का हत्या कर कमरे में कैद करने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार 40 वर्षीय प्रमेश्वर भुइयां पिता जगदीश भुइयां को उनकी ही पत्नी सरिता देवी ने बीते रात हत्या कर उसके शव को कमरे में बंद कर दिया। बुधवार लगभग तीन बजे तक अपने बेटे को नहीं देख उनकी वृद्ध मां खोजबीन करने लगी तो देखा कि दरवाजे पर ताला लगा हुआ है। वहीं ग्रामीणों की मदद से ताला तोड़कर देखा तो प्रमेश्वर भुइयां अपने कमरे में मृत पड़ा था। घटना की जानकारी लोगों ने तत्काल पुलिस को दी। वहीं घटनास्थल पर गोरहर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे लिया। वहीं थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी को हिरासत में लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि परमेश्वर भुइयां का गांव में किसी महिला के साथ नाजायज संबंध था। जिसके कारण पत्नी के रोक टोक करने से उसका पति के साथ हमेशा लड़ाई झगड़ा होता था। इस संबध में थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया कि पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है।

### पूर्व अध्यक्ष की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

## स्व. साहू विद्यालय के रीढ़ थे, उनकी मृत्यु अपूरणीय क्षति : प्रधानाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक स्व महावीर साहू की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय सहित विद्यालय के आचार्य-आचार्या ने स्व साहू के चित्र के समीप दीप जलाकर पुष्पांजलि अर्पित की गई. प्रधानाचार्य ने बताया कि स्व साहू का विद्यालय स्थापना से लेकर संचालन में महत्ती भूमिका रही है. जो विद्यालय के स्थापना काल से अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर शोभायमान रहे. स्व साहू एक मितभाषी सामाजिक कार्यकर्ता के साथ प्रखर विद्वान व नेकदिल इंसान थे. वह विद्यालय के रीढ थे. उनकी मृत्यु विद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति है. आचार्य राजू कुमार ने बताया कि शिक्षा प्रेमी स्व साहू सार्वजनिक कार्य में सदैव बढ़चढ़कर हिस्सा लेते थे. वह विद्यालय के मार्गदर्शक और हम सबों के अभिभावक थे. वह विद्यालय के भैया बहनों को जल व पर्यावरण संरक्षण व समय की उपयोगिता जैसे विषयों पर हमेशा मार्गदर्शन करवाते रहते थे. कार्यक्रम में विद्यालय के भैया बहनों ने भी पूर्व अध्यक्ष को नमन कर श्रद्धांजलि दिया. कार्यक्रम के अंत में सबों ने स्व साहू के पुत्र व विद्यालय के वर्तमान अध्यक्ष अमित कुमार साहू द्वारा उनके आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया.

### विश्व जनसंख्या दिवस पर सीएचसी में परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन

## सीएचसी में पांच लोगों का किया गया बंध्याकरण




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से बीडीओ रोश्मा डुंगडुंग, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रत्ना रानी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री सह पंसस युसुफ अंसारी मौजूद थे। मौके पर प्रमुख रेणु देवी ने उपस्थित सहिया और सेविकाओं को डोर टू डोर जाकर जनसंख्या दिवस पर चलाए जा रहे कार्यक्रम के विषय में जागरूक करने का दिशा निर्देश दिया। वहीं बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने बढ़ रही जनसंख्या के कारण होने वाले समस्याओं से लोगों को अवगत कराया। साथ ही हम दो हमारे दो के नारों को अपनाने की अपील की। चिकित्सा प्रभारी रत्ना रानी ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस पर पांच लोगों को बंध्याकरण कराया गया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा कई तरह के कार्यक्रम और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है ।लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में आयुष चिकित्सक जसीम अंसारी, डा.फातमा प्रधान लिपिक सोनी दास,बीपीएम रंजीत कुमार, भावेश सिंह पंकज कुमार,अनिल कुमार, सुधीर कुमार, नवरत्न कुमार , मालती देवी समेत आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।



# शिव मंदिर प्रांगण में यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए भक्तों की लगी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** ओकनी बड़ा शिव मंदिर प्रांगण में गुरुवार की सुबह से ही यज्ञ मंडप में परिक्रमा के लिए महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।वहीं बुधवार को देर शाम देवी भागवत कथा का भक्तों ने श्रवण किया। बिहार के बक्सर से पधारे प्रवचनकर्ता धनंजय शास्त्री ने भक्तों को देवी भागवत कथा के महात्म्य से अवगत कराया। वहीं चतरा के मयूरहंड से आए कथावाचक विद्वान पं. दिलीप पांडेय ने सती अनुसूइया की कथा सुनाकर भक्तों को भावविहोर कर दिया। शुक्रवार की शाम भगवान विष्णु आधारित नारद मोह पर कथावाचन होगा।इससे पहले वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य अभिषेक शास्त्री ने विधिवत मंडप पूजन और मंत्र से अग्नि प्रज्ज्वलित का विधान पूरा किया। यज्ञ में ब्रजेश श्रीवास्तव,उनकी पत्नी निशा श्रीवास्तव, राजकुमार गिरि,उनकी पत्नी अर्चना गिरि, अमित स्नेही पत्नी रिंकी स्नेही, विशाल वर्मा रूपाली वर्मा और सुबोध राणा उर्फ गाजी,पत्नी दिव्या राणा सपत्निक बतौर यजमान पूजा-अर्चना में भागीदारी निभा रहे हैं। इधर वैदिक मंत्रोच्चार, दोनों वक्त सुबह-संध्या महाआरती, घड़ी घंट की पावन ध्वनि, शिव-शक्ति के जयकारे, प्रसाद वितरण और प्रवचन से ओकनी मोहल्ला अध्यात्मनगरी में तब्दील है। यह धार्मिक अनुष्ठान 16 जुलाई तक होगा। समापन समारोह में रात्रि नौ बजे से जय मां अंबे जागरण मंडली के कलाकार भक्तगीतों से समां बांधेंगे।

## भाजपा नेता प्रदीपक कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** पिछले दिनों हजारीबाग आगमन पर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात की, मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ। इस क्रम में श्री प्रसाद ने हरियाली महोत्सव को लेकर बाबूलाल मरांडी को विस्तार पूर्वक जानकारी दी उन्होंने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में पौधारोपण तथा पौधा का वितरण किया जा रहा है, यह कार्यक्रम पिछले 5 जून से निरंतर जारी है। इस बीच भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाने का समस्त देशवासियों से आग्रह किया है जिसको लेकर सभी लोगों में उत्साह और उमंग दिख रहा है। साथ ही प्रदीप प्रसाद ने इस कार्यक्रम में बाबूलाल मरांडी को आमंत्रित किया।बाबूलाल मरांडी ने हरियाली महोत्सव की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं अवश्य हजारीबाग जाकर आपके इस कार्यक्रम में शामिल होकर एक पेड़ मां के नाम एवं हरियाली महोत्सव के निमित्त हजारीबाग में पौधारोपण करूंगा, आपकी पूरी टीम को इस कार्य के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं।

### एसआरयू रांची रोड यूनिट ने किया विद्यालय में खेल सामग्री व स्लाईडर का उद्घाटन

**कुजू।** सेल रिफ्रैक्ट्रीज यूनिट रांची रोड रामगढ़ प्रबंधन ने गुरुवार को क्षेत्र के सेवटा स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय परिसर में खेल सामग्री व स्लाईडर का उदघाटन किया। यहां सेल यूनिट ने सीएसआर योजना के तहत विद्यालय को खेल सामग्री, पठन-पाठन सामग्री के अलावा स्लाईडर प्रदान किया है। बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी महाप्रबंधक बीबी कांता ने विधिवत उदघाटन किया। उन्होंने इसके जरिए बच्चों में छिपी प्रतिभा को उभारने के साथ-साथ प्रतिस्पर्द्धा का भाव जगाने में सहायक सिद्ध होने की बात कही। साथ ही बच्चों को स्वस्थ, स्फूर्त व चौकन्ना रखने में खेलों को सबसे अधिक आवश्यक बताते हुए विद्यालय प्रबंधन को बच्चों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं भविष्य में भी विद्यालय को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व एसआरयू प्रबंधन के अधिकारियों का विद्यालय प्रबंधन ने बुके देकर स्वागत किया। मौके पर जीएम एफ एंड ए आरके साहा, पीके गुप्ता,संदीप कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### प्रतिमाह होगी बीआरपी सीआरपी के साथ समीक्षा बैठक

## योजना व रूटीन बना कर करें काम : क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी




**हजारीबाग।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय प्रमंडलीय क्षेत्र शिक्षा संयुक्त पदाधिकारी सुमन लता टोपनो बलिहार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम, बीआरपी,एवं सीआरपी के साथ किया समीक्षा बैठक । श्रीमती टोपनो ने कहा कि हजारीबाग जिले का शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान रहा है और आगे भी रहेगा ।कार्य को योजनाबद्ध तरीके से रूटीन बनाकर किया जाय ।जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन ने ईवीवी में प्रोजेक्ट रेल का मार्क्स साप्ताहिक रूप अपडेट करते हुए पंजी का संधारण , रिजल्ट प्रकाशन तथा बीआरसी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत करने का निर्देश दिया। साथ हीं विद्यालयों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को पोशाक की राशि विद्यार्थी के खाते में प्रदान करने हेतु विद्यार्थियों का खाता अथवा माता पिता का खाता जो उपलब्ध हो बीआरसी को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बीआरपी सीआरपी को दिया। जिला शिक्षा पधाधिकारी ने विद्यालयों में स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब के संचालन पर जोर देते हुए कहा कि उत्कृष्ट शिक्षा हेतु डिजिटल तकनीक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। विद्यालय स्तर पर समय सारणी में स्मार्ट क्लास एवं आईसीटी लैब अनिवार्य है ।जहां इंस्ट्रक्टर नहीं हैं उस विद्यालय में शिक्षक अथवा बीआरपी सीआरपी अनुश्रवण के क्रम में स्मार्ट क्लास का लाभ विद्यार्थियों को प्रदान करें। एसएमसी पुनर्गठन कर उसका डाटा ई विद्यावाहिनी पर अद्यतन करने का निर्देश दिया। एसएमसी एवं पीटीएम की बैठक की कार्यवाही भी पोर्टल किया जाना अनिवार्य है।

## न्यूज बॉक्स

### डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया विश्व जनसंख्या दिवस, निकाली प्रभात फेरी



**बरकट्ठा।** गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिवाइन पब्लिक के निदेशक डॉ. आईपी भारती एवं स्कूल की प्रधानाचार्या स्वाती रंजन के द्वारा किया गया। मौके पर स्कूल से पंचफेड़ी चौक तक मानव श्रृंखला बनाकर प्रभात फेरी निकाली गई तथा विभिन्न प्रकार के पोस्टर एवं चित्रकारी बनाकर जागरूक होने का संदेश दिया गया।वहीं बच्चों के द्वारा हम दो हमारे दो के नारे देकर बढ़ती हुई जनसंख्या से उत्पन्न समस्या से निदान प्राप्त करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों ने संदेश दिया कि जनसंख्या को अनुकूल करना जरूरी है। क्योंकि बढ़ती हुई आबादी से ही सारे असुविधाएं हो रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डिवाइन स्कूल के डायरेक्टर आईपी भारती, स्कूल के प्रधानाचार्या स्वाती, कमलेश कुमार और अन्य गण शिक्षक मुरलीधर महतो, अजय कुमार, राजीव कुमार, पूनम कुमारी, प्रीति प्रभा, अनिल उपाध्याय, अभिषेक कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शहर और आसपास हुई बारिश से लोगों को मिली राहत



**रामगढ़ :** शहर और आसपास के क्षेत्रों मे गुरुवार को 3:00 बजे हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली. साथ ही शहर के आसपास रहने वाले किसान खुश दिखे. किसानों ने कहा की बारिश के अभाव में खेतों में बिहीन के लिए छीटा गया धान अंकुरित नहीं हो रहा था. लेकिन बारिश होने से धान अंकुरित हो जाएगा. वहीं, बारिश शहर एवं आसपास ही हुआ. ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश नही हुई. जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के किसान मायूस नजर आए.

### इनरव्हील क्लब ने भोजन का किया वितरण



**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा गुरूवार को शहर के श्री डिवाइन ओंकार मिशन में लंगर सेवा आयोजन किया। लंगर सेवा में शुद्ध भोजन एवं खीर का वितरण किया गया। लंगर के दौरान बड़ी संख्या में बुजुर्ग, कर्मचारी, मजदूर, छोटे छोटे बच्चों ने भोजन किया। इस मौके पर क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि मानव सेवा में अगर किसी भूखे को अच्छा खाना मिला जाए तो उससे बड़ी कोई सेवा नहीं होती। लंगर सेवा में चंद्रिका कोटेचा, अनुराधा श्रॉफ, नवलजीत कौर,जसप्रीत कौर एवं पिंकी पोद्दार ने योगदान किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष पिंकी पोद्दार,सचिव नवलजीत कौर, नीरू साहनी, रंजू अरोड़ा, जसप्रीत कौर,ममता अग्रवाल, श्वेता जैन,आदि उपस्थित थे

### वज्रपात से जानवरों की मौत पर कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह व उनकी टीम मदद के लिए आगे आई




**हजारीबाग।** ग्राम हुरुदाग मुन्डा टोली निवासी सुमबर हंस के एक जोड़े बैल और एक दुधारु गाय की वज्रपात से मृत्यु हो गई। इस दुखद घटना के चलते स्थानीय लोग बेहद चिंतित हैं। इस बाबत भुक्तभोगी ने बताया कि अपनी समस्या को लेकर उन्होंने कई स्थानीय नेताओं से गुहार लगाई लेकिन कोई आगे नहीं आया। अंततः उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी मुन्ना सिंह के प्रतिनिधि, विक्की कुमार धान से अपनी बात साझा कि, जिन्होंने तुरंत कार्यवाही करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा जताया। इस दुखद समय में, स्थानीय नेता विक्की कुमार धान ने उन्हें सांत्वना देते हुए उनके साथ खड़े होकर इस मामले का समाधान ढूंढने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

### बालिका मध्य विद्यालय गिद्दी में तीन दिवसीय योग शिविर का हुआ आयोजन

**गिद्दी।** राजकीय बालिका मध्य विद्यालय गिद्दी में गुरुवार को तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग गुरु बलिराम गिरी ने विद्यालय के छात्र और छात्राओं को योग और प्राणायाम कराया। साथ ही इससे होने वाले लाभ की जानकारी दिया। उन्होंने बताया योग और प्राणायाम मनुष्य जीवन की अत्यंत जरूरी है। इससे तन, मन और मस्तिष्क तीनों स्वस्थ्य रहता है। इसलिए सभी व्यक्ति को योग और प्राणायाम करना आवश्यक है।

### महावीर साहू की तीसरी पुण्यतिथि पर पूर्व विधायक हुए शामिल



**बरही।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश मंत्री सह बरही के सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू के पिता स्व. महावीर साहू की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुनील मेहता, भाजपा नेता रंजीत चन्द्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी मुख्य रूप से मौजूद रहे। स्व. महावीर साहू की तीसरी पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पार्टी के नेता और कार्यकताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि वे प्रारंभ से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में कार्य कर रहे थे। इसके बाद जनसंघ भारतीय जनता पार्टी में अंतिम समय तक रहे। कहा कि श्री साहू दो बार विधानसभा का चुनाव में भी खड़े हुए। उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने 20 सूत्री का जिला उपाध्यक्ष भी बनाया। यह संगठन के कई पदों में रहकर अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किया। श्रद्धांजलि सभा में मुकुंद साव, मनोज साव, हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, आकाश जायसवाल, मनोज उपाध्याय, संजीव कतरियार, कामेश्वर रविदास, संतोष निषाद, पिंटू जायसवाल, सुबोध केशरी, पप्पू चन्द्रवंशी, भरत पांडेय, मुनेश्वर गुप्ता, सुरेश साव, राजकुमार केशरी सहित अन्य सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जागरूकता

### प्रधानमंत्री का आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत आईसेक्ट विवि में किया गया पौधारोपण

# पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है : कुलपति




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस परिसर में अलग-अलग किस्म के 300 पौधे लगाए गए। दरअसल भारत सरकार राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पूरे देश में वन महोत्सव सप्ताह 1 से 7 जुलाई तक मनाया गया। इसी के अंतर्गत जुलाई के महीने में वन संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम के तहत आईसेक्ट विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के बैनर तले विश्वविद्यालय के एनएसएस युनिट-एक के हेरा फातिमा, तनिश्का कुमारी, पूजा कुमारी, आशुतोष कुमार दूबे, सहित कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने पौधारोपण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि पेड़-पौधे ही हमारे जीवन रक्षक है, पेड़-पौधों की अधिकता मानव जीवन को स्वस्थ्य रखने में मदद करता है। कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है कि उनकी रक्षा से ही मनुष्य के जीवन में बदलाव आ सकता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि जिस तरह विलासिता की जिंदगी ने पर्यावरण को हानि पहुंचाया है,समय रहते अगर इसपर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरे मानव समुदाय पर गहरा संकट आ सकता है। असमय वर्षा, अत्यधिक तापमान कुछ ऐसी निशानियां हैं, जो हमें सचेत कर रही है। ऐसे में सबसे अहम पौधारोपण ही है। साथ ही इसके वृक्ष बनने तक पूरी देखभाल भी हमारी जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता भी जरूरी है। विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के जरिए भी जागरूकता फैलायी जा रही है। एनएसएस

### मुहर्रम को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

## डीजे पूर्णत : प्रतिबंधित, पुराने मार्ग से ही जुलूस निकालने की अपील



**बरही ।** एसडीओ जोहन टुड्डू की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार, बीडीओ सी आर इंदीवर शामिल हुए. जिसका संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया. बैठक में कोनरा, रसोईया धमना, लसकरी आदि विभिन्न मुहर्रम अखाड़ा समिति के कार्यकर्ताओ ने मुहर्रम जुलूस से संबंधित जुलूस मार्ग की जानकारी दिया. इस दौरान पानी, बिजली सहित साफ सफाई करवाने का आग्रह किया. अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम ने जुलूस या कार्यक्रम के दौरान पुलिस बल उपलब्ध करवाने की बात कही. समाजसेवी मो तौकीर और मो तस्लीम ने रसोईयाधमना, लसकरी, कोयली के जुलूस की जानकारी दिया. मो रिजवान ने कोनरा और बरही से संबंधित जानकारी दिया. बीडीओ ने लोगो से अफवाहों से दूर रहकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किया. एसडीपीओ ने सभी से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से जुलूस निकालने की बात कही. उन्होंने दो टूक कहा कि असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी निगाह होगी.

## एक नजर

### नि:शुल्क हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाया



**बोकारो।** उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को जिले भर में मातृ शिशु दिवस पर सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सघन हीमोग्लोबिन जॉच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सदर अस्पताल? बोकारो, अनुमण्डलीय अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में किया गया, जहां सभी गर्भवती महिलाओं एवं धातृ महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। इस दौरान चिकित्सक टीम द्वारा शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम होने से होने वाले नुकसान के संबंध में भी बताया गया।वहीं, शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा को बूस्ट करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां अपने आहार में शामिल करने की बात कहीं। महिलाओं को साग, पालक, शिमला मिर्च और ब्रोकली खाना चाहिए।

### भारी मात्रा में अवैध लकडी जब्त



**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के आईईएल स्थित देव शो आरा मील पर वन विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान बंद आरा मशीन से अवैध रूप से रखे गए भारी मात्रा में लकड़ी को जब्त किया गया है। इस संबंध में बोकारो रेंज के प्रभारी डीएफओ संदीप शिन्दे ने बताया कि देव शो आरा मील जिसका संचालन बिनोद शाह कर रहा था, जो पहले से ही बंद है, लेकिन सूचना मिल रही थी कि बंद आरा मिल में चुपके-चुपके से नए लकड़ियों का चिरान हो रहा है। इसी सूचना पर छापेमारी की गई है और इस दौरान भारी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त किया गया है।

# गिरिडीह पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह की साइबर थाना पुलिस ने गुरुवार को कई स्थानों पर छापेमारी कर छह अपराधियों को दबोचने में सफलता पायी।

गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 12 मोबाइल के साथ एक एटीम समेत कई सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सरिया के नगर केशवरी निवासी मीतलाल मंडल, बगोदर के अटका निवासी चंदन कुमार, जमुआ के चुंगलों निवासी बीरेंद्र मंडल, बेंगाबाद थाना इलाके के महदेया निवासी पंकज मंडल, गांडेय के महजोरी निवासी अब्दुल कयूम और बरमसिया निवासी कमरुद्दीन अंसारी शामिल हैं।

गिरफ्तार अपराधियों के अपराध के तरीके की जानकारी देते हुए एसपी दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि सारे अपराधी युवाओं के नंबर फेसबुक से खोज कर उन्हें ऑनलाइन सेक्स के लिए इन्वाइट करते, और लड़की की फेक फोटो का इस्तेमाल कर न्यूड वीडीओ करते, और स्क्रीन शॉट लेकर ठगी किया करते थे। इतना ही नहीं इन अपराधियों के निशाने पर गर्भवती महिला भी हुआ करती, जिन्हें ये अपनी ठगी का शिकार बनाते। यही गिरफ्तार अपराधी लोगों को राशन वितरण करनेवाले विभाग का कर्मी बता कर उनसे ओटीपी मांगते और उन्हें भी ठगी का शिकार बनाते थे।

### साल 2025 के अंत तक बनकर तैयार होगा 100 बेड का रनिंग रूम

**जमशेदपुर।** रेलवे रनिंग स्टाफ के लिए जल्द ही 100 बेड का रनिंग रुम बनकर तैयार हो जाएगा. इसके लिए काम शुरू कर दिया गया है। इसके बनते ही एक साथ 194 रनिंग स्टाफ ठहर पाएंगे। यह जानकारी गुरुवार को टाटानगर एआरएम अभिषेक सिंघल ने प्रेस वार्ता में दी। एआरएम ने बताया कि कुल 7 करोड़ की लागत से इस रनिंग रूम को तैयार किया जा रहा है जो पुराने परिसर से ही जुड़ा होगा। इसमें सेंट्रलाइज्ड एसी की सुविधा होगी, जिससे रनिंग स्टाफ को काफी सहूलियत मिलेगी। फिलहाल रनिंग रूम में एक साथ 94 स्टॉफ के ठहरने की व्यवस्था है। हालांकि यहां प्रतिदिन औसत 150 स्टाफ ठहरते हैं। पूर्व में यहां सिर्फ 22 कमरे और 83 बिस्तर थे, जिसे बढ़ाकर 29 कमरे और 94 बिस्तर किया गया है। इसके अलावा रनिंग स्टाफ को किसी तरह की समस्या ना हो इसके लिए सभी कमरों में एसी लगाया गया है। पूर्व में रनिंग स्टाफ के लिए रेलवे वाटर बैंक से पानी की सप्लाई की जाती थी पर अब अलग से ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर पानी की सप्लाई की जाती है।

### ईचागढ़ प्रखंड में सभी विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड कार्यलय के सभागार में गुरुवार को सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई. बैठक में क्षेत्र की विधायक सविता महतो भी शामिल हुईं। प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित विकास योजनाओं की जानकारी और उसकी प्रगति रिपोर्ट दी। उन्होंने प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों से भी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने और उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर किसानों के बीच कृषि उपकरण और बीजों का भी वितरण किया गया। मौके पर 11 किसानों के बीच पंपसेट और धान व मकई का बीज वितरण किया गया। बैठक में प्रमुख गुरुपद मार्डी, अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष कान्हाई लाल बेसरा, उपाध्यक्ष अघोर महतो, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनुपम घोषाल, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हरेलाल महतो समेत कई पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### 60 हजार से ज्यादा घरों में की गई लार्वा की जांच

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में डेंगू के पॉजिटिव मामले सामने आने के बाद हरकत में आयी प्रशासनिक मशीनरी ने युद्धस्तर पर लार्वा की जांच शुरू कर दी है. तीन दिनों में अबतक 60 हजार से ज्यादा घरों में डेंगू लार्वा की जांच की गई। साथ ही लार्वा मिलने पर मच्छर रोधी दवा का छिड़काव किया गया। इस अभियान में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो नगर निगम, जुगसलाई नगर परिषद, चाकुलिया नगर पंचायत समेत जुस्को की टीम शामिल है। सभी टीमों ने नगर निकायों में लगभग 40 हजार कंटेनरों (पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि) की जांच की। जिसमें 360 कंटेनरों में एंटी लार्वा का छिड़काव किया व अन्य कंटेनरों को खाली कराया गया। सिविल सर्जन ने कहा कि बरसात के दिनों में मच्छर जनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के लिए मच्छरों के प्रजनन के संभावित स्त्रोतों को खत्म करना बहुत जरूरी है। इसके लिए एंटी लार्वा छिड़काव, फॉगिंग और साफ-सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

# देश में जल्द लागू हो जनसंख्या कानून : प्रो शिवदयाल साहू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के कार्यालय में ज्ञापन सौपकर देश में जल्द जनसंख्या कानून लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिस तरह से देश में जनसंख्या बढ़ रही है उसी के निमित्त सख्त कानून बनाने हेतु जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के द्वारा डीसी कार्यालय में ज्ञापन सौपा गया।



जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के लोहरदगा संयोजक शिवदयाल साहू की अध्यक्षता में ज्ञापन सौपा गया। जिसमें मुख्य रूप से शिवदयाल साहू, सतीश पांडे, चंदन गोयल, अशोक कसकर, देवेंद्र कुमार मंडल, प्रमोद प्रजापति, सुधांकर साहू, संजय पांडे, विवेक अग्रवाल, कमलेश महतो, मनोज महाली सचिन कुमार साहू उपस्थित थे।

### गुदड़ी के जोनो गांव में दस्त से वृद्ध की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र गुदड़ी प्रखंड के जोनो गांव में दस्त से पीड़ित एक वृद्ध की मौत हो गयी. इस गांव के करीब 70 वर्षीय वृद्ध हारून डहंगा एक सप्ताह से दस्त से पीड़ित थे. पर्याप्त इलाज के अभाव में बुधवार की रात उनकी मौत हो गयी. इस गांव में पानी की समस्या है. गांव के कई टोलों में चापाकल नहीं होने से ग्रामीण नदी-नाले का पानी पीते हैं. इस गांव में पिछले दिनों भी दो लोग दस्त से पीड़ित थे. वे ठीक हो गये हैं. इसके साथ ही वर्ष 2019 में इस गांव के दर्जनों लोग दस्त की चपेट में आ गये थे, जिससे दो लोगों की मौत हो गयी थी. वृद्ध की मौत की सूचना मिलने के बाद गुरुवार को सोनुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पराव माझी मेडिकल टीम के साथ गांव गईं. वहां अन्य दस्त पीड़ितों को दवाइयां दी गईं।

### एसटीपीआई की बाउंड्री वॉल तोड़े

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर में केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की जमीन पर भू-माफियाओं की नजर है. श्रीडूंगरी से सटे एसटीपीआई की चहारदीवारी (बाउंड्री वॉल) को भूमाफिया जबरन तोड़कर अतिक्रमण का प्रयास कर रहे हैं, जिसे देखने वाला कोई नहीं है। करीब आठ वर्ष पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से झारखंड के तीन अलग-अलग जिलों में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण कराया गया है। जिसमें जमशेदपुर से सटे आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर, नियर 7 फेज के पास भी करोड़ों के लागत से सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया भवन का निर्माण कराया गया है। हालांकि यह सॉफ्टवेयर पार्क अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। लेकिन बिल्डिंग और चहारदीवारी निर्माण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बीच श्रीडूंगरी से सटे बाउंड्री वाल को कुछ भू-माफियाओं द्वारा दिनदहाड़े ड्रिल मशीन के सहारे तोड़ा जा रहा है।

## अनुमंडल अस्पताल घाटशिला में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस





**घाटशिला।** अनुमंडल अस्पताल घाटशिला में गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यकम में लोगों को परिवार नियोजन के स्थायी तथा अस्थायी विधियों की जानकारी दी गई. साथ ही विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार स्वास्थ्य मेला माह का प्रारंभ किया गया, जो 11 जुलाई से 10 अगस्त तक मानाया जाएगा. इस मेले में परिवार नियोजन की जानकारी दी जाएगी. कार्यक्रम में उपाधीक्षक सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी राजेन्द्र नाथ सोरेन, चिकित्सा पदाधिकारी रविन्द्र नाथ टुडू एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना कुमारी, प्रखण्ड कार्यकम प्रबंधक मंयक सिंह तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### कराईकेला पंचायत भवन में किसानों को बांटे गये मक्का के बीज



**कराईकेला।** बंदगांव प्रखंड के कराईकेला पंचायत भवन में गुरुवार को प्रखंड कृषि विभाग की ओर से किसानों के बीच मक्का के बीज का वितरण किया गया. मौके पर मौजूद प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय सिंह जोंको ने कहा कि बरसात के मौसम में मक्के के बीज लगाये जाते हैं. इससे मकई की पैदावार होने से किसान बेहतर आय कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की ओर से समय-समय पर किसानों के बीच तरह-तरह के बीज, खाद इत्यादि वितरण के साथ-साथ प्रशिक्षण दिया जाता है. प्रत्येक किसान को दो-दो किलो के हिसाब से मक्का बीज बांटे गये. प्रखंड के घाटी नीचे के नकटी, कराईकेला, हुड़ांगदा, भालुपानी, लाण्टूपोदा पंचायत के विभिन्न गांवों से पहुंचे कुल 30 किसानों ने धान बीज लिया. मौके पर पंचायत सेवक लालसिंह भूमिज, झामुमो नेता अरुप चटर्जी, सुभाष कालिंदी, अमूल्यो मंडल, सुखलाल गागराई, सुरेन्द्र हेम्ब्रम, सुखदेव जामुदा, मदन पूर्ति, कृष्णा गागराई समेत अन्य मौजूद थे।

### रेडियम लगाने के नाम पर वाहन चालकों से अवैध वसूली, विरोध



**जमशेदपुर।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर वाहन चालकों से विभिन्न हथकंडा अपना कर अवैध रूप से रुपये वसूलने का मामला प्रकाश में आता रहता है. कभी फाइनेंस कंपनी का आदमी बताकर, तो कभी डीटीओ-आरटीओ विभाग का कर्मी बताकर तो कभी रेडियम लगाने के एवज में वाहन चालकों से रुपये वसूलने का मामला प्रकाश में आता रहता है. ऐसा ही एक ताजा मामला प्रकाश में आया है. मामला चौका थाना क्षेत्र के दिरलौंग का है. गुरुवार को दिरलौंग में एनएच 33 पर असामाजिक तत्वों द्वारा ट्रक चालकों से अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है. दिरलौंग के पास 8-10 की संख्या में लोग सड़क पर खड़े होकर ट्रक चालकों से रेडियम लगाने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे थे. इतना ही नहीं, ये लोग भारत सरकार द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के निदेशानुसार छपवाया रसीद भी काटकर दे रहे थे. लेकिन रसीद किसके द्वारा काटा जा रहा है, मंत्रालय की ओर से किस संस्था को आदेश जारी किया गया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची
नीलामी सूचना

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची कार्यालय में अनुपयोगी सामग्रियों यथा Furniture, Electronic Item, Books एवं जेनसेट आदि के क्षेत्र में काम करने वाले इच्छुक निविदाकार/फर्मों से मुहरबंद लिफाफे में तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक संवेदक/फर्म किसी भी कार्य दिवस में सुबह 11:00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची के कार्यालय में 5 KVA जेनसेट एवं रद्दी कागज आदि का दौरा/निरीक्षण कर सकता है। निविदा दस्तावेज तकनीकी एवं वित्तीय Bid अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में समूहवार संलग्न सामग्री विवरणी का मूल्य प्रति किलोग्राम उल्लेख कर निविदा कागजात दिनांक 16.07.2024 को शाम 04:00 बजे तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची के कार्यालय में जमा किया जाएगा।

निविदा कागजात दिनांक 10.07.2024 से 13.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, (डायट), रातू, राँची के प्राचार्य कक्ष में 2000/– रुपये का Bank Draft जो प्राचार्य, (डायट), रातू, के नाम से निर्गत हो, जमा कर निविदा कागजात प्राप्त करेंगे।

शर्तों आदि की विवरणी नीलामी प्रपत्र में उल्लेखित है।

(दीप्ति कुमारी)
प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रातू, राँची
PR 329323 School Education and Literacy(24-25)D
ज्ञापांक :– 94
राँची, दिनांक 01/07/2024

## अब झारखंड में चलेगा राहुल बाबा और हेमंत बाबा का राज : इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री पद संभालने के बाद पहली बार धनबाद पहुंचे ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री इरफान अंसारी का जिला प्रशासन की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। धनबाद के उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने अपने आवास पर मंत्री को गुलदस्ता देखकर स्वागत किया। इसके साथ ही गठबंधन के सभी नेताओं ने भी मंत्री का स्वागत किया।



इस दौरान इरफान अंसारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि गोबिंदपुर से साहिबगंज सड़क को फोर लेन करने के लिए पहल की जा रही है। गांव को शहर से जोड़ने के लिए काम किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लेकर कहा की बाबूलाल जी आजमाए हुए नेता है। अब भाजपा को चाहिए नए फेस को आगे करना चाहिए। भाजपा बार बार एक पुराना कैसेट लगा देती है। जबकि बाबूलाल जी को यहां के लोगो ने नकार दिया है, जो पांच एसटी सीट थी उसे हमलोगों ने जीता है। उन्होंने कहा कि अब यहां पर एकतरफा राज चलेगा राहुल बाबा और हेमंत बाबा का। आने वाले चुनाव में हमारी गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करेगी। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सारे पदाधिकारी सुधर जाए नही तो करवाई की जायेगी।

### बाइक से गिरकर पत्नी की मौत, पति बेखबर

**गिरिडीह ।** बगोदर थाना इलाके में गुरुवार को सड़क हादसे में लोचनि देवी (50 )की मौत हो गईं। लोचनि देवी अपने पति के साथ बाइक में हजारीबाग के बरही से बगोदर आ रही थी और बगोदर में बाइक से नीचे गिर पड़ी।

हैरानी की बात तो ये भी रहा कि पति के साथ बाइक में होने के बाद भी उसके पति को इसकी भनक तक नहीं लगा कि उसकी पत्नी लोचनि देवी भी गिर गई और उसकी मौत हो गईं। कुछ दूर जाने के बाद जब पति ने देखा कि पत्नी बाइक पर नहीं है, तो उसने खोजना शुरू किया और वापस लौटा, तो पत्नी को सड़क पर पाया, जहां लोगों की भीड़ जुटी हुई थी। इस बीच जानाकारी मिलने के बाद बगोदर थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (सहकारिता प्रभाग)
कार्यालय-प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, रांची
(email- principalranchi@gmail.com)

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–01/2024–2025

वित्तीय वर्ष 2024–2025 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं में अल्पाहार /भोजन आदि से सम्बधित कैटरिंग व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रणः–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(सहकारिता प्रभाग) के अन्तर्गत कार्यालय, प्राचार्य सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–2025 में विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं के आयोजन के क्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों, अतिथियों, आगंतुको आदि हेतु अल्पाहार/भोजन आदि से सम्बधित कैटरिंग व्यवस्था कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती हैं।

इच्छुक निविदादाता कार्यालय, प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची गुंगू टोली बहुबाजार, राँची में निविदा दिनांक 31/07/2024को अपराहन् 02.00बजे तक समर्पित कर सकते है। निविदा की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट्ट एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड राँची पर उपलब्ध है। इस निविदा से सम्बन्धित अनुवर्ती/बाद की संशोधित एवं अन्य आवश्यक सूचनाए कार्यालय के सूचना पट्ट एवं सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के वेबसाईट पर उपल्ब्ध होगी। निविदा को किसी भी स्तर पर संशोधित या रद्द करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगी। इस निविदा प्री वीड मिटिंग की तिथि 22/07/2024 को पूर्वाहन11.45बजे होगी तथा निविदा दिनांक 02/08/2024 को पूर्वाहन् 11.45 बजे खोली जायेगी ।

नोटः– निविदा की शर्ते एवं सामग्री आपूर्ति की सूची www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 329321 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25)#D
प्राचार्य,
सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची

### जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग

**जमशेदपुर।** वजन संख्या समाधान फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश में कठोर जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की. फाउंडेशन के अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव जनसंख्या बढ़ने से अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। समग्र विकास की राह में रोड़े उत्पन्न होते हैं। ऐसे में देश में कठोर जनसंख्या कानून समय की मांग है। प्रदर्शन में रीना चौधरी, विवेक सिन्हा, नागमणि गुप्ता, सुमित शर्मा, शेखर महतो, शोभा श्रीवास्तव, रानी ठाकुर, भारती कुमारी, मधु माला, रचना श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

### नाराज राशन कार्डधारियों ने प्रखंड मुख्यालय का किया घेराव

**पोटका।** पोटका प्रखंड के हाथीबिंदा गांव के लोगों ने बृहस्पतिवार को पोटका प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। लोगों का आरोप है कि पीडीएस डीलर अन्नपूर्णा महिला समिति उन्हें चार माह से राशन नहीं दे रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन के नेतृत्व में दर्जनों कार्डधारियों ने रैली निकाल कर प्रखंड कार्यालय में प्रदर्शन किया। बीडीओ से मिलकर अनाज उपलब्ध कराने की मांग की वहीं बीडीओ ने सभी की बातों को सुनने के बाद मार्केटिंग ऑफिसर डॉ अशोक कुमार को जांच कर एक सप्ताह के अंदर गरीब राशन कार्डधारियों को अनाज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### टाटा स्टील के विजय-टू खदान में हाइवा व टैंकर में टक्कर, दो घायल



**चाईबासा।** टाटा स्टील की विजय-टू लौह अयस्क खदान में 11 जुलाई की दोपहर लगभग 12 बजे पानी टैंकर व हाइवा के बीच सीधी टक्कर में टैंकर वाहन के चालक राज पूर्ति पिता बुधराम पूर्ति व हाइवा के खलासी छोटू पूर्ति पिता दुर्गा पूर्ति घायल हुये। दोनों घायलों को टाटा स्टील की नोवामुंडी अस्पताल में इलाज हेतु भेजा गया है। दोनों खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। दोनों वाहन व घायल बराईबुरु गांव के निवासी हैं।

### शराब दुकान में चोरी करने वाले अंतर राज्यीय गिरोह के सरगना समेत आठ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर पुलिस ने शहर और आस-पास के क्षेत्रों के शराब दुकानों में लगातार हो रही चोरी का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में अंतर राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। इस मामले में पुलिस ने सरगना समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में जुगसलाई गौरीशंकर रोड निवासी मो। राजू उर्फ विजय मुंडा, सिदगोड़ा बागुनहातू निवासी दिलीप कालिंदी, जुगसलाई निवासी मो। अफजल, बारीडीह निवासी अंकित करण, गम्हरिया निवासी लालटू गोराई, खिरोद गोराई, साकची निवासी राजा सिंह उर्फ कोदु सरकार उर्फ कद्दू और गोलमुरी निवासी साबा सिंह उर्फ लड्डू सिंह शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, घटना में इस्तेमाल की गई चार कार, 55 पेटी शराब, आठ मोबाइल फोन और ताला तोड़ने के लिए इस्तेमाल करने वाला औजार बरामद किया है। गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से एक साथ 20 मामलों का उद्भेदन हुआ है। शहर की शराब दुकानों में हो रही चोरी के उद्भेदन के लिए पुलिस ने एसआईटी का गठन किया था। मंगलवार को सूचना मिली कि एक कार में कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसके बाद पुलिस ने गालूडीह के सालबनी मोड़ के पास जांच अभियान चलाया। मौके पर पुलिस ने अफजल, मो। राजू, दिलीप और अंकित को पकड़ लिया, जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए।

Office of Disrict Legal Services Authority, Gumla

(Notice regarding vacancy of Member in Permanent Lok Adalat, Gumla.)

Application in the prescribed format is invited from persons having adequtate experience in public utility services ( Transport Service for the carriage of passengers or goods by air, road or water; or postal telegraph or telephone Service ; or supply of power, light or water to the public by any establishment; or system of publice conservancy or education; or service in hospital or dispensary; or insurance service; or banking service; or education or educational institutions; or housing and estate services) for filling up the post of Member, PLA of Gumla.

**Number of Posts-** 01.

**Entitlement:** Sitting fee **2000/- per siting and Rs. 5000/-** conveyance allowance per month.

**Period of appointment;** The Member shall hold office for a term of 5 years or till the age of sixty- five years, whichever is earlier . Applicant mut attach one recent passport size photograph affixed in application, two self addressed stamped envelope (Rs.42/- each) with the application.

**Last Date of application;** Application addressed to **Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court, Gumla must reach by Speed Post/ Courier/ Registerd Post latest by 10.08.2024 by 05** PM.

Application for the post of **Member, PLA Gumla**

FORMAT

Passport size Photograph

| | |
|---|---|
| Name of Applicant: | |
| Fathers Name: | |
| DOB and Age : | |
| Address with PIN code | |
| Contact No- | |
| Email Address | |
| Educational Qualification: *enclose copies of educational qualification | |
| Experience, work profile certificate, if any *enclose copies of experience certificate | |
| Where convicted in any criminal case or any criminal case pending against the candidate Yes/No | |

DECLARATION

I ____________ hereby declare that all the contents mentioned above are true and nothing has been concealed by me. If any statement is found incorrect or misleading, my candidature may be cancelled.

Date and Place
Signature of applicant and Mobile No.

Sd/-
Principal District & Sessions Judge-cum-Chairman,
District Legal Services Authority, Gumla.

PR 329331 Law(24-25).D

**कोई भी व्यक्ति छोटा या बड़ा अपने जन्म के कारण नहीं बल्कि अपने कर्म के कारण होता है : संत तुलसी दास**



# करियर चाहिए बच्चे नहीं की बढ़ती प्रवृति

***टेस्ट*** ट्यूब बेबी के अस्पताल छोटे-बड़े शहरों में बढ़ रहे हैं, विभिन्न कारणों से घटते प्रजनन दर, महानगरों में युवा विशेष तौर पर कॉर्पोरेट संस्कृति वाली पीढ़ी की संतानोत्पत्ति के प्रति निरंतर बढ़ती अरुचि भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। एक अनुमान के अनुसार अगले दस वर्ष के भीतर भारत में आईवीएफ उद्योग लगभग पांच गुना वृद्धि के साथ 370 करोड़ डॉलर के बराबर हो जाएगा, जो 2020 में 80 करोड़ डॉलर से भी कम था। इन तथ्यों से यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि प्रजनन क्षमता में कमी आ रही है, बल्कि इसकी पृष्ठभूमि में संतानोत्पत्ति के प्रति बढ़ती अरुचि है। कॅरिअर के कारण बच्चे पैदा करना अभिजात्य वर्ग की प्राथमिकता में लगभग अंतिम छोर पर पहुंच गया है। पश्चिमी देशों की तरह इस प्रकार एक नए समाज की संरचना हो रही है। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर उपेक्षित एवं वंचित वर्ग संबंधी गणना तथा आंकड़ों के वैज्ञानिक संग्रहण का अपना लक्ष्य निर्धारित किया है। यह अनूठा है, क्योंकि विगत 30 वर्षों से 11 जुलाई (विश्व जनसंख्या दिवस) को जनसंख्या संबंधी बड़े-बड़े आयोजनों में नए विषयों के प्रति संकल्प लिए जाते रहे हैं। इनमें वंचित वर्ग उपेक्षित ही रह जाता था। लेकिन अब संयुक्त राष्ट्र को उसका ख्याल आया है। इसके पीछे वर्तमान संदर्भ और भविष्य की जनसंख्या संबंधी कुछ अनुमान हैं। उपलब्ध अनुमानों के अनुसार, अगले पच्चीस वर्षों में दुनिया के मात्र एक तिहाई देशों (204 में से 49 देशों) में ही पर्याप्त प्रजनन दर रहेगी, जो इस शताब्दी के अंत तक मात्र तीन प्रतिशत यानी 204 में से छह राष्ट्रों तक सिमट कर रह जाएगी। अनुमान के अनुसार, आबादी में वृद्धि मुख्यतः अफ्रीकी देशों में होगी। माना जाता है कि शताब्दी के अंत तक आधी आबादी अफ्रीकी राष्ट्रों में पैदा होगी। इसके साथ ही प्रजनन की प्रवृत्ति मूलत : निम्न मध्यवर्ग तक सीमित रह जाएगी, जिससे भविष्य में व्यापक वर्गभेद होने की आशंका है, क्योंकि आबादी में निम्न आय वर्ग की संतानों की बहुतायत होने तथा उच्च वर्ग में संतानोत्पत्ति से बेरुखी होने के कारण उपलब्ध संसाधनों और राजनीति पर धीरे-धीरे नियंत्रण बदल जाएगा, जो अभिजात्य वर्ग को स्वीकार नहीं हो सकता है। विडंबना यह होगी कि सामर्थ्यवान के पास संतान नहीं और संतान वाले के पास संसाधन नहीं। आशंका यह भी है कि प्रजनन के अभाव में अनेकानेक विकसित राष्ट्रों में अप्रवासी और शरणार्थी भारी संख्या में प्रवेश करेंगे। जनसंख्या असंतुलन का एक विशिष्ट उदाहरण है दक्षिण कोरिया और नाइजीरिया की वर्तमान स्थिति। पिछले कुछ वर्षों में जहां दक्षिणी कोरिया में ऋणात्मक प्रजनन दर रही है, वहीं नाइजीरिया में प्रजनन दर लगभग प्रति महिला सात बच्चों की पाई गई है। ऐसे में संसाधनों का पुनः बंटवारा होना लाजिमी है। कोरिया की महिलाएं अपने व्यावसायिक जीवन की उन्नति और बच्चों के लालन-पालन की बढ़ती लागत के कारण संतान देर से या नहीं पैदा करती हैं। इस ऋणात्मक वृद्धि के कारण सृष्टि पर कई विषम प्रभाव भी पड़ेंगे। सामान्य तौर पर तो आबादी की कमी से सहज एवं सुगम जीवन की प्रत्याशा रहती है, किंतु इस कमी के कारण किंचित महत्वपूर्ण व्यवसाय यथा कृषि अत्यधिक प्रभावित होंगे, जिससे खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण आदि पर असर पड़ेगा। कम आबादी से लोगों का व्यावसायिक रुझान श्रम विहीन, तकनीकी कौशल, शोध आदि की ओर होगा। आशंका है कि घटती आबादी भू-राजनीतिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को भी जन्म देंगी। इसी कारण 1994 में जनसंख्या वृद्धि को 2.1 बच्चे प्रति महिला तक सीमित करने का लक्ष्य तय किया गया था, ताकि संतुलन कायम हो सके। वर्तमान परिदृश्य भविष्य में असंतुलन की आशंका को दर्शाता है। भारत में भी जनसंख्या स्थिरीकरण एक गंभीर चुनौती है। औसत आयु में वृद्धि, बेहतर चिकित्सा सुविधाओं, संसाधनों की उपलब्धता के चलते अगले कुछ वर्षों में संख्यात्मक वृद्धि तो दिखेगी, किंतु वास्तविक रूप में प्रजनन दर निरंतर घटती जा रही है। आशंका है कि शताब्दी के अंत तक प्रजनन दर मात्र एक बच्चा प्रति महिला तक सीमित हो जाएगी। अतः आवश्यक है कि आबादी का गुणावगुण के आधार पर विश्लेषण हो न कि महज जनसंख्या को बोझ मानकर। संतुलन समय की आवश्यकता है, तो प्राकृतिक रूप से संतानोत्पत्ति को कायम रखना भविष्य की आवश्यकता।यहां एक बात उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ग मजबूरी में और कुछ राजनीति के तहत अधिक बच्चे पैदा कर रहे हैं इसलिए सरकार को दोनों स्थितियों की समीक्षा करनी चाहिए।

इन दिनों

# भारत की परिवार नियोजन यात्रा: हमारे निर्णायक क्षण और चुनौतियां



जगत प्रकाश नड्डा

***इस*** विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर, हम परिवार नियोजन के क्षेत्र में भारत की अविश्वसनीय यात्रा पर गौर करते हैं। हम अपनी सफलताओं का उत्सव मनाते हैं, आशाओं से भरे भविष्य की कामना करते हैं और आगे आने वाली चुनौतियों से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

**जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के प्रति रवैया**

भारत में मिलेनियल महिलाएं छोटे परिवारों को चुन रही हैं। ऐसे प्रत्येक परिवार में औसतन केवल दो बच्चे होते हैं। यह प्रवृत्ति पिछले दशक में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है, जिसके दौरान प्रजनन आयु (15 से 49 वर्ष) की आधी से अधिक महिलाओं (57 प्रतिशत) ने आधुनिक गर्भनिरोधकों का सक्रिय रूप से उपयोग किया है। गर्भनिरोधकों का यह व्यापक उपयोग भारत के परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है। हालांकि, परिवार नियोजन का आशय केवल गर्भनिरोधकों से कहीं आगे है। यह महिलाओं, परिवारों और समुदायों के स्वास्थ्य एवं कल्याण का अभिन्न अंग है। यह महिलाओं, लड़कियों एवं युवाओं को अधिकार और विकल्प प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाता है। 10-24 वर्ष की आयु के 369 मिलियन युवाओं के साथ, भारत एक परिवर्तनकारी जनसांख्यिकीय बदलाव के दौर से गुजर रहा है और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए तैयार है। इसके अलावा, पिछले कुछ दशकों में, इस कार्यक्रम में काफी विकास हुआ है और परिवार नियोजन के विभिन्न तरीकों को अपनाया गया है, जिसमें क्लिनिक-आधारित से लेकर लक्ष्य-उन्मुख तरीके और अब परिवार नियोजन विकल्पों को स्वैच्छिक रूप से अपनाना शामिल है। यह बदलाव आबादी की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए नीतियों को ढालने का प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी नीतियां परिवार नियोजन की अधूरी रह गई उस जरूरत को पूरा करने की आवश्यकता पर बल देती हैं, जिसे वैसी महिलाओं के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है जो बच्चे नहीं चाहती हैं या बच्चे को जन्म देने में देरी करना चाहती हैं लेकिन गर्भनिरोधक का कोई भी तरीका नहीं अपना रही हैं। इस कार्यक्रम ने 2012 में प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य (आरएमएनसीएच+ए) दृष्टिकोण के संस्थागतकरण के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, साथ ही परिवार नियोजन 2020 और अब परिवार नियोजन 2030 के माध्यम से परिवार नियोजन पर वैश्विक स्तर पर जोर दिया गया। इसने निरंतर जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने, सूचना और सेवाओं की सुलभता में सुधार करने, गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा का विस्तार करने, अंतिम छोर तक दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी आश्वासन सुनिश्चित करने और उच्च प्रजनन क्षमता वाले क्षेत्रों में नई रणनीतियों को लागू करने पर ध्यान केंद्रित किया है। किसी देश की प्रगति और विकास जनसंख्या के आयामों से जुड़ा हुआ है। भारत पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर (टीएफआर 2.0) को प्राप्त कर चुका है और एनएफएचएस-5 (2019-21) के अनुसार 31 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पहले ही यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं, जो इसकी यात्रा की सफलता की कहानी है। इसके साथ-साथ परिवार नियोजन को मातृ एवं शिशु रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए भी वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त है और इस कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण घटक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है, जिसने समग्र नीतिगत उद्देश्यों को व्यापक तरीके से विस्तारित किया है। भारतीय राज्यों की जनसांख्यिकीय विविधता दुनिया में अनूठी है और परिवार नियोजन की रणनीतियों को इसके अनुरूप ही ढाला गया गया है। सुलभ गर्भनिरोधक विकल्पों की सीमा को व्यापक बनाने के साथ-साथ, यह रणनीति विवाह की आयु, पहले जन्म की आयु और लड़कियों की शैक्षिक प्राप्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी महत्वपूर्ण रूप से विचार करती है। ये कारक परिवार नियोजन के लिए एक समग्र दृष्टिकोण बनाने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं जो राष्ट्र की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है। **राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत विकल्पों का विस्तार :** जनसंख्या की बदलती जनसांख्यिकी और जरूरतों के अनुरूप, वित्तीय वर्ष 2016-17 में गर्भनिरोधक विकल्पों का विस्तार किया गया। वर्तमान में, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम कंडोम, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण, मुंह से ली जाने वाली गोलियां, एमपीए इंजेक्शन समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिवर्ती आधुनिक गर्भनिरोधक प्रदान करता है। 10 राज्यों में, जिनमें से प्रत्येक में दो जिले शामिल हैं, उपत्वचीय प्रत्यारोपण और त्वचा के नीचे दिया जाने वाला इंजेक्शन (अंतरा-एससी) शुरूआती चरण में हैं, जिसकी आने वाले वर्षों में पूरे भारत में विस्तार की योजना है। **कार्रवाई का आह्वान :** हम विश्व जनसंख्या दिवस 2024 मना रहे हैं, जिसका विषय है 'मां और बच्चे के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल।' हम अपने राज्य समकक्षों के प्रयासों और हमारे स्वास्थ्य कार्यबल, जिसमें एएनएम, आशा और अन्य जमीनी स्तर के कार्यकर्ता शामिल हैं, के अथक समर्पण को स्वीकार करते हैं, जो महत्वपूर्ण जानकारी और सेवाएं देने में सबसे आगे हैं। दुनिया के युवाओं, किशोरों, महिलाओं और बच्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हमारे देश में रहता है, जो हमें जनसांख्यिकीय लाभांश का अनूठा उपहार देता है, साथ ही हमारे लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण में निवेश करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को रेखांकित करता है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और गर्भनिरोधकों की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच महत्वपूर्ण है। सरकार पहुंच से संबंधित बाधाओं, गर्भनिरोधक विधियों के बारे में गलत धारणाओं, जरूरतमंदों के बीच जागरूकता की कमी, भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों और प्रतिबंधात्मक सामाजिक व सांस्कृतिक मानदंडों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवार नियोजन सेवा अदायगी में सुधार के लिए पर्याप्त निवेश किया जा रहा है, जिसमें अस्थायी और दीर्घकालिक गर्भनिरोधक विधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, पर्याप्त बजटीय आवंटन और स्वास्थ्य सुविधाओं और सामुदायिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति बनाए रखना शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। डिजिटल दुनिया के तेज विकास को देखते हुए, सरकार हमारे विजन को इससे जोड़ने और प्रसारित करने के अवसर का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सूचना और सेवाओं तक पहुंच के मामले में कोई भी पीछे न छूट जाये। हमारे परिवार नियोजन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग और समर्पण की आवश्यकता है।

**(केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और उर्वरक मंत्री, भारत सरकार)**

### मिशन परिवार विकास (एमपीवी) : परिवार नियोजन में बदलाव

भारत सरकार के प्रमुख परिवार नियोजन कार्यक्रमों में से एक, मिशन परिवार विकास को 2016 में सात राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम) के उच्च प्रजनन दर वाले 146 जिलों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था। यह व्यापक अभियानों के माध्यम से परिवार नियोजन सेवाओं के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण पर आधारित था। इसके तहत, सारथी वाहनों (वाहन के जरिये जागरूकता), युवा महिलाओं के लिए गर्भनिरोधकों तक पहुंच की सुविधा में सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए सास बहू सम्मेलनों का आयोजन और नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और जिम्मेदार माता-पिता की प्रथाओं के बारे में जागरूक बनाने के लिए नई पहल किट प्रदान करने जैसे विभिन्न कार्यक्रमों को शामिल किया गया था। साथ ही, एक मजबूत परिवार नियोजन लॉजिस्टिक्स प्रबंधन सूचना प्रणाली का उपयोग करके गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और गर्भनिरोधकों की निर्बाध आपूर्ति के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को तैयार किया गया था। आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ और कार्यक्रम में शामिल जिलों में इनके उपयोग में तेजी देखी गयी, जो एमपीवी कार्यक्रमों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता है। एमपीवी जिलों में आधुनिक गर्भनिरोधकों के उपयोग में इन बेहतर परिणामों के कारण सरकार ने 2021 में इस कार्यक्रम को सात राज्यों के सभी जिलों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार करने का निर्णय लिया।

**भारत का नेतृत्व और प्रगति**

जैसा कि मई 2024 में जनसंख्या विकास पर संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीपीडी) के 30वें सम्मेलन में संकल्प व्यक्त किया गया है, भारत ने न केवल आईसीपीडी के एजेंडे को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है बल्कि बेहतर परिवार नियोजन सेवाओं और नाटकीय रूप से बेहतर स्वास्थ्य संबंधी नतीजों, विशेष रूप से मातृ स्वास्थ्य और बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार के जरिए जमीनी स्तर पर जबरदस्त प्रगति का प्रदर्शन किया है।

## आपकी बात

### जन हित में एक प्रयास



विजय शंकर नायक

***उपरोक्त*** बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल भेज कर उक्त बातें कहीं। इन्होंने आगे कहा की झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा गेतलसूद डैम में प्रस्तावित वर्ल्ड बैंक की मदद से 800 करोड़ के लागत से बनने वाला फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट योजना के क्रियान्वयन होने से अनगड़ा, गेतलसूद और ओरमांझी के करीब 1500 से अधिक मछुआरों के परिवार एवं भारी संख्या में ग्रामीणों को इस पावर प्लांट लगाने से उनके परिवारों के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ जाएगी जो गेतलसूद डैम में आश्रित है। श्री नायक ने आगे कहा कि इस योजना का ग्राम सभा और स्थानीय दलित आदिवासी मूलवासी समाज जबरदस्त तरीके से पुरजोर विरोध वर्ष 2020 से ही किया जा रहा है स्मरण हो कि इस योजना को अमली जामा पहनाने हेतु मंगलवार को गेतलसूत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था जिसमें स्थानीय ग्रामीण ,पुलिस प्रशासन ,जन प्रतिनिधि और पावर प्लांट निर्माण करने वाली कंपनी सेकी के प्रतिनिधि शामिल हुए थे जिसमें ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जान देंगे मगर पावर प्लांट नहीं लगने देंगे। श्री नायक ने आगे कहा कि गेतलसूद डैम के निर्माण में वहां के स्थानीय लोग विस्थापन का दंस भी झेल चुके हैं और विस्थापन की मार से उबरे भी नहीं है कि उन विस्थापित परिवार के ऊपर अब रोजी रोजगार का संकट खड़ा हो रहा है क्योंकि गेतलसूद डैम से उन लोगों का रोजी रोजगार बना हुआ है जो पावर प्लांट के लगने से छिन जाएगा इन्होंने यह भी कहा कि स्मरण हो की 2020 में इस योजना को लगाने के दिशा में प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया था ग्रामीणों एवं मछुआरों के जबरदस्त विरोध होने के कारण उक्त योजना ठंडे बस्ती में चला गया था।

**(केंद्रीय उपाध्यक्ष आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच)**

धर्म-समुदाय

# हिन्दुत्व, भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान



डॉ. प्रशांत बड़थ्वाल

***हिन्दुत्व*** ऐसी अवधारणा है जो भारतीय समाज और राजनीति में गहरी जड़ें जमाए हुए है। यह शब्द केवल एक धार्मिक विचारधारा का प्रतिनिधित्व नहीं करता, बल्कि एक जीवन दर्शन, सांस्कृतिक पहचान और राष्ट्रीय चेतना का भी प्रतीक है। हिन्दुत्व को समझने के लिए, जैसा कि कहा गया है, व्यक्ति को सर्वप्रथम 'स्व' को जागृत करना होगा। यह आत्म-जागृति की प्रक्रिया न केवल व्यक्तिगत स्तर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज और राष्ट्र के स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हिन्दुत्व की अवधारणा को समझने के लिए, हमें इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक आयामों का गहन अध्ययन करना होगा। यह विचारधारा भारतीय उपमहाद्वीप के प्राचीन ज्ञान और परंपराओं से उत्पन्न हुई है, लेकिन समय के साथ इसने कई परिवर्तन और विकास देखे हैं। आधुनिक संदर्भ में, हिन्दुत्वने एक राजनीतिक और सामाजिक आंदोलन का रूप ले लिया है, जो भारतीय राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक पहचान के विचारों को आगे बढ़ाता है। हिन्दुत्व की अवधारणा को समझने के लिए, हमें सबसे पहले इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझना होगा। हिन्दुत्व शब्द का प्रयोग 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में शुरू हुआ, लेकिन इसकी जड़ें भारतीय उपमहाद्वीप के प्राचीन इतिहास में गहरी हैं। यह शब्द 'हिन्दू' और 'तत्व' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है हिन्दू होने का सार' या 'हिन्दू विचारधारा का मूल तत्व'। हालांकि, यह केवल धार्मिक प्रथाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सांस्कृतिक और दार्शनिक दृष्टिकोण है जो जीवन के सभी पहलुओं को समाहित करता है। हिन्दुत्व की अवधारणा को समझने के लिए व्यक्ति को अपने आंतरिक स्व को जागृत करना आवश्यक है। यह आत्म जागरण की प्रक्रिया है जो व्यक्ति को अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानने में मदद करती है। हिन्दू दर्शन में, यह माना जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति में एक दिव्य चेतना निहित है, जिसे आत्मा कहा जाता है। इस आत्मा की पहचान और इसके साथ तादात्म्य स्थापित करना ही हिन्दुत्वका मूल लक्ष्य है। हिन्दुत्व में आत्म जागरण की प्रक्रिया कई चरणों से गुजरती है। सबसे पहले, व्यक्ति को अपने वर्तमान स्थिति के प्रति जागरूक होना पड़ता है। यह जागरुकता न केवल बाहरी परिस्थितियों के प्रति होती है, बल्कि अपने आंतरिक विचारों, भावनाओं और प्रवृत्तियों के प्रति भी होती है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

> **हिन्दुत्व को समझने के लिए व्यक्ति को सर्वप्रथम 'स्व' को जागृत करना होगा। यह आत्म-जागृति की प्रक्रिया न केवल व्यक्तिगत स्तर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज और राष्ट्र के स्तर पर भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।**

## फेसबुक वॉल से

**हामीन हकी नगपुरिया**
Ramdeo Baraik · 4 m

**जोहाइर,**
**भाइ-बहिन आउर संगीमन,... See more**

माय बहिन बेटी

माय बहिन बेटी, धरती कर हेकंय माटी,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।१।।

जगत में करंयन उमन, नित नावां सृष्टि,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।२।।

गरब से कहंयन उमन, हेकी हामीन बेटी ,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।३।।

काम करंयना उमन, लगाय एड़ी-चोटी,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।४।।

नज़इर में रहंयन उमन, घरे जरी-बुटी,
रिंध-बांइट देवंयन उमन, सबके दाइल-रोटी,
रिंध-बांइट देवंयन...।।५।।

रामदेव बड़ाईक ✍️रांची ।

2 · 1 comment 2 shares

## X- से

**India Post** @IndiaPostOffice · 13h
बच्चों का आधार अपडेट करना हुआ आसान, डाक विभाग कर रहा है अहम योगदान
#DakSewaJanSewa
#Aadhaar




Jyotiraditya M. Scindia and 7 others
79 · 403 · 1.8K · 101K

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# तार्किक पाठ्यक्रम समय की मांग



प्रियंका सौरभ

***एनसीई***आरटी कक्षा छह से दस तक की इतिहास, समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव कर रहा है। एक मजबूत शिक्षा प्रणाली में शिक्षण सामग्री का संशोधन पाठ्यक्रम के लिए समान होना चाहिए। लेकिन भारत में स्कूली पाठ्यक्रम हमेशा नवीनतम शोध के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। पक्षपातपूर्ण या संकीर्ण दृष्टिकोण से बचने के लिए स्वतंत्रता के बाद से, हमारी स्कूली पाठ्यपुस्तकें अकसर कला, साहित्य, दर्शन, शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास में भारत की प्रगति को मान्यता देने से बचती हैं। पहले की पाठ्यपुस्तकें भारतीय इतिहास के बारे में एक ऐसा दृष्टिकोण बनाती हैं जो विश्व की सभ्यता पर भारत के गहन प्रभाव को दबा देती है। इसके परिणामस्वरूप हमारी राष्ट्रीय पहचान और ऐतिहासिक कथा के बारे में एक विषम धारणा बनती है। स्कूली विद्यार्थियों को कम उम्र में ऐतिहासिक घटनाओं और संघर्षों की आक्रामकता के संपर्क में लाना उन्हें संकट में डाल सकता है। स्कूली पाठ्यक्रम में शिक्षा के अनुचित चरणों में ऐतिहासिक संघर्षों का परिचय, बच्चों के दिमाग में व्यापक ऐतिहासिक संदर्भ की कमी की धारणा को अमर कर सकता है। एक संतुलित कथा बच्चों के दिमाग में दुश्मनी और पूर्वाग्रह पैदा करने के जोखिम को कम करती है। एकतरफा ऐतिहासिक तथ्य स्कूली बच्चों के बीच सामाजिक सामंजस्य और आपसी सम्मान में बाधा डालेंगे। सार्थक पाठ्यपुस्तक संशोधनों का विरोध एक पुरानी संकीर्ण वैचारिक विचार प्रक्रिया को दर्शाता है, जो भविष्य में ऐतिहासिक शिकायतों और शत्रुता को शाश्वत बनाता है। एक संतुलित, विश्वसनीय और भरोसेमंद ऐतिहासिक कथा, संघर्ष समाधान और आपसी सम्मान के सकारात्मक उदाहरणों को रेखांकित करती है। स्कूली छात्रों को एक संतुलित इतिहास पढ़ाना जो संघर्ष-आधारित कथाओं को कम करता है, उन्हें भारत की विरासत के बारे में बेहतर जानकारी के साथ जिम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण नागरिक बनने में सक्षम बनाता है। ऐसी पाठ्य पुस्तकें बच्चों में संज्ञानात्मक और भावनात्मक आधार बनाती हैं, जो भविष्य के आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए आवश्यक है। संतुलित कथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्कूली पाठ्यपुस्तकों को संशोधित करने का कोई भी प्रयास अंत नहीं बल्कि एक शुरूआत है। छात्रों को ऐसी संतुलित पाठ्यपुस्तकों से जो आधार मिलता है, वह उन्हें बाद के वर्षों में एक गहरी ऐतिहासिक समझ बनाने में मदद करेगा। स्कूली पाठ्यपुस्तकों को छात्रों की उभरती जरूरतों को पूरा करने में उत्तरदायी होने के लिए बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है। पाठ्य पुस्तकों में क्या पढ़ाया जाए और क्या न पढ़ाया जाए, इसकी चर्चा लगातार होती रही है, क्योंकि स्कूल की पाठ्यपुस्तकें ही वह माध्यम हैं, जिनके द्वारा सुविधाजनक विमर्श को आगे बढ़ाया जा सकता है। विवाद तब होता है, जब एक विमर्श आपके लिए सुविधाजनक होता है और दूसरे वर्ग के लिए असुविधाजनक। वर्तमान में इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में किए गए कुछ बदलावों से संबंधित विवाद को भी उसी संदर्भ में देखना चाहिए, जब एक वर्ग का सुविधाजनक दृष्टिकोण दूसरे वर्ग के विमर्श के अनुरूप नहीं होता है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

बोधि वृक्ष

# सूर्य देवता के 7 बड़े मंदिर, जहां हर पल बरसता है आशीर्वाद

***हिंदू*** धर्म में ऊर्जा के केंद्र माने जाने वाले भगवान सूर्य के देशभर में कई ऐसे मंदिर हैं, जो न सिर्फ लोगों की आस्था के लिए बल्कि अपनी भव्यता और खूबसूरती के लिए भी जाने जाते हैं। **भारत के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर :** सूर्य देव का हमारे जीवन में कितना महत्व है, यह बात किसी ग्रंथों में ही नहीं, बल्कि विज्ञान ने भी ये साबित कर दिया है। चूंकि, सूर्य यानी भगवान सूर्य भारत के नौ ग्रहों में से एक हैं, जीवन में इसके महत्व को समझते हुए ही शायद सूर्य मंदिरों का निर्माण हुआ है। वहीं, रोजाना सुबह दर्शन देने वाले सूर्य देव के देशभर में कई ऐसे प्रसिद्ध मंदिर हैं, जिसे देखने के लिए लोग देश-विदेश से आते हैं। जिसमें ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर से लेकर गुजरात के मोढ़ेरा स्थित सूर्य मंदिर में आध्यात्मिक राज छिपे हुए है।



**आइए आपको बताते है देश के सात प्रमुख सूर्य मंदिर के बारे में-**

धार्मिक मान्यता है कि, सूर्य देव की पूजा करने से मान-सम्मान, प्रतिष्ठा बढ़ती है। ऐसा करने से जीवन की असफलताओं को सूर्य देव सफलता का आशीर्वाद देते हैं।

**(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

# WhatsApp यूजर्स के लिए खुशखबरी

**क्यों खास है यह फीचर?**

**1. अधिक चेतना और व्यावसायिकता:** HD मेडिया अपलोड क्वालिटी की सुविधा उपयोगकर्ताओं को अपनी फाइलों की अच्छी गुणवत्ता में भेजने में मदद करती है। यह खासकर व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्हें अपनी क्रिएटिव फाइलों की अच्छी गुणवत्ता में साझा करना होता है।

**2. अधिक विकल्प :** अब यूजर्स को अपनी पसंदीदा गुणवत्ता का चयन करने का अधिक विकल्प मिला है। वे अब अपनी फाइलों को स्टैंडर्ड, मीडियम या HD गुणवत्ता में भेज सकते हैं, जैसे उन्हें ठीक लगे।

**3. बेहतर साझा करने की सुविधा:** इस फीचर से अब यूजर्स अपनी फाइलों को अधिक सुसंगत रूप से साझा कर सकते हैं, जिससे उनकी अनुभूति और समय की बचत होती है।

**4. अधिक गहराई:** HD मेडिया अपलोड से फाइलों में अधिक गहराई और जानकारी होती है, जिससे उन्हें




देखने वाले यूजर्स को अधिक लाभ होता है।

**नवीनतम फीचर का उपयोग कैसे करें?**

- इस नई सेटिंग को ढूँढना आसान है। आपको बस WhatsApp की सेटिंग में जाना है।
- फिर आप स्टोरेज और डेटा चुन सकते हैं। दो नई 'मीडिया अपलोड क्वालिटी' सेटिंग उपलब्ध हैं।
- पहली है स्टैंडर्ड क्वालिटी (SD), जो आपको छोटी फाइल साइज के साथ तेजी से मीडिया डिलीवर करने की सुविधा देती है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### लंबोई हत्याकांड में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के लोम्बोई खिजुरटोली गांव में बीते रविवार को 35 वर्षीय लुक्का स्थापना नामक व्यक्ति की अज्ञात लोगों के द्वारा धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए गुरुवार को घटना में शामिल अमर जोजो तथा अनिल तिर्की नामक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया ।जानकारी देते हुए थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि मृतक लुकास तोपनों द्वारा उसे गाली गलौज और धमकी दिया था जिसके बाद गुस्से में आकर दोनों युवकों ने रात में लुकास की धारदार हथियार के साथ मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। इधर पुलिस ने सभी बिंदुओं पर छानबीन करने के बाद दोनों ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मां संतोषी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**सिमडेगा।** सिमडेगा पर्यटन स्थल केलाघाट डैम किनारे नवनिर्मित मां संतोषी मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त गुरुवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा की शुरूआत सिमडेगा देवराहा बाबा आश्रम से हुई ,जहां पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं भगवा वस्त्र धारण करते हुए जय घोष के साथ कलश लेकर मुख्य पथ होते हुए केलाघाघ स्थित मंदिर पहुंचे। जहां पर कलश का स्थापना किया गया। मौके पर पण्डित कल्याण मिश्र ने बताया गया की 11 जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक लगातार अनुष्ठान चलेगी ,जिसके बाद हवन पूजन और भंडारे के साथ कार्यक्रम की समापन की जाएगी वहीं कलश यात्रा में विधि व्यवस्था को लेकर सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान पूरे दलबल के साथ मौजूद रहे और शांतिपूर्ण तरीके से कलश यात्रा संपन्न हुई।

### सिमडेगा में समलेश्वरी टीवीएस शोरूम का हुआ उद्घाटन

**सिमडेगा।** सिमडेगा मेंन रोड मुक्तिधाम के पास समलेश्वरी टीवीएस नामक भव्य नए शोरूम का बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बसंत प्रसाद के द्वारा रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर बसन्त प्रसाद के द्वारा नारियल फोड़ते हुए नए शोरूम की शुरूआत की। मौके पर जानकारी देते हुए संचालक अरविंद प्रसाद ने बताया कि सोनार टोली के पास समलेश्वरी टीवीएस लगातार लंबे समय से लोगों को सेवा देते आ रही है ,और आपने एक नए प्रतिष्ठान और भव्य रूप के साथ यहां पर नया शोरूम खोला गया है ।जहां पर सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है, जिससे कि ग्राहकों को किसी प्रकार से कोई भी परेशानी उत्पन्न नहीं होगी। उन्होंने बताया कि शोरूम में सर्विस सेंटर की भी सुविधा है ,जिससे कि लोगों को दिक्कत नहीं होगी।

# खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए झापा लगातार प्रयासरत : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड़** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा कि सिमडेगा जिला की पहचान खेल नगरी के रुप में है। जिले में खेल के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दिलाने के लिए झापा प्रतिबद्ध है। एनोस एक?का गुरुवार को पाकरटांड़ प्रखंड के ठेठईटांगर में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की छुपी प्रतिभा को सामने आने का मौका मिलता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए शुभकामना दी। प्रतियोगिता का फाईनल मैच तिर्की ब्रदर्स हेलेनपुर बनाम एफसी खिजरी के बीच खेला गया। जहां एफसी खिजरी की टीम 1-0 से विजयी रही। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का, आईरीन एक्का ने कहा कि जिले के युवाओं में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। लेकिन उन्हें अवसर नहीं मिलने के कारण ऐसे होनहार खिलाड़ियों की प्रतिभा दबी रह जाती है। ऐसे खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए झापा लगातार प्रयासरत है। मौके पर जिलाध्यक्ष मतियस बागे, प्रखंड अध्यक्ष अमजद खान, महादेव सिंह, रजत लकड़ा, अरविंद एक्का,रतन लकड़ा, पहियास कुजूर, आकर्षण लकड़ा, गिदयोन एक्का, नोवेल लकड़ा, विवेक लकड़ा, शीतल लकड़ा, अंतुल एक्का सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में दो घायल बाइक चालक का टूटा पैर



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** कुरडेग कुटमाकछार मुख्य मार्ग के हॉली फैमिली स्कुल के पास बुधवार देर रात हुए दो बाइक के आमने - सामने टक्कर में दोनों वाइक चालक का टूटा पैर माथे पर लगी चोट घटना के संबन्ध में मिली जानकारी के अनुसार दिलीप साय गीरांग निवासी कुटमाकछर से वापस अपने घर जा रहा था, इसी बीच कुरडेग से घर जा रहे प्रसण यादव लीटीमारा निवासी अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे बाइक से टकरा गया, जिससे दोनो ही बाइक चालक सड़क पर गिर पड़े ।कुरडेग पुलिस की गश्ती दल ने दोनो घायलों को कुरडेग अस्पताल पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज कर रहे डॉ अभिनव ने बताया कि दोनो घायलों का पैर टुट गया है, एवं माथे पर चोट लगी है। गौरतलब हो दोनो बाइक चालक हेलमेट नहीं पहने थे।

### केरसई में मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**केरसई।** हजरत इमाम हुसैन एवं उनके साथियों की शहादत की याद में मनाए जाने वाला त्योहार मुहर्रम के मद्देनजर केरसई थाना परिषर में बुधवार को बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा , सीओ किरण डांग थाना प्रभारी नवीन कुमार की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक एवं सौहाद्धपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि विधि व्यवस्था के लिए प्रशासन को जनता का सहयोग जरूरी है सीओ ने कहा कि मुर्हरम का पर्व मनाने के साथ समाजिक सदभाव बनाएं रखने के साथ प्रशासन को पर्याप्त सहयोग करें। केरसई में सभी समुदाय के लोग आपस में मिलजुल सभी त्योहार मनाते आ रहें हैं यह एक मिशाल है थाना प्रभारी नवीन कुमार ने लोगों से विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की उन्होने ताजीया जुलूस निकालने के लिए प्रशासनिक आदेश सहित लाइसेंस लेने के जरूरत पर बल दिया ।बताया कि केरसई में मुहर्रम का जुलूस 19 जुलाई को निकाला जाएगा।

**होटल युवराज में जन भावना फाउंडेशन की हुई बैठक**

# बालिका समृद्धि योजना के तहत नाबालिग बच्चियों को मिले लाभ : सीएमडी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** होटल युवराज में जन भावना फाउंडेशन एवं आर्यव्रत ग्रामीण विकास फाऊंडेशन का बैठक आयोजित किया गया । इस बैठक में सीएमडी संजय कुमार सिंह एवम विशिष्ट अतिथि कंट्री हेड विनय कुमार तथा बजरंगी श्रीवास्तव उपस्थित हुए। बैठक में सीएमडी संजय कुमार सिंह ने कहा कि जन भावना फाउंडेशन का मूल उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार मुहैया कराने के लिए पहल करना है। अभी वर्तमान में स्वास्थ्य का लाभ लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का हेल्थ केयर कार्ड एवं बालिकाओं के लिए बालिका समृद्धि योजना के तहत प्रत्येक नाबालिग बच्चियों को इसका लाभ दिलाना। जिससे कि बाल विवाह रुक सके और बच्चियां समृद्ध हो। संस्था अब सभी पंचायत में मेडिकल जांच शिविर आयोजित करने का निश्चय किया गया है। साथ ही साथ संस्था द्वारा बहुत कम खर्च से नर्स ट्रेनिंग दिलाने का कार्य किया जा रहा है और किसानों को भी टपक सिंचाई परियोजना के माध्यम से समृद्ध कराने के लिए पहल किया जा रहा है। बैठक का संचालन जिला हेड खुशीराम कुमार ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से एनिश केरकेट्टा, आनंद सनमानी, बिरसा मांझी, अरविंद कुमार, जुनास तोपनो, रमेश टोप्पो,अमित हर्षित देवी पंचायत हेड सुभाषिनी देवी आदि उपस्थित थे।

### परिवार नियोजन मेला सह पखवाड़ा का रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर में हुआ उद्घाटन

**ठेठईटांगर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर परिवार नियोजन मेला सह पखवाड़ा का उद्घाटन रेफरल अस्पताल ठेठई टांगर में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अभिषेक राज तथा प्रखंड के मुखिया एवं विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू के द्वारा किया गया ।जिसमें अस्पताल परिसर के सभी कर्मी एव सहिया उपस्थित हुए। मौके पर प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस की स्थापना वैश्विक जनसंख्या वृद्धि से जुड़े प्रमुख मुद्दों तथा विकास एवं स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई थी। बढ़ती आबादी की वजह से दुनिया के प्राकृतिक संसाधन हर दिन बेहद कम होते जा रहे हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि दुनिया की बढ़ती आबादी मानव अस्तित्व के लिए खतरा बनती जा रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए खतरे को रोकने और आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर और टिकाऊ भविष्य प्रदान करने के लिए, जागरूकता पैदा करना और लोगों को अधिक जनसंख्या से जुड़े जोखिम के बारे में शिक्षित करना आवश्यक है।

## न्यूज बॉक्स

### लीड्स संस्था ने महिलाओं के स्वरोजगार के लिए चलाया दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम




**ठेठईटांगर।** लिड्स संस्था के द्वारा केरया पंचायत भवन मे 55 प्रतिभागियों को उनके स्वरोजगार के लिए दो दिवसीय पशुपालन का प्रशिक्षण दिया गया ताकि प्रशिक्षण लेने के बाद लोगों की पलायन मे कमी आ सके ।मौके पर कहा महिलाएं घर मे रहकर अपनी स्वरोजगार कर सके। प्रशिक्षण मे सभी वार्ड सदस्य के साथ साथ अधिक संख्या मे ग्रामीणों ने प्रशिक्षण लिया और दूसरे दिन पंचायत के मुखिया ने आकर सभी की हौसला अफजाई की साथ ही सरकार की योजना लाभ दिलाने की बात कही जिसमे बकरी सेड, मुर्गी सेड, गाय सेड साथ ही साथ सब्सिडी का भी जानकारी दी। पशुपालन ट्रैनर नवीन कुमार सिंह द्वारा प्रैक्टिकल करके दिखाया गया ।मौके पर अनुराग रॉबर्ट कुजूर और संजय ग्वाला का बहुमूल्य भूमिका रहा।

### कोलेबिरा रथ मेला के मौके पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान



**कोलेबिरा।** रथ यात्रा के मौके पर कोलेबिरा चेकनाका के पास आयोजित रथ मेला में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मेले में लगाए गए खाद्य सामग्री के दुकानों एवं मिठाई के दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी कृष्ण शर्मा एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के राकेश सिंह एवं कर्मी उपस्थित रहे। इस दौरान मेले में दूर-दूर से लगाए गए मिठाई की दुकानदारों का सैंपल लिया गया। मौके पर आठ दुकानदारों के मिठाई में फंगस लगे हुए थे जिसे तत्काल वहां से हटवाते हुए उसे नष्ट कराया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया गया, तो इस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं इस दौरान दुकानदारों के नमूना सैंपल लिया गया है जिसे प्रयोगशाला इटकी भेजा जाएगा और अगर उसमें नमूना अगर गलत पाया जाता है तो नियम संगत संगत कारवाई की जाएगी। गौरतलब हो सिमडेगा एसडीओ सुमंत तिर्की को शिकायत प्राप्त हुई थी, कि मेले में घटिया मिलावट मिठाई की बिक्री धड़ल्ले से चल रही है। जिसके बाद एसडीओ द्वारा सिविल सर्जन से इसकी शिकायत की थी और सिविल सर्जन के निर्देश पर विभाग द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया।

### सीए की परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर छात्रों को विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई



**सिमडेगा।** जिला मुख्यालय निवासी सुरेश शर्मा के छोटे पुत्र अंकित शर्मा, पूर्व वार्ड पार्षद अशोक जैन के पुत्र मोहित जैन, कैलाश अग्रवाल की बेटी वाणी अग्रवाल ने सीए की परीक्षा में सफलता अर्जित कर जिले का मान बढ़ाया है। तीनो छात्रों की सफलता पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद दिया है। साथ ही उनके उज्ज्वल भवष्य की शुभकामना दी है। विधायक ने अंकित शर्मा को बुके देकर बधाई दी। साथ ही उनके माता-पिता को भी बेटे के सफलता के लिए बधाई दी। विधायक ने कहा कि अंकित शर्मा, वाणी अग्रवाल एवं मोहित जैन ने चार्टेड आककॉउंटे ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित सीए के फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। इनकी सफलता से जिले के अन्य होनहार छात्र भी प्रेरणा लेंगे। इधर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल ने भी अंकित शर्मा को बधाई दी। अंकित ने अपनी सफलता का श्रेय पिता सुरेश शर्मा, मां गायत्री देवी, बड़े भाई रोहित शर्मा सहित गुरुजनों और सभी शुभचिंतकों को दिया है। उन्होंने कहा कि पिता व मां ने जहां मुझे हमेशा आगे बढ़ने को प्रेरित किया। वहीं बड़े भाई के हौसलावर्द्धन ने हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाया।

### बोलबा में परिवार नियोजन पखवाड़े का हुआ उद्घाटन

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर परिवार नियोजन मेला सह पखवाड़ा कार्यक्रम का किया गया उद्घाटन। इस मौके पर विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन मेला सह पखवाड़ा का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बोलबा में चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुभम माथुर के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से आम लोगों को काफी लाभ पहुंचने की संभावना है। इस मौके पर मुखिया सुरजन बड़ाईक, रोबर्ट सुरीन, चिरंजीवी कुमार शाह एवं स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी एवं अन्य लोग उपस्थित थे ।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** सामुदायिक सवास्थ्य केंद्र बानो में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गयी। जागरूकता रैली स्वास्थ्य केंद्रबानो से आरंभ होकर बिरसा चौक जयपाल मैदान होते हुए जागरूकता रैली स्वास्थ्य केंद्र पहुंची जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक व चिकित्सा प्रभारी एस रवि ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉक्टर संजय रवि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या वृद्धि आज भारत के लिए विकराल समस्या है। जनसंख्या वृद्धि से कई प्रकार की हानि हो रही है। शिक्षा, अज्ञानता सहित अन्य विषयों पर लोग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने परिवार नियोजन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने कहा की जनसंख्या वृद्धि होने से कई समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ता है। उन्होंने कहा की जनसंख्या वृद्धि होने से लोगों को विभिन्न लाभो से वंचित होना पड़ता पड़ रहा है। मौके पर डॉक्टर अली ,दुति उरांव , एएनएम ,सहिया लोग उपस्थित थे।

**विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर परिवार स्वास्थ्य मेला का सदर अस्पताल में हुई शुरुआत**

# देश की जनसंख्या को नियंत्रण के लिए हम दो हमारे दो का नारा अनिवार्य : प्रतिमा सोरेंग




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर गुरुवार को सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर में परिवार स्वास्थ्य मेला 2024 की शुरूआत हुई कार्यक्रम में बताओ और मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेन सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो, उपाधीक्षक डॉक्टर राजेश कुमार एवं राजस्तर से आए हुए पदाधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि विश्व में जनसंख्या नियंत्रण बहुत ही जरूरी है, क्योंकि देश में सीमित संसाधनों के बीच लगातार बढ़ती आबादी लोगों में चिंता का विषय है ।ऐसे में परिवार नियोजन सहित कई स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किए गए प्रयासों को अपनाने की आवश्यकता है, जिससे की जनसंख्या पर नियंत्रण पाया जा सके ।मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार से आधुनिकीकरण बढ़ी है जनसंख्या पूरे विश्व में भारत पहला स्थान प्राप्त कर गया है, जो की चिंता का विषय है ।आजादी के बाद से जिस प्रकार से भारत की जनसंख्या बढ़ रही है, ऐसे में सभी चीजों के लिए परेशानी हो रही है। इसलिए हम दो हमारे दो के नारे को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है ,जिससे की जनसंख्या का जो बढ़ रहा है इस काम किया जा सके ।इस मौके पर कई अन्य वक्ताओं के द्वारा भी संबोधित किया गया। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के द्वारा ऑनलाइन कॉन्फ्रेंसिंग से लोगों को दिए गए संदेश का लाइव टेलीकास्ट चुना गया । मौके पर सदर अस्पताल के चिकित्सक ,डीपीएम, मैनेजर, एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

**आश्वासन**

**खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा ने बानो प्रखंड का किया दौरा**

# क्षेत्र की जनता के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** खुंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने गुरुवार को बानो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सांसद कालीचरण मुंडा का ग्रामीणों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद सर्वप्रथम जीतू टोली पहुंचे, यहां पर जनता उच्च विद्यालय जीतुटोली आरसी बालक मध्य विद्यालय जीतू टोली, आरसी बालिका मध्य विद्यालय जीतुटोली के छात्र छात्राओं के द्वारा सांसद का स्वागत किया गया। ग्रामीणों के द्वारा माला पहनकर बुक के देकर सांसद का स्वागत किया गया। इसके बाद सांसद कोनसोदे प्रीतम केतुङ्गा धाम पहुंचे। भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद लेने बाद बानो बिरसा चौक पहुंचे, जहां भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के द्वारा सांसद का स्वागत ढोल नगाड़े और माला पहनकर किया गया इसके बाद सांसद का काफिला बांकी, नौमील, गोर्रा, बाजार हुरदा गिरदा कांटा होते हुए केवेटांग चौक पहुंचा स्वागत किया गया । इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के जनता के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के विश्वास को बरकरार रखा जाएगा, उन्होंने आम जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा अपने अपना बहुमूल्य वोट देकर हमे जिताया हैं इसके लिये धन्यवाद देता हू और मिलजुल कर संसदीय क्षेत्र का विकास करना है। इसमें सबो को सहयोग करने की आवश्यकता है, सभी मिलकर संसदीय क्षेत्र का विकास किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान के लिए हमेशा ग्रामीणों के साथ हैं। ग्रामीणों की समस्या को वरीयता के आधार पर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा ।मौके पर जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिला परिषद सदस्य विरजो कडुंलना, प्रमुख सुधीर डांग, शमी आलम, जगदीश बागे, अमुस कडुंलना सहित कॉग्रेस व जेएमएम के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर बना उप विजेता

**रामगढ़।** कोयलांचल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा की बहने विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 35 वां प्रांतीय कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में खो-खो में उप विजेता बनी ।यह प्रतियोगिता सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में आयोजित हुई थी। जिसमें विद्यालय खेल आचार्य अक्षय कुमार सिंह एवं ममता कुमारी के नेतृत्व में 10 बहनें-परी कुमारी, करिश्मा कुमारी, प्रिया कुमारी, माही कुमारी, खुशी कुमारी, सबनम कुमारी,अन्नू कुमारी, रिया कुमारी, अंशु कुमारी, सोनम कुमारी सम्मलित हुई। बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए शानदार खेल प्रदर्शित किया। बहनों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष उपेंद्र नारायण प्रसाद,उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद,कोषाध्यक्ष आशीष झा सहित समिति के सभी सदस्य एवं आचार्य, दीदी जी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# जलडेगा में एनडीआरएफ की टीम ने बताए आपदाओं से निपटने के उपाय



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड के एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय सभागार में रांची से आए एनडीआरएफ की टीम द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं मानव निर्मित विभिन्न आपदाओं से अपना बचाव कैसे करना है इसपर बारीकी से जानकारी दी गई। एनडीआरएफ रांची से आए कमांडेंट इंस्पेक्टर अमित कुमार की नेतृत्व में टीम ने प्राकृतिक आपदा बाढ़, सुनामी, भूस्खलन, वज्रपात, इत्यादि से बचने की जानकारी दी। साथ ही टीम द्वारा वर्तमान समय में सबसे अधिक घटित होने वाली मानव निर्मित आपदा सड़क दुर्घटना में अधिक रक्तस्राव होने पर व्यक्ति की हो रही मौत से बचने के लिए रक्तस्राव को रोकने की उपाए के बारे जानकारी दी गई। विभिन्न कारणों से होने वाली हृदयाघात से बचने के लिए सीपीआर करके आदमी को जीवित करने की जानकारी भी दी गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार, एसआई सोनू कुमार और स्कूल के प्रधानाध्यापक सोमनाथ एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सहित सैकड़ों की संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## एक नजर

### 26 जुलाई से शुरू होगा भारत का श्रीलंका दौरा

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच इस महीने के अंत में होने वाली टी 20 और एकदिवसीय श्रृंखला का कार्यक्रम घोषित हो गया है। श्रीलंका दौरे का आगाज टी 20 श्रृंखला के साथ होगा जबकि एकदिवसीय श्रृंखला की शुरूआत 1 अगस्त से होगी। श्रीलंका दौरे पर भारत को तीन तीन मैचों की टी 20 और एकदिवसीय श्रृंखला खेलनी है। भारत 26 और 27 जुलाई को लगातार दो दिन श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच खेलेगा जबकि इस श्रृंखला का अंतिम मैच 29 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं एकदिवसीय श्रृंखला के अन्य दो मैच 4 और 7 अगस्त को खेले जाएंगे। टी20 श्रृंखला के तीनों मैच पल्लेकेले और तीनों एकदिवसीय मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। गौतम गंभीर के लिए यह बतौर भारतीय कोच पहला दौरा भी होगा।

### पिछली 5 पारियों में 5 का आंकड़ा भी नहीं छू सके बेन स्टोक्स

**लंदन।** इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीमें लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेल रही हैं। ये इंग्लैंड के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज जेम्स एंडरसन का अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच भी है। इस मैच में वेस्टइंडीज की टीम अपनी पहली पारी में मात्र 121 रनों पर आउट हो गई। इसके जवाब में इंग्लैंड टीम एक बड़ी बढ़त लेने की ओर अग्रसर है।

### एटकिंसन की घातक गेंदबाजी; क्रॉली व पोप का अर्धशतक

# टेस्ट मैच में इंग्लैंड मजबूत

**एजेंसी। लंदन**

गस एटकिंसन ने अपने पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया और वेस्ट इंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरूआती दिन बुधवार को 45 रन पर 7 विकेट लेकर टेस्ट इतिहास में पदार्पण करने वाले इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी द्वारा एक पारी में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज किया। पहले दिन स्टंप्स तक, इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली (76) और ओली पोप (57) के अर्धशतकों की मदद से 40 ओवरों में 189/3 का स्कोर बनाकर 68 रनों की बढ़त ले ली। पहले दिन जब सभी की निगाहें अपने विदाई मैच में जेम्स एंडरसन पर थीं, तो वह एटकिंसन ही थे जिन्होंने ताबड़तोड़ विकेट लिए। उनका 7-45 वर्ष 1995 में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिक कॉर्क के 7-43 के बाद दूसरा और 1976 में जॉन लीवर के भारत के खिलाफ 7-46 से बेहतर था। एटकिंसन की शानदार गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहली पारी में 121 रन पर समेट दिया। एंडरसन, जिनकी बेटी ने लॉड्र्स में टेस्ट मैच की शुरूआत का संकेत देने के लिए पारंपरिक घंटी बजाई थी, ने 10.4 ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। एंडरसन, जो 188 टेस्ट खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट के बाद सेवानिवृत्त होंगे, को इंग्लैंड टीम ने सम्मानित किया और कप्तान बेन स्टोक्स द्वारा पहले गेंदबाजी करने के लिए चुने जाने के बाद राष्ट्रीय गान के बाद उन्हें मैदान पर टीम का नेतृत्व करने के लिए कहा गया। एटकिंसन ने शानदार शुरूआत करते हुए टेस्ट क्रिकेट में अपनी दूसरी ही गेंद पर वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट को आउट कर दिया और बल्लेबाज को अपने स्टंप्स पर खेलने के लिए मजबूर कर दिया।



# सौरव गांगुली ने इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता रॉयल टाइगर्स टीम खरीदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में अपने तीसरे सीजन की तैयारी कर रहे मोटरस्पोर्ट इवेंट इंडियन रेसिंग फेस्टिवल को पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के 2024 सीजन से पहले कोलकाता रॉयल टाइगर्स रेसिंग टीम का मालिक बनने से बढ़ावा मिला है।

**आठ शहर आधारित टीमें :** कोलकाता, हैदराबाद, बैंगलोर, चेन्नई, दिल्ली, गोवा, कोच्चि और अहमदाबाद - इस साल अगस्त से नवंबर तक प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। प्रतियोगिता में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए, कोलकाता पहली बार भाग लेने के लिए तैयार है। एसोसिएशन के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, गांगुली ने कहा, मैं इंडियन रेसिंग फेस्टिवल में कोलकाता टीम के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मोटरस्पोर्ट्स हमेशा से मेरा जुनून रहा है, जबकि यह अवसर न केवल मुझे इसके विकास में योगदान करने की अनुमति देता है बल्कि कोलकाता में मोटरस्पोर्ट तथा उत्कृष्टता और खेल कौशल की संस्कृति को बढ़ावा देने में मेरे विश्वास के साथ भी मेल खाता है। कोलकाता रॉयल टाइगर्स के साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य भारतीय रेसिंग फेस्टिवल में एक मजबूत विरासत बनाना और मोटरस्पोर्ट प्रेमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित करना है, जिससे कोलकाता रॉयल टाइगर्स फेस्टिवल में एक जबरदस्त ताकत बन सके।




## गुजरात छोड़कर दोबारा उत्तर प्रदेश के लिए खेलेंगे पीयूष चावला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीनियर लेग स्पिनर पीयूष चावला दोबारा उत्तर प्रदेश लौट आए हैं और वह आने वाले घरेलू सीजन के साथ ही अगस्त में लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में होने वाली उत्तर प्रदेश टी20 लीग में भी खेलते दिखेंगे। दो बार के विश्व चैंपियन लेग स्पिन ऑलराउंडर 2016 में उत्तर प्रदेश छोड़कर गुजरात चले गए थे। उन्होंने सात साल तक गुजरात के लिए घरेलू क्रिकेट खेला और अब वह फिर से उत्तर प्रदेश वापसी के लिए तैयार हैं। वह फिलहाल उत्तर प्रदेश के लिए सफेद गेंद की क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि उन्होंने रणजी ट्रॉफी खेलने की संभावना से पूर्ण इनकार नहीं किया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए चावला ने बताया कि वह सफेद गेंद से उत्तर प्रदेश के लिए इस सीजन खेलेंगे लेकिन लाल गेंद यानी रणजी ट्रॉफी खेलने पर भी विचार करेंगे। चावला ने उत्तर प्रदेश के लिए अपना पिछला मैच अक्टूबर 2016 में जयपुर में बंगाल के खलिाफ खेला था, जिसमें वह चोटिल हो गए थे।



## विंबलडन : जोकोविच से भिड़ेंगे मुसेटी

**एजेंसी। लंदन**

वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन में इटली में सभी की निगाहें जानिक सिनर पर थीं, लेकिन यह लोरेंजो मुसेटी हैं जिन्होंने सेमीफाइनल में पहुंचकर और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के साथ मुकाबला करने की देश की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

ऑस्ट्रेलियाई एलेक्स डी मिनौर के चोट के कारण नाम वापस लेने के बाद जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। बुधवार को मुसेटी ने अपने करियर का अब तक का संभवतः सर्वश्रेष्ठ ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 3-6, 7-6(5), 6-2, 3-6, 6-1 से हरा दिया। ऐसा करने पर, 22 वर्षीय खिलाड़ी इवेंट के इतिहास में केवल चौथा इतालवी पुरुष एकल सेमीफाइनलिस्ट बन गया। मंगलवार को वर्ल्ड नंबर 1 सिनर के दानिल मेदवेदेव से हारने के बाद भी, मुसेटी ने अपने पहले प्रमुख क्वार्टरफाइनल में उत्कृष्ट और संयमित प्रदर्शन के साथ इतालवी टेनिस की ताकत की तुरंत याद दिला दी। 25वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने ग्रास-कोर्ट के एक विशिष्ट प्रतिद्वंद्वी को चकमा देने के लिए अपने स्लाइस बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल किया और जोकोविच के साथ अंतिम-चार मुकाबले की तैयारी कर ली। दो बार के एटीपी टूर टाइटलिस्ट मुसेटी ने तीन घंटे, 27 मिनट में यह मुकाबला जीता। ऑल-इंग्लैंड क्लब के नंबर 1 कोर्ट पर अपनी पहली उपस्थिति में मुसेटी की जीत की नींव उनकी सर्विस थी।



## यूरो 2024 में युवा लैमिन के जादुई गोल को गौतम अदाणी ने सराहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी स्पेन के युवा फुटबॉलर लैमिन यामल की सराहना की है। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में एक शानदार गोल किया। 16 साल के इस स्टार विंगर ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी मदद से स्पेन ने फ्रांस को 2-1 से हराकर यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। यूरो 2024 सेमीफाइनल के दौरान फ्रांस के खिलाफ जब स्पेन 0-1 से पीछे चल रहा था, तब यामल ने टीम को बराबरी के स्कोर तक पहुंचाया। गौतम अदानी ने एक्स पर पोस्ट किया, कल 20:16 पर फुटबॉल की दुनिया थम सी गई थी। 16 वर्षीय लैमिन यामल ने 20 गज की दूरी से जादुई गोल किया। संयोग हो सकता है। प्रतिभा अविश्वसनीय! सभी युवाओं के लिए यह कितनी प्रेरणादायक कहानी है। विनम्र और चुनौतीपूर्ण शुरूआत, रोजाना अपनी मां से बात करना, अपने साथ स्कूल की पाठ्यपुस्तकें रखना और फिर भी इस युवा ने इतिहास रच दिया है।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई दर (सीपीआई-आईडब्ल्यू) मई में गिरकर 4 महीने के निचले स्तर 3.86 प्रतिशत पर आ गई है, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 4.42 प्रतिशत पर था। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई-आईडब्ल्यू) में इस वर्ष फरवरी से लगातार गिरावट आ रही है। अप्रैल में यह आंकड़ा 3.87 प्रतिशत पर था। ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्ल्यू मई 2024 में 0.5 अंक बढ़कर 139.9 अंक हो गया है। अप्रैल 2024 में यह 139.4 अंक पर था। ईंधन और ऊर्जा सेगमेंट में कमी आई है और मई 2024 में यह गिरकर 149.5 अंक रह गया है, जो कि अप्रैल 2024 में 152.8 अंक पर था। फूड और बेवरेज ग्रुप में ऑल-इंडिया सीपीआई-आईडब्ल्यू मई 2024 में बढ़कर 145.2 अंक हो गया है, जो कि अप्रैल 2024 में 143.4 अंक पर था।


### अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह पर आई पहली मदर शिप

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के कोवलम बीच के पास भारत के पहले ट्रांस-शिपमेंट अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह पर गुरुवार को पहली मदर शिप आई। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शिपिंग कंपनी मर्स्क के जहाज 'सैन फर्नांडो' ने 2,000 से अधिक कंटेनरों के साथ बंदरगाह पहुंच कर इतिहास रच दिया। इस विशाल जहाज को पारंपरिक सलामी दी गई, जिसके बाद यह सफलतापूर्वक बर्थ पर पहुंच गया। पहली मदर शिप के आने के साथ, अदाणी समूह के विझिनजाम बंदरगाह ने भारत को विश्व शिपिंग बिजनेस के पटल पर ला दिया है। इस तरह यह बंदरगाह वैश्विक स्तर पर 6ठे या 7वें स्थान पर होगा। इस मौके पर केरल के बंदरगाह मंत्री वी.एन. वासवन, अदाणी बंदरगाह के अधिकारी और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने मदर शिप का स्वागत किया।

# बजट से पहले पीएम मोदी संग नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों की बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

23 जुलाई को पेश होने वाले केंद्रीय बजट से पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी इस दौरान उपस्थित थीं। पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ नीति आयोग और अर्थशास्त्रियों की बैठक शुरू हो गई है। आपको बता दें कि 23 जुलाई को मोदी सरकार 3.0 का बजट केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पेश करेंगी। इस बजट को लेकर ये बैठक बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक के जरिए पीएम मोदी जनता का मूड समझने की कोशिश करेंगे। पीएम जनता के बीच चल रही परेशानियों से अवगत होना चाहते हें। वे अर्थशास्त्रियों के साथ विचार-विमर्श करने वाले हैं। वे आगामी केंद्रीय बजट को लेकर विचार और सुझाव लेने वाले हैं। इस बैठक में अर्थशास्त्रियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भागीदारी में हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य शामिल हैं।




### 22 जुलाई से शुरू हो रहा है संसद का बजट सत्र

22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। केंद्रीय बजट 2024-25 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बजट को लेकर कहा था, 'भविष्य को ध्यान में रहते हुए सरकार इस बार दूरगामी नीतियों के साथ बजट पेश करेगी। इसमें प्रमुख आर्थिक और सामाजिक सरोकारों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव की वजह से फरवरी में एक अंतरिम बजट पेश किया गया था।

### विकसित भारत का रोड मैप पर हो सकती है चर्चा

केंद्र सरकार ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार की इच्छा है कि आम बजट के जरिए विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने की है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी विकसित भारत के रोडमैप पर भी विशेषज्ञों के सुझाव लेंगे। केंद्र सरकार का ध्यान गरीब, मध्य और निम्न मध्यवर्ग पर सबसे ज्यादा है। सरकार की तरफ गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के लिए नई योजना शुरू करने की भी योजना है।

# भारत में तेल, गैस अन्वेषण में 100 अरब डॉलर के निवेश के अवसर : पुरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पुरी ने कहा, हमारे तलछटी बेसिन क्षेत्र के केवल 10 प्रतिशत पर ही अन्वेषण का काम किया जा रहा है, जो वर्तमान बोली समाप्त होने के बाद 2024 के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो जाएगा। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और किफायती तथा टिकाऊ तरीके से ईंधन उपलब्ध कराने के लिए तेल एवं गैस की खोज तेज करने का आह्वान किया। ऊर्जा वार्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अन्वेषण तथा उत्पादन (ईएंडपी) क्षेत्र ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अभिन्न अंग है, जो सतत आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ईएंडपी 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है। पुरी ने कहा कि भारत की अन्वेषण तथा उत्पादन क्षमता का अब भी पूरी तरह दोहन नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे यह अजीब लगता है कि भारत प्रचुर भूवैज्ञानिक संसाधनों के बावजूद तेल आयात पर इतना अधिक निर्भर है। उन्होंने कहा कि भारतीय तलछटी बेसिन में करीब 65.18 करोड़ टन कच्चा तेल और 1138.6 अरब क्यूबिक मीटर प्राकृतिक गैस मौजूद है। पुरी ने कहा, हमारे तलछटी बेसिन क्षेत्र के केवल 10 प्रतिशत पर ही अन्वेषण का काम किया जा रहा है, जो वर्तमान बोली समाप्त होने के बाद 2024 के अंत तक बढ़कर 16 प्रतिशत हो जाएगा।



### भारत में डीमैट अकाउंट की संख्या बढ़कर 16.2 करोड़ हुई

**नई दिल्ली।** देश में डीमैट अकाउंट की संख्या जून में 42 लाख से बढ़कर 16.2 करोड़ हो गई है। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चालू वित्त वर्ष में औसत 34 लाख डीमैट अकाउंट हर महीने खोले गए हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, सेंट्रल डिपॉजिटरीज सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) की बाजार हिस्सेदारी (कुल डीमैट खातों की संख्या में) लगातार बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट में बताया गया कि कुल डीमैट अकाउंट की संख्या के मामले में सालाना आधार पर नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरीज लिमिटेड (एनएसडीएल) का मार्केट शेयर 4.3 प्रतिशत गिरा है।

## बीएफआईएल के शेयर 27 दिन में 86% चढ़े, कचोलिया का है निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज के शेयरों ने आज नई ऊंचाई छू ली। गुरुवार के कारोबार में बीएसई पर इंडेक्स कमजोर रहने के बावजूद कंपनी के शेयर 9 प्रतिशत उछाल के साथ 415 रुपये पर पहुंच गए। इसकी तुलना में, बीएसई सेंसेक्स दोपहर 1:45 बजे 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,760 पर था। इस छोटी कंपनी (स्मॉल कैप) के शेयरों ने पिछले 27 दिनों में 86 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है। 6 जून को यह शेयर 223 रुपये पर था। वहीं, 14 मार्च 2024 के 154.55 रुपये के स्तर से अब तक यह शेयर 169 प्रतिशत बढ़ चुका है। बता दें, बीएफ आई एल नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएससी) पर 29 अप्रैल 2024 को लिस्ट हुआ था। गौर करने वाली बात है कि कंपनी द्वारा जून 2024 तिमाही के लिए शेयरधारिता पैटर्न का खुलासा किया गया था, जिसके अनुसार निवेशक आशीष कचोलिया के पास बीएफआईएल में 2.19 करोड़ शेयर या 2.14 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

**बालू फोर्ज इंडस्ट्रीज लोहे का सामान बनाने का काम करती है, खासतौर पर वो घुमावदार लोहे के पुर्जे जो इंजन में लगते हैं और दूसरे मजबूत लोहे के उपकरण बनाती है।**

# रिलायंस जियो की 112 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो 2025 में संभावित रूप से 112 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन के साथ लिस्ट हो सकती है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने 10 जुलाई को एक रिपोर्ट में कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड सही वैल्यूएशन मिलने के बाद जियो प्लेटफॉर्म्स को अलग कर लिस्टिंग करा सकती है। जेफरीज ने कहा, यह मानते हुए कि जियो रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्टेबल आउटलुक से अलग हो जाता है, हमारे लिए रिल स्टॉक का उचित मूल्य 3,580 रुपये होगा। अगर आईपीओ आता है तो बेस केस में (20 प्रतिशत होल्डिंग कंपनी डिस्काउंट के लिए एडजस्टेड) रिल का उचित मूल्य 3,365 रुपये तक गिर जाएगा। अलग करने के मामले में, जेफरीज का टारगेट प्राइस उनके बेस केस में 14 फीसदी की बढ़ोतरी का संकेत देता है। उनके बुल केस में, फ्र्र्र्छ का स्टॉक प्राइस 3,700 रुपये रहेगा, जो 18 फीसदी की बढ़ोतरी का संकेत देता है। ऑपरेशन के नजरिये से, जियो पहले टेलीकॉम कंपनी थी, जिसने हाल में टैरिफ में बढ़ोतरी का ऐलान किया। हालांकि, उन्होंने फीचर फोन टैरिफ को बरकरार रखा। एनालिस्ट्स ने कहा कि इससे जियो का मोनेटाइजेशन और सब्सक्राइबर मार्केट में ज्यादा हिस्सेदारी पर फोकस दिखा।




### भारत में वित्त वर्ष 25 में ग्रामीण मांग बढ़ने से बढ़ेगा निजी खपत

**नई दिल्ली।** ग्रामीण मांग में रिकवरी, सामान्य मानसून और कम होती महंगाई के कारण भारत में चालू वित्त वर्ष में निजी खपत बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंडिया रेटिंग्स और रिसर्च की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया कि निजी खपत में बढ़ोतरी होने से बैलेंस्ड ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा और प्रीमियम एवं वैल्यू सेगमेंट में अंतर कम होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि शहरी मांग में बढ़त जारी रहेगी, लेकिन इसकी गति धीमी होगी। इंडिया रेटिंग्स ने रिपोर्ट में आगे कहा कि वित्त वर्ष 25 में विकास में असमानता कम होगी। इसके कारण व्यापक स्तर पर विकास दिखेगा। पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण खपत में लगातार इजाफा देखा गया है।

# आज के टॉप शेयर की लिस्ट में आनंद राठी ने रखे ये 3 स्टॉक्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 को लगभग 935 के पीक पर पहुंचने के बाद, जेके लक्ष्मी सीमेंट में काफी करेक्शन देखा गया है, जिससे यह लगभग 80 अंक गिर गया है, जो 9 प्रतिशत की गिरावट है। यह इसके ब्रेकआउट रेंज की पिछली अपर बाउंड्री के साथ मेल खाता है, जिससे एक आकर्षक खरीदारी का अवसर बन जाता है। टेक्निकली देखें तो, डेली रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 55 स्तर से उछल चुका है, जो स्टॉक के लिए संभावित सकारात्मक गति का संकेत देता है। इसलिए, 880-890 के रेंज में शेयर खरीदने की सलाह दी जाती है। साथ ही साथ, 960 के अपसाइड टारगेट और डेली क्लोजिंग बेसिस पर 845 पर स्टॉप-लॉस सेट करने की सिफारिश की जाती है। पिछले कुछ हफ्तों में, एथर ने हायर हाई और हायर लो का फॉर्मेशन करके लगातार अपट्रेंड दिखाया है, जो इसके मार्केट परफॉर्मेंस का पॉजिटिव संकेत है। हाल ही में, एथर ने अपने पिछले कंसोलिडेशन रेंज हाई 865 को पार कर लिया है और अब 896 के आसपास कारोबार कर रहा है। टेक्निकल एनालिस्ट के व्यू से, डेली चार्ट पर रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स ने एक बुलिश डाइवर्जेंस दिखाई है, जिससे पोटेंशियल अपवार्ड मोमेंटम का सुझाव मिलता है जो निवेशकों को आकर्षक लग सकती है।



## एक नजर

### पुलिस ने रमना में बालू लदा टिपर किया जब्त

**गढ़वा।** रमना पुलिस ने बुधवार को अवैध बालू कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक टिपर को जब्त किया। जिससे बालू माफिया में खलबली मच गयी। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश की अनदेखी कर प्रखंड में अवैध तरीके से बालू का विक्रय प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम हो रही है। इस अवैध कारोबार की खबर दैनिक समाचार पत्र के द्वारा उठाया गया था। जिस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की गयी। जानकारी के अनुसार मंगलवार को उक्त टिपर के द्वारा ही सुबह पांच बजे खुलेआम बालू विक्रय किया गया था। इसकी भनक प्रशासन को लग गयी थी। अवैध बालू विक्रय पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई थी।

### तीन स्कूलों के 217 बच्चों के बीच विधायक ने बांटी साइकिल

**पलामू।** पलामू को पाटन हाई स्कूल के प्रांगण में तीन स्कूलों के 217 बच्चों के बीच विधायक पुष्पा देवी ने साइकिलों का वितरण किया। वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। सभी गणमान्य लोगों ने विधायक को बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, सेमरी पंचायत की मुखिया सुमति देवी, पूर्व मुखिया शिव शंकर प्रसाद, किशनपुर मंडल विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, कामता सिंह, आनंद सिंह, गुड्डू सिंह, प्रमोद सिंह, नॉलेज सिंह, शमशेर आलम, गुड्डू मियां, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार और हजारों संख्या में छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### कांग्रेस कमेटी ने पंडित जगनारायण पाठक की 29वीं पुण्यतिथि मनाई

**पलामू।** पलामू जिला की कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में ने पूर्व अध्यक्ष पंडित जगनारायण पाठक की 29वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनायी। सबसे पहले कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन मैदान में स्थित उनकी प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पंडित जगनारायण पाठक लंबे समय तक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद पर रहे। उन्होंने पार्टी की सेवा की। पार्टी हित में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। पंडित जगनारायण पाठक के नेतृत्व में पलामू में कांग्रेस का संगठन काफी मजबूत हुआ था। पंडित जगनारायण पाठक पलामू कांग्रेस में भीष्म पितामह के नाम से जाने जाते थे। उनके कार्य अद्भुत थे। बेहतरीन संगठन करता के रूप में पूरे कांग्रेस में उन्हें जाना जाता था।

# बारियातू में 17 किलोग्राम अफीम के साथ एक गिरफ्तार

*अवैध व्यापार करने वाले लोगों के संबंध में भी बताया*



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** थाना क्षेत्र सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम निवासी धर्मेंद्र प्रसाद साव को पुलिस ने छापामारी कर 16 किलो 9.20 ग्राम अफीम के साथ साथ धर दबोचा,पुलिस ने बरामद की गई अफीम की बाजार मूल्य 84 लाख 60 हजार बताया है। पुलिस अधीक्षक लातेहार के गुप्त सूचना मिली थी की धर्मेंद्र प्रसाद साव ग्राम राजगुरु थाना बारियातू जिला लातेहार के द्वारा अवैध रुप सें अफीम की खरीद बिक्री का धंधा किया जाता है। तत्वरित करवाई करने पर उसके घर सें भारी मात्रा मे अवैध अफीम की बरामदगी हो सकती है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक लातेहार अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व में एक छपा मारी दल का गठन किया गया। जिसमें पुअनि राजा दिलावर थाना प्रभारी बारियातू, पुअनि विक्रांत कुमार उपाध्याय थाना प्रभारी बालूमाथ, सअनि बालेश्वर गंझु, एवं शस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा धर्मेंद्र प्रसाद साव पिता स्व. धनेश्वर साव ग्राम राजगुरु थाना बारियातु जिला लातेहार की घर सें विधिवत तलासी करने पर धनमेंन्द्र साव के घर से 16 किलो 920 ग्राम अफीम जैसा पदार्थ बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य लगभग 84 लाख 60 हजार रुपया है. जिसको विधिवत जप्ति सूची बनाकर जप्त किया गया। तथा अभियुक्त धनमेंन्द्र प्रसाद साव ग्राम राजगुरु थाना बरियातू जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त धर्मेंद्र साव के द्वारा अफीम के इस अवैध व्यापार करने अन्य लोगों को संलिप्ता की संबंध में भी बताया गया। इस संबंध में बारियातू थाना कांड संख्या. 46/24 दिनांक 10/07/2024 धारा 17( सी )18 (बी ) 22 (सी )एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अवैध अफीम के धंधे में सनलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी अनुसन्धान किया जा रहा है। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध लातेहार पुलिस के द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी की जाती रहेगी। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक एंड्राइड मोबाइल अफीम को वजन करने हेतु दो इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया गया है।

### ब्रह्मकुमारी संस्था में ब्रह्मा भोजन का आयोजन

**लातेहार।** शहर के बाइपास रोड में प्रजापिता ब्रह्म कुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में गुरूवार को ब्रह्मा भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन दिवंगत आंगनबाड़ी सेविका तिलोत्तमा कुंवर की स्मृति में किया गया। मौके पर शाखा संचालक अमृता बहन ने ब्रह्मा भोजन की आध्यात्मिक महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि अन्न स्वयं ब्रह्म है। समस्त जगत ब्रह्म से उत्पन्न होता है, उसी पर निर्भर रहता है और उसी में विलीन हो जाता है। इसी प्रकार सभी जीव अन्न से उत्पन्न होते हैं, उसी पर निर्भर रहते हैं और उसी में विलीन हो जाते हैं। उन्होंने जीवन व मृत्यु के रहस्यों की चर्चा करते हुए कहा कि इस संसार में जो जन्म लिया है, उसकी मृत्यु भी निश्चित है। प्रजापिता ब्रह्म कुमार इश्वरीय विश्वविद्यालय हमें जीवन को संस्कारयुक्त बनाना सिखाता है। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मो के अनुसार ही हमें फल मिलता है। इस आयोजन में श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के संरक्षक व एकल अभियान के अध्यक्ष विनोद प्रसाद, ज्योति देवी, रीना देवी, सोनू कुमार, गुलाब भाई व आशा बहन सहित कई लोग शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### जयपुर थाना में मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**पाटन।** पाटन के नावाजयपुर मे बुधवार को मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में सीओ दीपक कुमार मिश्रा ने कहा मोहर्रम का पर शांति पूर्ण तरीके से मनाये। इस पर्व मे आपसी सौहार्द बनाए रखें। इस संबंध नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने बताया कि पर्व त्यौहार को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। पुलिस प्रशासन की चपे चपे पर निगरानी रखी गईं है मोके पर पुलिस निरीक्षक,सीआई, मुखिया समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर परिवार कल्याण स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को विश्वस्वास्थ्य दिवस के अवसर पर परिवार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जयवंत लकड़ा व उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल द्वारा बारी बारी से दीप प्रज्वलित कर के किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जयंत लकड़ा ने परिवार स्वास्थ मेला कों लेकर 11जुलाई से 10अगस्त तक चलने वाली परिवार नियोजन कार्यक्रम में जनसंख्या नियंत्रण हेतु परिवार नियोजन विभिन्न तरीकों की जानकारी दी।डॉक्टर लकड़ा ने कार्यकर्म के तहत महिला बंध्याकरण और पुरुष नसबन्दी की जानकारी देते हुई लोगो को जनसंख्या नियंत्रण हेतु परिवार नियोजन के अन्य तरीकों को बताते हुए इसे अपनाने पर जोर दिया। डॉक्टर ने 1 माह तक चलने वाले परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने हेतु सभी जन प्रतिनिधियों से इसकी अधिक से अधिक प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

### चौकीदार बहाली में अजा को आरक्षण की मांग, सांसद को ज्ञापन

**पलामू।** चौकीदार बहाली को लेकर आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति पलामू के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गुरुवार को सांसद बीडी राम को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा औ? आरक्षण शून्य करने पर विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन के माध्यम से अनुसूचित जाति को भी आरक्षण का लाभ देने की मांग की गईं है। कहा गया है कि पलामू उपायुक्त कार्यालय द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 01/2024 दिनांक- 02/07/24 जिसमें पलामू जिले में 155 पद चौकीदार की भर्ती हेतु निकाली गयी है, परन्तु दुर्भाग्य की बात यह है कि झारखंड राज्य का एक मात्र जिला पलामू है, जो अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है, लेकिन अनुसूचित जाति के लिए उपरोक्त पद हेतु आरक्षण शून्य दिखाया गया है और बाकि कैटेगरी को कैटेगरी वाइज आरक्षण दे दिया गया है। इसमें ऐसा प्रतीत होता है कि अनुसूचित जाति के आरक्षण रोस्टर के साथ छेड़छाड़ कर दूसरे वर्ग को लाभ पहुंचाने हेतु कुचक्र रचा गया है, जो संघर्ष समिति पलामू किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं करेगी। सर्वविदित है कि आजादी से अभी तक इस पद पर पासवान जाति की बहाली होता थी। कहीं कहीं अन्य जाति के लोग भी थे और अभी तक विज्ञापन के द्वारा कभी भी इस पद के लिए बहाली नहीं हुई थी। अभी जब 2024 में चौकीदार की बहाली निकाली गई तो उसमें अनुसूचित जाति का पद शून्य दिखाया गया है, जो काफी निंदनीय है। इसलिए संघर्ष समिति मांग करती है कि वर्तमान विज्ञापन को निरस्त कर नए सिरे से विज्ञापन जारी कर आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए अनुसूचित जाति को भी आरक्षण दिया जाए।

# मुखिया ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर की पुलिस पिकेट स्थापित करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी ने पलामू सांसद वीडी राम से मिलकर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा हैं। इस दौरान मुखिया ने सांसद को बुके देकर स्वागत किया।मुखिया द्वारा सांसद को दिए गए मांग पत्र में झरगड़ा मोड़ से डाक बंगला होते हुए सरहु पुल तक पक्की सड़क निर्माण, पतरा पंचायत सचिवालय से बनसपती गांव तक पक्की सड़क निर्माण, सुपहा माध्यमिक विद्यालय की घेराबंदी एवं चाहरदीवारी निर्माण, झरगड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय की दर्जा देने, ग्राम सुकनाडेरा श्मशान घाट पर शेड निर्माण, झरगड़ा में चंदीप चौधरी के घर से बघमनवा सनोज रजवार के घर तक नाला निर्माण, झरगड़ा में श्मशान घाट की चाहरदीवारी निर्माण, ग्राम सुपहा में श्मशान घाट पर शेड निर्माण ,झरगड़ा के गायत्री फिल्ड पर स्टेडियम का निर्माण और झरगड़ा पंचायत में पुलिस पिकेट की स्थापना की शामिल है।सांसद वीडी राम ने मुखिया को आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर आपकी सभी मांगों पर यथा संभव प्रयास कर पूरा किया जाएगा। मुखिया अशोक चौधरी ने अपने पंचायत वासियों के तरफ से सांसद का आभार प्रकट किया एवं सर्व प्रथम सड़क की दयनीय स्थिति को सुधारने का अनुरोध किया।

## नगर निगम में नर्सिंग होम और जांच घर के सामने खूब लगता है जाम

*हॉस्पिटल के सामने बेतरतीब तरीके से लगा दिए जाते हैं वाहन*

*संचालक भी नहीं देते ध्यान, वाहनों को सिस्टैमेटिक तरीके से पार्क करने को नहीं उठाए जाते कदम*

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** मेदिनीनगर शहर में तमाम प्रतिष्ठानों के बाहर पार्किंग की समस्या विकराल होती जा रही है। खासकर चिकित्सा प्रतिष्ठानों के बाहर सुबह से शाम तक दो और चार पहिया वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है। अफसोस कि इन प्रतिष्ठानो के पास पार्किंग को छोड़कर बाकी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं । आपको बताते चले की पार्किंग के नाम पर पुख्ता इंतजाम नही हैं । नर्सिंग होम के बाहर वाहन जैसे-तैसे लगे हुए रहते हैं । हमने जब इस सिलसिले में शहर के प्रतिष्ठित लोगो से प्रतिक्रिया ली तो नाम न छापने की शर्त पर उनका कहना है की नगर निगम क्षेत्र के कई वार्ड में मुख्य सड़क पर प्रतिष्ठित डॉक्टरों के द्वारा कई नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं जिससे जाम की समस्या रोज बनी रहती है । शादी ब्याह के लगन , खास कर त्योहारों में यह जाम इस कदर बढ़ जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है । ट्रैफिक व्यवस्था का भी यही हाल है ।जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए । वही इस मामले में शहर में बिना पार्किंग के संचालित हो रहे नर्सिंग होम को लेकर पलामू सिविल सर्जन से बात की तो सिविल सर्जन ने कहा कि क्नीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत, ओपीडी को छोड़ कर जितने भी जिले में नर्सिंग होम और क्लिनिक, जांच घर हैं, उन्हें पार्किंग की सुविधा मरीजों को देनी है। वहीं आपके माध्यम से लोगो को बताना चाहते हैं की अगर इस तरह की समस्या को लेकर अगर हमारे पास लोग आती हैं तो पलामू स्वास्थ्य विभाग की तरफ से संचालक को गाइडलाइन जारी किया जाएगा।

## कृषकों को अनुदान पर दिए जाएंगे सोलर पंपसेट : डीएओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत प्रधानमंत्री कृषक उर्जा उत्थान महाअभियान के तहत किसानों को सोलर पंपसेट दिया जाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत किसानों को दो एचपी, तीन एचपी व पांच एसपी का सोलर आधारित पंपसेट दिया जायेगा। इसके लिए क्रमशः पांच हजार, सात हजार व दस हजार रुपए किसानों को देना है। शेष राशि अनुदान के रूप में राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। सोलर पम्पसेट के वितरण के लिए वैसे लाभुकों का चयन किया जाना है, जिसके खेत में ग्रिड कनेक्टिवीटी की सुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 के लिए लातेहार जिला के लिए 125 लाभुकों का लक्ष्य प्राप्त था। इसे बढ़ाकर 305 लाभुक कर दिया गया है। 305 लाभुकों के लक्ष्य के विरूद्ध 304 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राप्त आवेदन को प्रखंड स्तर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा जांच कर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। जांच के आधार पर 259 आवेदन को सही और योजना के अनुरूप पाया गया। श्री सिंह ने बताया कि उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित बैठक गठित समिति द्वारा 259 योग्य किसानों की सूची का अनुमोदन किया गया है।

# एटिक सेंटर में 25 किसानों को मिला धान के बीज व नैनो यूरिया

*बोरिंग और पंपसेट से समुचित खेती करना कतई संभव नहीं है।*



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय परिसर हैदरनगर स्थित किसान सलाहकार केन्द्र (एटिक सेंटर) में चिन्हित 25 किसानों को प्रत्यक्षण के लिए इस वर्ष धान का बीज दिया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि वर्ष 2024-25 अंतर्गत फूड एंड न्यूट्रीशन योजना के तहत प्राप्त 240 किलो धान का बीज फसल के प्रत्यक्षण को लेकर 25 किसानो के बीच वितरण किया गया है। सहायक तकनीकी प्रबंधक परवीन जहां ने किसानों के प्रति चिंता जताते हुए कहा कि अब तक इस प्रखंड में अल्प वर्षा से अधिकांश खेत सूखे पड़े हैं। बावजूद किसानों के बीच बीज प्रत्यक्षण करने के प्रति आस और उत्साह कायम है। वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय और पंचायत समिति सदस्य राजीव रंजन शर्मा ने कहा कि इस क्षेत्र के किसानों में मेहनत, उमंग और खेती के प्रति हिम्मत में कमी नहीं है। कमी है तो मात्र सिंचाई की, उन्हें भगवान भरोसे खेतों में पानी मिलने की आस हर साल बरसात के मौसम में रहती है। बोरिंग और पंपसेट से समुचित खेती करना कतई संभव नहीं है। बीज वितरण कार्यक्रम में किसान मित्र कुणाल सिंह, संजय मेहता का अपेक्षित सहयोग मिलने की सराहना भी की गई। इसके साथ ही उपस्थित किसानों के बीच नैनो यूरिया, नीम तेल आदि का भी वितरण जनसेवक जयप्रकाश राम की उपस्थिति में किया गया।

### आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन, लोगों को इसकी विशेषताओं से कराया गया अवगत

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुरुवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नावाडीह मुखिया कंचन देवी व संचालन बीपीओ राजेश्वर रजक ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार सुमन, नौनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा पूर्व मुखिया मेघन दांगी उपस्थिति थे। आम बागवानी मेले का आयोजन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने लाभुकों को आम बागवानी की विशेषताओं से अवगत कराया। साथ ही पंचायत के लोगों को आम बागवानी लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपमुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, बागवानी सखी, जेएसएलपीएस कर्मियों के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

### पत्रकार संघ प्रखंड इकाई का हुआ गठन अध्यक्ष बने संतोष यादव

**कुंदा(चतरा)।** गुरुवार को जेजेए पत्रकार संघ प्रखंड इकाई की आवश्यक बैठक पत्रकार संतोष यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में पत्रकार संघ के पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार संतोष यादव को अध्यक्ष, अजित कुमार यादव को सचिव व कोषाध्यक्ष अरुण गुप्ता को बनाया गया। पत्रकार प्रखंड इकाई के अध्यक्ष श्री यादव ने कहा की पत्रकारों के लिए स्थानीय राजनीति, भ्रष्टाचार और अपराध जैसे मामलों की रिपोर्टिंग करना किसी युद्ध की स्थिति से कम नहीं है। फिर भी अनुशासित रहते हुए स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष पत्रकारिता करना ही हम सभी पत्रकारों का लक्ष्य है। बैठक में चतरा प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष बंटी कुमार, विनय गुप्ता, लवकुश यदुवंशी, धर्मेंद्र गुप्ता, रंजीत सौंडिक आदि उपस्थित थे।

### प्रेस क्लब अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर कुंदा में पत्रकारों ने किया पौधारोपण

**कुंदा(चतरा)।** चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप के दिशा निर्देश पर गुरुवार को कुंदा प्रखंड में पत्रकार संघ के द्वारा पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम संघ के प्रखंड अध्यक्ष संतोष यादव व चतरा प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष बंटी कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। कोषाध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए चतरा प्रेस क्लब के द्वारा 20 जुलाई तक जिले में पौधारोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आम लोगों से अधिक से अधिक पौधा लगाने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे से पृथ्वी की सुंदरता बढ़ने के साथ पर्यावरण संतुलित रहता जो जीव व प्राणियों के लिए आवश्यक है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का हुआ आयोजन

# जनसंख्या बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है : राजकुमारी






**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** गुरुवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में विश्व जनसंख्या दिवस पर आमजनों को जागरूक करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का अयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ.दीपक कुमार सिन्हा, बीडीओ रौशन कुमार, विधायक प्रतिनिधि विनय पासवान, सांसद प्रतिनिधि अखलेश्वर मेहता, मुखिया संघ के सचिव अमरेंद्र ठाकुर, नरेश पासवान ने संयुक्त रूप से फीताकाट कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि अपने देश में जनसंख्या काफी तेजी से बढ़ रहा है, जो आज बड़ी समस्या बन चुकी है। इसके लिये जनसंख्या नियंत्रण करना सबसे ज्यादा आवश्यक है। जनसंख्या वृद्धि से आज कई समस्या उत्पन्न हो रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसे रोकथाम के लिये कई योजनाएं चला रही है। जरूरत हैं लोगों को जगरूग करने की। खुशहाल परिवार के लिये परिवार नियोजन के उपाय कारगर है। इस मौके पर स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि सीमित परिवार हर मामले में खुशहाली का प्रतीक होता है, छोटे परिवार में ही बच्चों को बेहतर परवरिश संभव होती है, इसलिए विश्व जनसंख्या दिवस के माध्यम से आमलोगों को नियोजित परिवार के विषय में संकल्पित होने की जरूरत है। इस कार्यक्रम के बाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, डॉ. दीपक कुमार, विनय पासवान, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जगरूगता रथ को रवाना किया। इस मौके पर प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता, परिवार कल्याण कार्यकर्ता सचितानंद, एएनएम राजमुनी देवी, अर्चना कुमारी, सहिया साथी सीमा सिंह, सोनी देवी, अनिता देवी, मीणा देवी समेत कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

## द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में पास हुई ज्योति कुमारी



फोटो-ज्योति कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्टेशन रोड मोहम्मदगंज निवासी ज्योति कुमारी (नेहा) की द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में सफलता से क्षेत्र खुशी का माहौल है। ज्योति की छोटी बहन भी वर्तमान में रिम्स रांची में एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत है। उसका भाई पुणे से एमबीए की तैयारी में जुटा है। ज्योति अपने माता पिता के साथ जमशेदपुर में ही रहती हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय पिता अभय सिंह, माता विभा सिंह के प्रेरणा व अपने दादा कृष्ण बिहारी सिंह सहित अपने परिजनों के आशीर्वाद देती है।ज्योति की प्रारंभिक शिक्षा से लेकर दसवीं और बारहवीं स्कूल ऑफ एक्सेलेंस जमशेदपुर से करने के बाद कोलकता विश्वविद्यालय के सेठ आनंद राम जयपुरिया कॉलेज से बी. कॉम स्नातक (अकाउंट व फाइनेंस) की परीक्षा पास की। स्नातक करने के दौरान ही सीए की तैयारी के दौरान ही तीसरे प्रयास में यह सफलता हासिल की है। उसका शुरू से ही सीए परीक्षा पास करने का सपना था। उसने बताई कि सीए बनने के लिए हार्ड वर्क बहुत जरूरी है। हर दिन बेसिस पर अपना टारगेट सेट करना चाहिए कि तय लक्ष्य अनुरूप एचीव कर पा रहे है या नहीं। उसने बताई कि निकट भविष्य में किसी प्राइवेट फर्म में नौकरी और प्रैक्टिस करेगी।इसके बाद अपना सीए फर्म खोलने का मुख्य लक्ष्य है।

## पेज एक का शेष

### रांची विवि के गेस्ट...

उनकी ओर से कहा गया है कि रांची यूनिवर्सिटी संविदा पर नीड बेस असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति कर रही है, इसके लिए विज्ञापन भी निकल गया है। नीड बेस असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति होने पर उन्हें नौकरी से हटा दिया जाएगा। उनकी ओर से कोर्ट से आग्रह किया गया है कि संविदा पर असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। उनकी ओर से कोर्ट से यह भी कहा गया है कि उन्हें बीते 14 माह से दैनिक वेतन (पारिश्रमिक) भी नहीं मिला है, उन्हें बकाया वेतन दिलाया जाए।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### संघर्ष विराम होने पर ही इजरायल पर हमले बंद होंग : हिजबुल्लाह



**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह का कहना है कि गाजा में संघर्ष विराम पर समझौता होने पर उनका समूह इजरायल पर हमला करना बंद कर देगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नसरल्लाह ने यह बात बुधवार को टेलीविजन पर दिए गए भाषण में कही। पिछले हफ्ते दक्षिणी लेबनान में इजरायल के हमले में पार्टी नेता मोहम्मद एन. नासिर मारा गया था, उसकी याद में उन्होंने यह टिप्पणी की। हिजबुल्लाह नेता ने इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट की पहले की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया दी।

### फिलीपींस के सुल्तान कुदारत प्रांत में या 7.0 तीव्रता का भूकंप

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से सुल्तान कुदारत प्रांत में गुरुवार सुबह 7.0 तीव्रता का भूकंप आया। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वॉलकैनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने ये जानकारी दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिकस, संस्थान ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10.13 बजे आया। यह 722 किलोमीटर की गहराई पर था और तटीय शहर पालेमबांग से लगभग 133 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। देश के दूसरे सबसे बड़े द्वीप मिंडानाओ के आस-पास के प्रांतों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### दुसाहस... इराक ने कुर्दिस्तान में तुर्की के सैन्य घुसपैठ की निंदा की

**बगदाद।** इराक की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कुर्दिस्तान क्षेत्र में तुर्की के सैन्य घुसपैठ की निंदा की। परिषद ने इसे इराकी संप्रभुता का उल्लंघन भी बताया है। प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि परिषद ने तुर्की से अच्छे पड़ोसी होने का सम्मान करने और कूटनीतिक रूप से संलग्न होने की मांग की। एक बयान के हवाले से बताया कि इराकी प्रधानमंत्री ने स्थिति का आकलन करने और संयुक्त प्रतिक्रिया के लिए कुर्दिस्तान का दौरा करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल बनाया है।

### गाजा में युद्ध विराम के बाद फिलिस्तीन में एक ही सरकार होगी : मुस्तफा

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा ने कहा है कि गाजा में युद्ध विराम हो जाने के बाद एक ही प्राधिकरण और सरकार फिलिस्तीन पर शासन करेगी यानी कि गाजा और वेस्ट बैंक में एक ही सरकार होगी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बुधवार को बताया कि रामल्लाह में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, वाणिज्यदूतों और राजदूतों के साथ बैठक के दौरान मुस्तफा ने एकता और सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

केरल हाई कोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

# महिला के लिव-इन पार्टनर पर नहीं चल सकता क्रूरता का केस

» पुरुष जो कानूनी विवाह के बिना महिला का साथी था उस पर धारा 498ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता

एजेंसी



**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी महिला का साथी जो कानूनी रूप से विवाहित नहीं है, उस पर आईपीसी की धारा 498ए के तहत क्रूरता के अपराध का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अदालत ने गुरुवार को याचिकाकर्ता के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने के बाद यह फैसला सुनाया, जो शिकायतकर्ता महिला का लिव-इन पार्टनर था। अदालत ने फैसला सुनाया, "आईपीसी की धारा 498 (ए) के तहत दंडनीय अपराध के लिए सबसे आवश्यक बात यह है कि महिला के पति या पति के रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता की गई हो। 'पति शब्द का अर्थ है विवाहित पुरुष, जिससे महिला की शादी हुई है। विवाह से ही कोई व्यक्ति महिला के पति का दर्जा पाता है। विवाह का अर्थ कानून की नजर में विवाह है। कानूनी विवाह के बिना यदि कोई पुरुष किसी महिला का साथी बन जाता है तो वह आईपीसी की धारा 498 (ए) के तहत 'पति' नहीं कहलाएगा।" आरोप यह था कि याचिकाकर्ता ने मार्च 2023 से अगस्त 2023 तक महिला को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया, जबकि वे लिव-इन रिलेशनशिप में थे। कोर्ट ने कहा कि धारा 498ए के तहत अपराध का मुकदमा चलाने के लिए जरूरी है कि क्रूरता का अपराध पति या पति के रिश्तेदारों द्वारा किया गया हो।

इसमें कहा गया कि एक पुरुष जो कानूनी विवाह के बिना महिला का साथी था उस पर धारा 498ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

# नामी कंपनियों के मसालों व मिर्च पाउडर में मिलावट

-आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** यदि आप बाजार से नामी कंपनियों के मसाला व मिर्च पाउडर के पैकेट खरीद कर उपयोग कर रहे हैं, तो सतर्क हो जाइए। खाद्य सुरक्षा विभाग ने हांगकांग के लैब की जांच में नामी कंपनियों के मसालों में कीटनाशक एथिलीन मिलने के मामले के बाद सरकार के आदेश पर कई जगह विशेष जांच अभियान चलाया है। ऐसे ही एक जांच अभियान में गाजियाबाद में लिए गए मसालों के सैंपल की रिपोर्ट में मिर्च में कीटनाशक की मात्रा मिली है। विभाग ने विभिन्न स्थानों के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से सीधे सैंपल एकत्र किए थे, जिनकी जांच हैदराबाद के तेलंगाना लैब में कराई गई थी। 18 सैंपल में से सात सैंपल की रिपोर्ट मिली है, जिसमें से सातों मिर्च के सैंपल में यह कीटनाशक पाया गया है। इस अभियान में लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर सहित शहरी क्षेत्र में जहां मसालों का उत्पादन किया जाता है, वहां से सैंपल एकत्र किए थे। 18 सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए थे, जिसमें से सात सैंपल की रिपोर्ट सेहत के लिए असुरक्षित पाई गई है। यह सातों सैंपल मिर्च पाउडर के हैं। इसमें पैकेट बंद और खुले सभी प्रकार के मसालों के सैंपल शामिल थे। सैंपल की जांच रिपोर्ट में एथिलीन नहीं पाया गया है, लेकिन अन्य कीटनाशक की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। वाद दायर करने के लिए रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। इस रिपोर्ट को आयुक्त खाद्य सुरक्षा को भेज दिया जाएगा। उनकी स्वीकृति के बाद एसीजीएम-प्रथम कोर्ट में वाद दायर होगा। दोष साबित होने के बाद दोषियों के लिए तीन महीने की सजा और तीन लाख के जुर्माने का प्रावधान है। इससे पहले हल्दी और मिर्च पाउडर में रंग की मिलावट पाई है।

सांसद सौगत रॉय को धमकी का आरोप

# पार्टी नेता जयंत सिंह की रिहाई नहीं हुई तो जान से मार देंगे

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद और वरिष्ठ नेता सौगत रॉय ने गुरुवार को दावा किया कि उन्हें जयंत सिंह की रिहाई को लेकर धमकी भरे कॉल आए हैं। लोकसभा सांसद सौगत रॉय ने कहा कि स्थानीय तृणमूल नेता जयंत सिंह की रिहाई का प्रबंध न करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई है। जयंत सिंह उत्तर 24 परगना के अरियादाहा इलाके के टीएमसी नेता है। पुलिस ने उन्हें पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार, जयंत सिंह को भीड़ द्वारा की गई हिंसा का मुख्य संदिग्ध बनाया गया है। सौगत रॉय ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा, "मेरे मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने पहले तो अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और फिर मुझे धमकी दी कि अगर मैंने पार्टी नेता जयंत सिंह की रिहाई का प्रबंध नहीं किया तो वह मुझे जान से मार देगा। मुझे दो बार कॉल आई। सांसद ने बताया कि उन्होंने बैरकपुर पुलिस आयुक्तालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से अपील की है कि वे उनके द्वारा दिए गए नंबर से कॉल करने वाले की पहचान करें। सौगत रॉय सत्तारूढ़ पार्टी के दूसरे नेता हैं जिन्हें सिंह की गिरफ्तारी के मामले में जान से मारने की धमकी मिली है। मदन मित्रा ने बुधवार को कहा था, "मुझे डर है कि मुझे कभी भी गोली मार दी जा सकती है। मैं इस मामले में पुलिस के खिलाफ मुखर रहा हूं। यह संभव है कि पुलिस असामाजिक तत्वों से यह कहे कि मदन मित्रा के दबाव के कारण उन्हें कार्रवाई करने पर मजबूर होना पड़ा। यह पुराना खेल है।

### मोदी सरकार ने आंध्र प्रदेश को दी 60,000 करोड़ रुपये की सौगात

**नई दिल्ली।** 8वीं लोकसभा का चुनाव जीतने के बाद सत्ता के गलियारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिठाने वाले दो प्रमुख दलों में से एक की बात कुछ हद तक मान ली गई है। हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले थे। मुलाकात को महज 5 दिन ही बीते थे और आज खबर आ रही है कि मोदी सरकार ने आंध्र प्रदेश में 60,000 करोड़ रुपये के निवेश के लिए मंजूरी दे दी है। यह खबर ऐसे समय आई है जब एनडीए के दोनों प्रमुख घटक दल यानी जेडीयू और टीडीपी अपने-अपने प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की कोशिश में हैं। वहीं, केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में ऑयल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब बनाने के लिए 60,000 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है।

# पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर छा गए नेहमर

एजेंसी

**वियना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस और ऑस्ट्रिया का दौरा समाप्त कर स्वदेश लौट आए हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी दूसरी विदेश यात्रा थी। इससे पहले वह जी7 समिट में हिस्सा लेने के लिए इटली गए थे। रूस से लेकर ऑस्ट्रिया तक अपने दौरे के क्रम में पीएम मोदी अपने संबोधन में इस बात पर जोर देते नजर आए कि यह युद्ध का नहीं, बल्कि शांति का समय है। रूस के बाद प्रधानमंत्री ऑस्ट्रिया पहुंचे थे। जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। दोनों ही यूरोपीय देशों में प्रधानमंत्री का रेड कारपेट वेलकम किया गया। ऑस्ट्रिया के विदेश मंत्री अलेक्जेंडर शालेनबर्ग खुद उन्हें लेने एयरपोर्ट पहुंचे।



बता दें कि ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर से भी पीएम मोदी की मुलाकात हुई। नेहमर पीएम मोदी की यात्रा से पहले ही उनसे मिलने को बेचैन नजर आए थे। सोशल मीडिया पर उन्होंने इसको लेकर पोस्ट भी डाला था।

### पीएम मोदी की सेल्फी ने हंगामा मचा दिया

ऐसे में पीएम मोदी से जब कार्ल नेहमर की मुलाकात हुई तो नेहमर ने उनके साथ सेल्फी ली जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। ऐसे में दुनिया के देशों में पीएम मोदी का दम तो दिखा ही आभासी दुनिया में भी कार्ल नेहमर और पीएम मोदी की सेल्फी ने हंगामा मचा दिया। पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रियाई चांसलर नेहमर द्वारा ली गई सेल्फी वाली तस्वीर ने सोशल मीडिया पर ऐसा हंगामा मचाया कि कार्ल नेहमर के इस तस्वीर वाली ट्वीट को 3,500 रीट्वीट, लगभग 36,000 लाइक और 1.3 मिलियन से अधिक बार देखा गया।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** आखिर लैंगिक अध्ययन क्या है? लैंगिक अध्ययन एक विशाल और विषय विषय है जिसे स्त्री, पुरुष और एलजीबीटी पहचान पर केंद्रित सोशियोलॉजी का एक उप-विषय भी माना जाता है। इसका उद्देश्य जातियता कामुकता, वर्ग और राष्ट्रीयता में लिंग पहचान और प्रतिनिधित्व का विश्लेषण करना है। इसमें महिलाओं का अध्ययन, नारीवादी दृष्टिकोण, राजनीति आदि शामिल हैं।

# लैंगिक अध्ययन की पढ़ाई कर बना सकते है अपना करियर

### इन विषयों पर आप का अध्ययन कर सकते हैं

- जेंडर एंड टेक्नोलॉजी
- इंट्रोडक्शन टू वूमन एंड जेंडर स्टडीज
- कल्चर, रेस एंड आइडेंटिटी
- वूमन एंड वॉर
- जेंडर, पॉवर, लीडरशिप एंड द वर्कप्लेस
- चेंजिंग लाइफः रीडिंग द इंटरसेक्शन ऑफ जेंडर, रेस, बायोलॉजी एंड लिटरेचर
- इंटरनेशनल विमेंस वॉइस
- जेंडर एंड मीडिया
- पॉपुलर कल्चर एंड नैरेटिवः लिटरेचर, कॉमिक्स एंड कल्चर

### लैंगिक अध्ययन के प्रमुख विषय

- लिंग अध्ययन का परिचय
- महिला के विरुद्ध क्रूरता
- युवाओं को समझना
- लिंग और समाज
- लिंग और विकासः दृष्टिकोण और रणनीतियाँ
- अनुसंधान क्रियाविधि
- नारीवादी आंदोलन नारीवादी सिद्धांत
- लिंग और अर्थव्यवस्था
- नारीवादी अनुसंधान पद्धति
- युवा विकास के लिए सकारात्मक मनोविज्ञान
- लिंग और स्वास्थ्य
- लिंग, पर्यावरण और आजीविका
- लिंग और गरीबी
- लिंग और मीडिया



### मास्टर्स कोर्सेज

- एमए इन जीएस
- मास्टर ऑप जेंडर स्टडीज
- एमए विमेंस एंड जेंडर स्टडी
- एमए इन जेंडर एंड मीडिया
- एमए इन जेंडर एंड विमेंस स्टडी एंड
- एमए इन जेंडर एंड कल्चक
- एमए इन विमेंस स्टडी
- मास्टर ऑफ फिलोसफी

### बैचलर्स कोर्सेज

- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर विमेन स्डडिज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन सोशियोलोजी जेंडर वर्क एंड फैमली
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर रेस एंड आईडेंचटिटी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन विमेन जेंडर एंड सेक्सएलिटी स्टडी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन हेल्थ एंड सोसाइटिज
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन सोशियोलोजी जेंडर एंड सोसाइटी
- बैचलर ऑप साइंस इन साइकोलोजी विमेस स्टडी
- बैचलर ऑफ आर्ट्स इन जेंडर विमेन एंड सेक्सएलेटी

### लैंगिक अध्ययन के लिए भारत के टॉप विश्वविद्यालय

- हिंदू कॉलेज, दिल्ली
- प्रेसीडेंसी कॉलेज, चेन्नई
- लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन, दिल्ली
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, कोलकाता
- गार्गी कॉलेज, दिल्ली
- रामजस कॉलेज, दिल्ली
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़
- प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय, कोलकाता
- लेडी ब्रेबोर्न कॉलेज, कोलकाता
- उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद